सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 14 नम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 308, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स ने लगाया 984 अंक का गोता

स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 984 अंक का गोता लगाकर चार महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। } 14

## गांवों व पंचायतों के सशक्तीकरण से होगी भारत की प्रगति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत तभी प्रगति करेगा जब उसके गांव और पंचायतें सशक्त होंगी क्योंकि देश के करीब 70 से 80 प्रतिशत लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। } 16



# देश सेवा और जन कल्याण के लिए भाजपा प्रतिबद्ध

### प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में किया 12,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

एजेंसी

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र में उनकी सरकार और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार मिलकर इस प्रदेश के हर सपने को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं।

उन्होंने यहां यह भी कहा कि नीतीश कुमार बिहार में सुशासन लाए और जंगलराज को समाप्त किया। मोदी ने दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने के बाद कहा, दिल्ली में केंद्र में मेरी सरकार और यहां बिहार में नीतीश जी की सरकार मिलकर बिहार के हर सपने को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। हमारी विकास और जन कल्याण योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ बिहार के लोगों को मिले, यही हमारा प्रयास ...शेष पृष्ठ 14 पर



बिहार में परियोजनाओं का लोकार्पण वि शिलान्यास करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# महिला, युवा व गरीब कांग्रेस के एजेंडे में नहीं : योगी

विशेष संवाददाता

वाशिम/थाणे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महाराष्ट्र के वाशिम और थाणे में महाअघाड़ी गबंधन पर जमकर निशाना साधा। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' बनाने वाली भाजपा के लिए मतदाताओं से समर्थन मांगते हुए उन्होंने न केवल महायुति व महाअघाड़ी गठबंधन के फर्क को बताया बल्कि यह भी कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना-शिंदे गुट, एनसीपी- अजीत पवार गुट) मिलकर महाराष्ट्र के विकास के लिए कार्य कर रहा है, जबकि महाअघाड़ी के पास ऐसी गाड़ी है, जिसमें स्टेयरिंग नहीं है। उस गाड़ी के टायर भी गायब हो गए हैं। ड्राइविंग सीट पर बैठने के लिए आपस में छीनाझपटी हो रही है। कांग्रेस के नेतृत्व में ...शेष पृष्ठ 14 पर



महाराष्ट्र में चुनावी रैली के दौरान धनुष-बाण चलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### सिर्फ आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर घर गिराना परिवार को सामूहिक दंड के समान

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने हाल में चलन में आए बुलडोजर न्याय की तुलना अराजकता की स्थिति से की और देशभर के लिए दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि कारण बताओ नोटिस दिए बिना किसी भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाए तथा प्रभावितों को जवाब देने के लिए 15 दिन का वक्त दिया जाना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि प्राधिकारी उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना नागरिकों की संपत्ति को ध्वस्त करके उन्हें दंडित नहीं कर सकते। न्यायालय ने ऐसी ज्यादतियों को मनमाना करार दिया और कहा कि इससे सख्ती से निपटे जाने की जरूरत है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक इमारत को बुलडोजर से ध्वस्त करने और महिलाओं, बच्चों तथा वृद्ध व्यक्तियों को रातों-रात बेघर कर देने के दृश्य को भयावह करार दिया। पीठ ने अपने 95 पृष्ठ के फैसले में कहा यदि प्राधिकारी न्यायाधीश की तरह काम करते हैं और किसी नागरिक पर इस आधार पर मकान ढहाने का दंड लगाते है कि वह एक आरोपी है तो यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन है। इसमें कहा गया है, जब प्राधिकारी नैसर्गिक न्याय के मूल सिद्धांतों का पालन करने में विफल रहते हैं और वाजिब प्रक्रिया के सिद्धांत का पालन किए बिना काम करते हैं, तो बुलडोजर द्वारा इमारत को ध्वस्त करने का भयावह दृश्य एक अराजक स्थिति की याद दिलाता है, जहां ताकतवर ही जीतेगा। पीठ ने कहा कि इस तरह की मनमानी कार्वाइयों के लिए संविधान में कोई जगह नहीं है, जो कानून के शासन की बुनियाद पर टिका हुआ है। पीठ ने कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि उसके निर्देश ...शेष पृष्ठ 14 पर





उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख अजय राय ने कहा, हम उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हैं। उम्मीद है कि इस निर्णय से उत्तर प्रदेश में जंगलराज का अंत होगा। इस निर्णय से आमजन को राहत मिलेगी। - अजय राय (कांग्रेस)



शीर्ष अदालत ने बुलडोजर को हमेशा के लिए गैराज में खड़ा कर दिया। बुलडोजर कार्रवाई के नाम पर गरीबों के घर तोड़े जा रहे थे। अयोध्या में जिस तरह से बुलडोजर चलाए गए, उसी के कारण लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार हुई। - अखिलेश यादव (सपा)



अदालत के आदेश का अनुपालन किया जाएगा। यदि कोई भी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार कभी किसी की निजी संपत्ति को ध्वस्त नहीं करती। बुलडोजर सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जे पर चलता है। - ओपी राजभर (मंत्री)



पीएम मोदी ने पूर्व में बुलडोजर राज का महिमामंडन किया था, जिसे शीर्ष अदालत ने अराजकता की स्थिति करार दिया है। इसका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा इसे लागू किये जाने योग्य दिशा-निर्देश हैं। उम्मीद है कि वे राज्य सरकारों को मुसलमानों व हाशिए पर मौजूद अन्य समूहों को सामूहिक रूप से दंडित करने से रोकेंगे। - असदुद्दीन ओवैसी

## अनुकंपा नियुक्ति निहित अधिकार नहीं : कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एक व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति सरकारी नौकरी पाने का कोई निहित अधिकार नहीं है, क्योंकि यह सेवा के दौरान मरने वाले कर्मचारी की सेवा की शर्त नहीं है।

न्यायालय ने उस व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी, जिसके पुलिस कांस्टेबल पिता की 1997 में ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो गई थी, जब याचिकाकर्ता की आयु सात वर्ष थी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राज्य को किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के पक्ष में संबंधित नीति के विपरीत कोई अवैधता जारी रखने के लिए कहने वाला कोई निर्देश जारी नहीं किया जा सकता है। पीठ के लिए फैसला लिखते हुए न्यायमूर्ति मसीह ने कहा कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियां परिवार के सदस्य की मृत्यु के समय उत्पन्न तात्कालिक वित्तीय संकट को दूर करने के लिए की जाती हैं तथा यह कोई निहित अधिकार नहीं है, जिसका दावा लंबी अवधि बीत जाने के बाद किया जा सके।

## संक्षेप

### यूपी उच्च न्यायिक सेवा में सीधी भर्ती की परीक्षा टली

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा 2023 में सीधी भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से टाल दी गई है। यह परीक्षा आठ दिसंबर, 2024 को प्रस्तावित थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के महानिबंधक की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा 2023 में सीधी भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से टाल दी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अभ्यर्थी इस संबंध में नोटिस के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की वेबसाइट देख सकते हैं।

### दिल्ली : पहली बार एक्यूआई 400 पार

नई दिल्ली। दल्ली-एनसीआर में इस सीजन में पहली बार स्मॉग की मोटी चादर छाई रही। सफदरजंग और पालम एयरपोर्ट समेत दिल्ली के ज्यादातर इलाकों की बुधवार तड़के दृश्यता शून्य दर्ज की गई। वहीं, प्रदूषण का स्तर भी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। इससे जमीन से आसमान तक की आवाजाही बेपटरी हुई। करीब 10 फ्लाइट दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। जबकि बड़ी संख्या में हवाई सेवाओं को शिड्यूल भी बिगड़ा। दूसरी तरफ 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चली।

### शिक्षिका को बिश्नोई गैंग से मिली धमकी

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में एक नृत्य शिक्षिका ने कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक कथित सदस्य द्वारा दुष्कर्म और जान से मारने की धमकियां दिये जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सतेंद्र भूषण तिवारी ने बुधवार को बताया कि शिक्षिका ने मुकदमे में आरोप लगाया है कि खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताने वाले एक व्यक्ति ने उसे फोन पर धमकाया।

# महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य

### ग्रामीण उद्यमियों की सभी समस्याओं का समाधान निकालेगी सरकार : धामी

प्रमुख संवाददाता

चमोली (उत्तराखंड)। उत्तराखन्ड सरकार वर्ष 2025 तक डेढ़ लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। इस हेतु सरकार सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के मंत्र पर चल रही है।

उक्त उद्गार ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन होना अपने आप में ऐतिहासिक अवसर है। सरकार कार्यशाला में प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से अमल करते हुए, ग्रामीण उद्यमियों के सामने आने वाली सभी समस्याओं का समाधान निकालेगी। विगत तीन साल के दौरान स्वरोजगार के क्षेत्र में कई काम हुए हैं। किसी भी काम के शुरूआत में कठिनाई तो आती ही है, लेकिन अब महिलाएं और युवा स्वरोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने लगे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं के चलते अब तक प्रदेश में एक लाख से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उन्होंने बचपन में अपनी मां को काम करते हुए देखा है, इसलिए उन्हें पता है कि माता और बहनों को क्या -क्या कठिनाईयां पेश आती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महिलाएं स्वयं सहायता समूहों या निजी प्रयासों से शानदार उत्पाद तैयार कर रही है, जिसकी मांग पूरी दुनिया में है। सरकार सरस मेला, हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के जरिए उन्हें विपणण की सुविधा प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए विशेष तौर पर प्रयास कर रही है। महिला समूहों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपए का लोन दिया जा ...शेष पृष्ठ 14 पर



## बीएसएफ आतंकी घुसपैठ रोकने के लिए सतर्क : आईजी बूरा

राजौरी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक डी. के. बूरा ने बुधवार को कहा कि आतंकवादियों की संभावित घुसपैठ को रोकने के लिए बल पूरी तरह सतर्क हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

बूरा ने पाकिस्तान के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर आतंकी ठिकानों की मौजूदगी और वहां बढ़ती गतिविधियों को लेकर सामने आई खुफिया रिपोर्ट को लेकर पूछे सवाल पर कहा कि यदि आतंकवादी घुसपैठ करने में कामयाब भी जाते हैं तो उन्हें अंदरूनी इलाकों में पहुंचने से पहले ही ठिकाने लगाने के उपाय मौजूद हैं। बूरा, बीएसएफ की पश्चिमी कमान ...शेष पृष्ठ 14 पर

# झारखण्ड में 65.27 प्रतिशत मतदान

### पहले चरण में 43 सीट के लिए पड़े वोट, 683 प्रत्याशी मैदान में

एजेंसी

रांची झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान बुधवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। पहले दौर में प्रदेश के 15 जिलों की 43 विधानसभा सीटों पर शाम 5 बजे तक वोटिंग कराई गई। शाम साढ़े सात बजे तक के आंकड़े के अनुसार 43 सीटों पर 65.27% मतदान दर्ज किया गया है। पहले चरण में बुधवार को जहां चुनाव हुआ है, वहां 2019 में 63.75% मतदान हुआ था। यानी शुरूआती आंकड़े से ही पता चल रहा है कि पहले चरण की इन 43 सीटों पर 2019 के मुकाबले एक फीसदी से अधिक मतदान हुआ है।

चुनाव आयोग की तरफ से अंतिम आंकड़े जारी होने पर मतदान प्रतिशत और ज्यादा हो सकता है। पहले चरण के मतदान के साथ ही इस चरण में उतरे सभी 683 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास की बहू पूर्णिमा दास जैसै चर्चित चेहरों के सियासी भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। पहले दौर में कुल 43 सीटों में से सबसे ज्यादा छह सीटें पूर्वी सिंहभूम जिले में रहीं। इसके बाद पलामू, पश्चिमी ...शेष पृष्ठ 14 पर





आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- अयोध्या का डंका, 15 दिन में पांच नये कीर्तिमान (पृष्ठ-02)
- इजरायल, अमेरिका व फ्रांस के दिग्गज करेंगे गंगा आरती (पृष्ठ-02)
- आपूर्ति क्षमता में विस्तार से घटेगी महंगाई (पृष्ठ-14)
- डिजिटल क्रांति की अगुवाई कर रहा भारत: पात्रा (पृष्ठ-14)
- तुर्किये उत्पादों की पहली खेप आयेगी भारत (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — वर्टिकल फार्मिंग का भी किया उपयोग, 7 से 10 लाख तक पूंजी लगाकर शुरू की खेती

# एयरोपोनिक से लखनऊ में पैदा किया कश्मीर का केसर

एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के हेमंत श्रीवास्तव ने एक अनूठे प्रयास के तहत यहां केसर पैदा करने में सफलता हासिल की है। हालांकि, केसर कश्मीर की ठंडी जलवायु और अनूठी मृदा स्थितियों में ही पैदा हो सकता है। हेमंत ने इसे एयरोपोनिक तकनीक से पैदा किया है, जिसमें मिट्टी की कोई जरूरत नहीं होती।

पारंपरिक तौर पर केसर की खेती के लिए ठंडे तापमान और खास तरह की मिट्टी की जरूरत होती है जिसकी वजह से कश्मीर से बाहर इसकी खेती करना कठिन है। लेकिन 38 वर्षीय हेमंत श्रीवास्तव ने इसके लिए नियंत्रित इंडोर वातावरण का उपयोग किया। अमेरिका की एक अग्रणी कंपनी में मोटे पैकेज पर काम कर चुके श्रीवास्तव हाल ही में यहां गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित अपने घर वापस लौटे और केसर की खेती में लग गए। उन्होंने बताया, अमेरिका में नौकरी छोड़कर वापस आने के बाद मैं कुछ अनोखा करना चाहता था। एक ऑनलाइन वीडियो देखकर मुझे केसर की खेती करने का विचार आया। मैंने महसूस किया कि लखनऊमें बहुत उपयुक्त भूमि नहीं थी।

मैंने घर पर इसकी कोशिश करने का मन बनाया। उन्होंने कहा मैं कश्मीर गया और वहां के स्थानीय किसानों से मिला और उनकी पद्धति के बारे में सीखा। इससे मुझे विश्वास हुआ कि यहां लखनऊमें एक नियंत्रित व्यवस्था में मैं इसके लिए प्रयास कर सकता हूं। एयरोपोनिक पद्धति का उपयोग कर श्रीवास्तव ने एक वातानुकूलित हॉल में केसर पैदा किया जहां बिना मिट्टी के इसके पौधे उग रहे हैं। एयरोपोनिक एक हाईटेक प्रक्रिया है जिसमें पौधे हवा में रहते हैं और इनकी जड़ों को एक नियंत्रित व्यवस्था में पोषक तत्व प्रदान किए जाते हैं।



# भूमि की पैमाइश में लापरवाही, एक आईएएस व तीन पीसीएस निलंबित

विशेष संवाददाता

लखीमपुर। प्रदेश सरकार ने लखीमपुर खीरी में खेत की पैमाइश लटकाए रखने पर एक आईएएस और तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वर्तमान में वे अलग-अलग जिलों में तैनात थे। इन तीनों अधिकारियों को राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया गया है।

❍ योगी सरकार ने लिया सख्त फैसला

शासन ने आईएएस अधिकारी व अपर आयुक्त लखनऊ मंडल धनश्याम सिंह को निलंबित कर दिया है। पीसीएस अधिकारियों में बाराबंकी के एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, झांसी के नगर मजिस्ट्रेट विधेश सिंह, बुलंदशहर की एसडीएम रेनु को निलंबित किया गया है। इन चारों अधिकारियों ने लखीमपुर खीरी में अपनी तैनाती के दौरान पैमाइश के मामलों में टालमटोल की। यहां बता दें कि लखीमपुर खीरी के सदर भाजपा विधायक योगेश वर्मा का 24 अक्तूबर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह स्कूटी पर बैठकर कलक्ट्रेट परिसर गए और बीच सड़क पर एसडीएम से लेकर कानूनगो की शिकायत करते हुए नजर आए। इस वीडियो में विधायक कह रहे थे कि सेवानिवृत्त शिक्षक विश्वेश्वर दयाल की भूमि की पैमाइश के लिए घूस में 5000 रुपये ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अयोध्या का डंका, 15 दिन में बने पांच नये कीर्तिमान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/अयोध्या।** श्रीराम की नगरी अयोध्या कीर्तिमानों का भी एक रिकॉर्ड गढ़ रही है। अब तक यहां 15 दिन में दीपोत्सव से लेकर परिक्रमा तक में पांच रिकार्ड बन चुके हैं। अब छठवां रिकार्ड कार्तिक पूर्णिमा के मेले पर बनाकर अयोध्या कीर्तिमान का

- **28 से अक्टूबर से लगी है रिकार्ड बनाने की झड़ी**
- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को मिला ताज**
- **साधु-संतों से लेकर श्रद्धालुओं तक ने की हैं व्यवस्थाओं की तारीफ**

सिक्सर लगा सकता है। इसे लेकर पूरी अयोध्या नगरी में हर्ष का माहौल है। राममय वातावरण में साधु संतों से लेकर आम जन व श्रद्धालु भी इसका श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकार को दे रहे हैं।

राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर निर्माण की शिला रखी, उसके बाद मानो देश-विदेश में अयोध्या का डंका बजने लग गया। दीपोत्सव तो प्रदेश में योगी सरकार के आते ही शुरू हो गया था, लेकिन मंदिर निर्माण शुरू होने के बाद इसे और भी भव्य तरीके से मनाया जाने लगा। भव्य मंदिर में बाल रूप में श्रीराम के विराजमान होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में ऐतिहासिक दीपोत्सव मनाने का ऐलान कर दिया। यहां सरयू तट पर पांच दिन के भीतर ही तीन रिकार्ड बन गए। दो रिकार्ड सरयू आरती और दीपोत्सव के दीपों के मुख्यमंत्री खुद ही साक्षी थे।

**पहला रिकार्ड- 72 घंटे में बिछा दिए 28 लाख दीप :** अयोध्या में राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों को प्रज्वलित कर रिकार्ड बनाने का सीएम ने ऐलान किया था। इसे देखते हुए हर बार की तरह इस बार भी डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने वालंटियर लगाए थे। 35 हजार वालंटियर में स्कूल-कालेज के अलावा स्वयं सेवी संस्थाओं से जुड़े



लोग भी शामिल रहे। 27 अक्टूबर से 55 घाटों पर दीये बिछाने का क्रम शुरू हुआ। महज 72 घंटे के अंदर ही स्वयंसेवकों ने दीये सजाकर नया रिकॉर्ड अयोध्या की झोली में डाल दिया।

**दूसरा रिकार्ड- एक साथ 1100 बटुकों के सरयू आरती का :** 30 अक्टूबर की शाम को सरयू नदी के किनारे एक नया रिकॉर्ड बना। वह था सरयू मां की आरती का। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से अयोध्या के प्रमुख साधु-संतों और 1100 बटुकों का नाम आरती करने की सूची में शामिल किया था। तीन दिन तक आरती का ट्रायल भी किया गया था। दीपोत्सव वाले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामकथा पार्क से सरयू आरती स्थल पहुंचे। यहां न सिर्फ उन्होंने आरती की बल्कि 1100 बटुकों ने एक ही रंग के वस्त्र धारण कर मां सरयू की आराधना की। 15 मिनट तक चलने वाली आरती के दौरान एक और नया रिकॉर्ड बन गया।

**तीसरा रिकार्ड- राम की पैड़ी समेत 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित :** वालंटियर की तीन दिन की कड़ी परीक्षा के बाद जब घड़ी आई मुख्य रिकार्ड बनाने की तो उसमें भी वे पीछे नहीं रहे। 30 अक्टूबर की सुबह से ही दीयों में तेल और बाती डालने का काम शुरू कर दिया। शाम को 6 बजे के बाद जब दीप जलाने का कार्य शुरू हुआ। लगभग सवा घंटे में ही सारे दीप जला दिए गए। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड की टीम के काउंटिंग करने के बाद अयोध्या को 25 लाख 12 हजार 585 दीप जलाने एक और नया रिकॉर्ड बनाने का सर्टिफिकेट मिल गया।

**चौथा रिकार्ड- 35 लाख श्रद्धालुओं ने की 14 कोसी परिक्रमा :** रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद अब रिकार्ड बनाने की बारी श्रद्धालुओं की थी, सो उन्होंने कर दिखाया। कार्तिक परिक्रमा मेले से पहले ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच गए। 9 नवम्बर की शाम साढ़े 6 बजे परिक्रमा उठाने का मुहूर्त था, लेकिन उससे पहले ही श्रद्धालुओं में आस्था इस कदर बढ़ गई की उन्होंने मुहूर्त से पहले ही परिक्रमा शुरू कर दी। 24 घंटे चलने वाली परिक्रमा में रात के समय ऐसी भीड़ पहुंची की जिला प्रशासन भी देखकर दंग रह गया। दूसरे दिन परिक्रमा का समापन दोपहर बाद 4:44 पर हुआ। 35 लाख श्रद्धालुओं के परिक्रमा करने का अनुमान लगाया गया है, जो पिछले कई वर्षों के मुकाबले कहीं अधिक रहा।

**पांचवां रिकार्ड- 25 लाख श्रद्धालुओं के पंचकोसी परिक्रमा का अनुमान :** 14 कोसी परिक्रमा के बाद अब बारी थी जिले वासियों की। माना जाता है कि 14 कोसी में बाहरी श्रद्धालु अधिक रहते हैं। पंचकोसी में शहरी अधिक शामिल होते हैं। 11 नवम्बर को दोपहर पौने दो बजे के करीब के मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने परिक्रमा उठाई। रात भर मार्ग पर पर मेले जैसा माहौल रहा। सड़क के किनारे व्यापारियों की भी चांदी रही। दूसरे दिन सुबह 11 बजे के बाद परिक्रमा का समापन हुआ। एक अनुमान के मुताबिक 20 से 25 लाख श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर पुण्य अर्जित किया है। बताया जाता है कुछ परिक्रमार्थी ऐसे भी थे जिन्होंने 14 कोस की परिक्रमा करने के बाद पंचकोसी परिक्रमा भी की है।

**छठवां रिकार्ड (प्रस्तावित)- कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए भी पहुंच सकते हैं लाखों श्रद्धालु :** अयोध्या में 15 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान रहेगा। अब तक हुए मेले को देखते हुए जिला प्रशासन ने काफी प्रबंध कर रखे हैं। घाटों पर जल पुलिस व गोताखोरों को तैनात किया गया है। स्नान को ध्यान में रखते हुए चेंजिंग रूम भी बनवाये गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी बड़ी तैयारी की गई है। इसमें पक्का घाट पर आठ बेड का अस्थाई अस्पताल बनाया गया है। 12 जगह पर अस्थाई स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। 15 स्थानों पर एम्बुलेंस तैनात की गई है। मेडिकल कॉलेज, जिला व श्रीराम अस्पताल मिलाकर 50 बेड रिजर्व कराया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन कैमरों से संदिग्धों पर नजर रखी जायेगी। महिला व पुरुष कर्मियों के अलावा जगह-जगह सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

## भारत के जवानों संग इजरायल, अमेरिका और फ्रांस के दिग्गज करेंगे गंगा आरती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकुंभ की नव्यता, दिव्यता और भव्यता का एहसास कराने की तैयारी में

- **सेना के बड़े अधिकारी और दुनिया के नामचीन संत गंगा आरती में होंगे शामिल**
- **भारत के सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों के संतों का महाकुंभ में होगा अविस्मरणीय स्वागत**
- **देश के सबसे बड़े राज्य के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मिलने को लालायित हैं विदेशी अतिथि**

जुटी है। वहीं दुनिया के विशिष्ट लोग भी महाकुंभ में सम्मिलित होने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने को लालायित हैं। महाकुंभ के दौरान पहली बार इजरायल, अमेरिका और फ्रांस समेत तमाम देशों के दिग्गज गंगा आरती में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। उनके साथ सेना के जवान भी शामिल



होंगे।

**देश के विशिष्ट संतों का होगा सम्मान :** हरिहर गंगा आरती समिति रामघाट प्रयागराज के अध्यक्ष सुरेश चन्द्रा ने बताया कि काशी के तर्ज पर प्रयागराज में वर्ष 1997 में गंगा आरती की शुरूआत की गई। जिसके बाद से लेकर आज तक यह क्रम अनवरत जारी है। इसी के तहत, महाकुंभ के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही देश के कोने-कोने से आ रहे विशिष्ट संतों का सम्मान करने की योजना बनाई गई है। भारत के सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों के संतों का एक साथ महाकुंभ के महा आयोजन में शामिल होना अविस्मरणीय होगा।

**गंगा आरती में शामिल होंगे विदेशी मेहमान :** भारत के सबसे बड़े राज्य के मुखिया योगी आदित्यनाथ के प्रति विश्व के ताकतवर देशों के लोगों में क्रेज लगातार बढ़ रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत के जवानों के साथ इजरायल, अमेरिका, फ्रांस, वियतनाम, इटली, कनाडा और म्यांमार के नामी लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने भारत आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी विदेशी मेहमान यहां की प्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल होंगे। उनके साथ भारतीय सेना के बड़े अधिकारी भी रहेंगे। ये सभी हरिहर गंगा आरती समिति के मेहमान होंगे।

## यादव मतदाताओं के समीकरणों में सास-बहू की जोड़ी ने मचायी हलचल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** करहल विधानसभा क्षेत्र के चुनावी रण में यादव मतदाताओं का समर्थन पाने को घमासान मचा हुआ है। भाजपा ने सैफई परिवार के रिश्तेदार अनुजेश यादव को प्रत्याशी बनाकर सेंधमारी का दांव चला है। अनुजेश की पत्नी संध्या यादव, सपा सासंद धर्मेंद्र यादव की बहन हैं और वह प्रचार में उतरी

- **करहल विस : सैफई परिवार भी बेचैन, भाजपा ने चला सेंधमारी का दांव**

हुई हैं। उनके साथ संध्या की सास पूर्व विधायक उर्मिला यादव भी गांव-गांव वोटों के लिए पसीना बहा रही हैं। सास-बहू की जोड़ी ने यादव मतदाताओं के समीकरणों में हलचल मचा दी है। इससे सैफई परिवार भी बेचैन हो गया है।

भाजपा का सबसे ज्यादा जोर घिरोर और बरनाहल क्षेत्र में दिख रहा है। ऐसे में सपा ने भी अपनी ताकत इन्हीं क्षेत्रों में झोंक दी है। सैफई परिवार के सदस्य इन्हीं इलाकों में प्रचार कर रहे हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव भी अब घिरोर क्षेत्र में ही जनसभा करने आ रहे हैं। सपा का गढ़ कही जाने वाली करहल विधानसभा सीट पर यादव मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। यहां सवा लाख के करीब यादव मतदाता हैं। इस सीट पर 1985 के बाद से लगातार यादव चेहरों को ही जीत मिलती रही है। 2022 में सपा मुखिया अखिलेश यादव इस सीट से प्रत्याशी बने थे। अब उपचुनाव के लिए सपा ने अखिलेश यादव के



भतीजे पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव को मैदान में उतारा है।

दूसरी तरफ भाजपा ने इस बार रणनीति बदलते हुए यादव चेहरे के रूप में अनुजेश यादव को प्रत्याशी बनाया है। यादव चेहरा होने के साथ वह सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के बहनोई भी हैं। उनकी मां उर्मिला यादव दो बार घिरोर विधानसभा सीट से विधायक रह चुकी हैं। यह सीट 2007 के बाद परिसीमन में समाप्त हो गई थी और इसका ज्यादातर हिस्सा वर्तमान में करहल विधानसभा क्षेत्र में शामिल है। भाजपा इन सब बिंदुओं को ध्यान रख यादव मतों में सेंधमारी की कोशिश में जुट गई है। प्रत्याशी अनुजेश यादव और भाजपा नेता तो वोट मांग ही रहे हैं, सैफई परिवार की बेटी संध्या यादव और समधन उर्मिला यादव भी प्रचार में लगी हुई हैं।



सास-बहू के ज्यादातर कार्यक्रम घिरोर और बरनाहल क्षेत्र के यादव बहुल गांवों में लगाए जा रहे हैं। भाजपा इस बार सपा के गढ़ को ढहाने के दावों में जुटी हैं। भाजपा की इस रणनीति की काट के लिए सपा ने भी ताकत लगा दी है। दीवाली के बाद सपा सांसद डिंपल यादव और धर्मेंद्र यादव ने पांच दिन लगातार इन्हीं क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं की थीं। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव भी तीन सभाएं कर चुके हैं।

## कृषि मंत्री ने किया लखनऊ के विभिन्न खाद विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को खाद के भंडारण की स्थिति तथा किसानों को की जा रही आपूर्ति की स्थिति देखने के लिए जनपद के विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खाद विक्रय केंद्रों पर आए हुए किसानों से बातचीत की तथा अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने साधन सहकारी समिति मलौली गोसाईगंज लखनऊ तथा साधन सहकारी समिति शिवलर, गोसाईगंज में भंडारण की स्थिति तथा आपूर्ति की व्यवस्था को देखा। उन्होंने विभिन्न खाद विक्रय केंद्रों पर आए हुए किसानों से बातचीत की तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि खाद की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है इसलिए उन्हें आवश्यकता से अधिक भंडारण की जरूरत नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं निगरानी कर यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक किसान को आसानी से खाद मिल सके।

## कृषि क्षेत्र के विकास के लिए 6.71 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर के लिए प्राविधानित धनराशि 780 लाख में से अवशेष धनराशि 650.00 लाख के सापेक्ष द्वितीय किश्त रू0 216.66 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मोदीपुरम, मेरठ की स्थापना के लिए प्राविधानित धनराशि 700 के सापेक्ष अवशेष धनराशि 583.34 लाख में से द्वितीय किश्त के रूप में धनराशि 194.44 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके साथ ही कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से संचालित योजना के मद में धनराशि 700 के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में 194.44 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अन्तर्गत कृषि महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी को सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन) मद में प्राविधानित धनराशि 90 लाख के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में धनराशि 67.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## सीसामऊ में जबर्दस्ती चुनाव कराया जा रहा : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को कानपुर के सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने नसीम सोलंकी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

- **सपा प्रमुख ने सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में जनसभा को किया सम्बोधित**
- **भाजपा सरकार की नीतियों पर जमकर बरसे**

अखिलेश यादव ने कहा कि सीसामऊ का उपचुनाव विशेष परिस्थितियों में हो रहा है। जबरदस्ती चुनाव कराया जा रहा है। सरकार ने झूठे मुकदमे लगाकर विधायक इरफान सोलंकी पर कार्रवाई की। उसकी वजह से चुनाव में जाना पड़ा। हमें उम्मीद है



न्यायालय से विधायक को न्याय मिलेगा और वह जेल से छूटेंगे। सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी की रिकार्ड मतों से जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग उपचुनाव की तारीख आने के बाद घबराए हुए है। चुनाव टालने का प्रयास किया। चुनाव टालने वाले हारेंगे। भाजपा सौ फीसदी विधानसभा उपचुनाव हारेगी। भाजपा नौ की नौ सीटे हारेगी। यूपी में उपचुनाव तो हारेगी ही भाजपा महाराष्ट्र का विधान सभा चुनाव भी हारेगी। मुख्यमंत्री की कुर्सी छिन जाएगी। भाजपा ने पहले अयोध्या में मिल्कीपुर चुनाव टाला, क्योंकि सर्वे में वह चुनाव हार रहे है। उपचुनाव 13 तारीख को होना था, लेकिन हार के डर से टालकर 20 तारीख कर दिया।

अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री पीडीए के बारे में अनाप-शनाप बोल रहे है। पीडीए से मुख्यमंत्री के पेट में दर्द हो रहा है। जब से पीडीए का नारा चला है, ये घबराये घूम रहे हैं। भाजपा सरकार नौजवानों को नौकरी रोजगार नहीं दे रही है। प्रयागराज में हजारों नौजवान धरने पर बैठे हैं। सरकार एक साथ परीक्षा नहीं कराना चाहती है। जो लोग वन नेशन, वन इलेक्शन का नारा देते हैं वह एक साथ परीक्षा नहीं करा पा रहे है। यह पता नहीं कैसी परीक्षा कराना चाह रहे है। योगी सरकार उत्तर प्रदेश के लिए अनुपयोगी है। लोक सेवा आयोग नौकरी नहीं दे पा रहा है। भाजपा सरकार में लगातार पेपर लीक हो रहा है। नौजवान भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त है। भाजपा नौजवानों और उनके भविष्य को धोखा दे रही है।

## सपा ने कई थानाध्यक्ष हटाने की उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन को सपा प्रतिनिधिमंडल में बुधवार को केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह यादव ने सौंपा।

ज्ञापन सौंपकर मांग की गयी कि मिजार्पुर 397-मझवां विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में पुलिस थाना देहात के

- **मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सपा प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन**

पुलिस थानाध्यक्ष अजय सेठ, पुलिस थाना पडरी के पुलिस थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा, पुलिस थाना कछवा के पुलिस थानाध्यक्ष अंजनी राय को तत्काल प्रभाव से मिजार्पुर से बाहर स्थानान्तरित किया जाये, 29-कुंदरकी विधान सभा उप-निर्वाचन क्षेत्र में बीएलओ द्वारा शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराया जाय एवं रिटर्निंग आफिसर से अनुमति प्राप्त प्रचार वाहनों को प्रचार से रोकने वाले पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए, जिससे निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी, भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो। ज्ञापन में कहा गया है कि मुरादाबाद 29-कुंदरकी विधान सभा उपचुनाव क्षेत्र में भाजपा के इशारे पर सपा समर्थक मतदाताओं विशेषकर मुस्लिम व दलित आबादी में बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची नही बांटी जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान से 5 दिन पूर्व सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची बीएलओ द्वारा बांटना सुनिश्चित किया जाय। मतदाता सूची में निरंतर पुनरीक्षण व मतदेय स्थलों के सम्भाजन के कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं के बूथ व मतदाता क्रमांक बदल जाते है। मतदाताओं को बूथ संख्या व मतदाता क्रमांक की जानकारी नही प्राप्त होती जिससे लोग मतदान से वंचित हो जाते है।

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का बसपा ने किया स्वागत

**लखनऊ।** आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकारों बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्णय का बसपा सुप्रीमो मायावती ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि इससे बुलडोजर का छाया आतंक अब खत्म होगा। उन्होंने 'एक्स' पर बयान जारी कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर विध्वंसों से जुड़े आज के फैसले व इससे संबंधित कड़े दिशा-निर्देशो के बाद यह उम्मीद की जानी चाहिए कि यूपी व अन्य राज्य सरकारें जनहित व जनकल्याण का सही व सुचारू रूप से प्रबंधन करेंगी और बुलडोजर का छाया आतंक अब जरूर समाप्त होगा। सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर विध्वंसों से जुड़े बुधवार के फैसले के बाद यूपी व अन्य राज्य सरकारें जनहित व जनकल्याण का सही व सुचारू रूप से प्रबंधन करेंगी और बुलडोजर का छाया आतंक अब जरूर समाप्त होगा। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं बन सकती है। बिना प्रक्रिया आरोपी का घर तोड़ना असंवैधानिक है। यहां तक कि दोषी पाए जाने पर भी सजा के तौर पर उनकी संपत्ति नष्ट नहीं की जा सकती है। सुनवाई से पहले आरोपी को दंडित नहीं किया जा सकता है। अधिकारियों द्वारा पद का दुरुपयोग करने पर उन्हें दंडित किया जाएगा और घर तोड़ने पर संतुष्ट करना होगा कि यही एकमात्र न्याय का मार्ग है।

### निर्णय सरकार को तमाचा : चंद्रशेखर आजाद

**लखनऊ।** आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि ये भाजपा की उत्तर प्रदेश की सरकार को जोरदार तमाचा है कि बिना दोषी सिद्ध हुए या कोर्ट के निर्णय के आप किसी का घर नहीं गिरा सकते हैं... मैं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करता हूं।

## पलायन रोकथाम के लिए बनेगी अल्प, लघु और दीर्घकालिक योजनाएं : धामी

प्रमुख संवाददाता

**चमोली (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड राज्य में पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बेहद सार्थक पहल की। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के

- **गांवों में किया जा रहा है बुनियादी सुविधाओं का विकास, रोजगार के नये अवसर भी होंगे उपलब्ध : मुख्यमंत्री**
- **पहाड़ों से पलायन की रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री धामी ने की सार्थक पहल**
- **ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में की पलायन निवारण आयोग की बैठक**

विधानसभा परिसर भराडीसैंण में पलायन निवारण आयोग की अहम बैठक हुई। जिसमें पलायन के प्रमुख



कारणों पर चर्चा के साथ ही इसके निवारण हेतु बुनियादी जरूरतों को पूरा करने पर मंथन किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार पलायन की समस्या को लेकर गंभीर है और इसे रोकने के लिए कई योजनाओं पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आधारभूत ढांचे के विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से भी युवाओं स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में स्वरोजगार के क्षेत्र में विशेष फोकस किया गया है। इसको और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाने के लक्ष्य पर सरकार काम कर रही है। पलायन निवारण आयोग द्वारा दिए जा रहे सुझावों को अमल में लाने के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से ठोस कार्य योजना बनाई जा रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने हेतु प्रक्रिया का सरलीकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन को रोकने के लिए कई योजनाओं को लागू किया है। इसके तहत गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा देश विदेश के प्रवासियों को भी इस मुहीम से जोडने का प्रयास किया जा रहा है। पलायन निवारण के लिए प्रवासियों से भी अच्छे सुझाव मिले हैं, जिन्हें धरातल में उतारा जाएगा। बैठक में सदस्यों ने पलायन निवारण के लिए विभागीय सहयोग से अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य करने की बात रखी। पहाड़ों से हो रहे पलायन के प्रमुख कारणों पर चर्चा के दौरान बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पहाड़ों पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पलायन आयोग के उपाध्यक्ष एसएस नेगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## फील्ड निरीक्षण को प्रभावी बनायें : अरुण सक्सेना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वन विभाग मुख्यालय के सभाकक्ष में आहुत समीक्षा बैठक में वन, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा वृक्षारोपण के रखरखाव पर विशेष बल देने के लिए जारी शासनादेश की देखरेख के लिए विभिन्न पहलुओं पर समीक्षा की।

- **वन मंत्री ने की पौधरोपित हुए पौधों के रखरखाव को लेकर समीक्षा बैठक**

इसमें पौधारोपण के बाद इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा, सिंचाई तथा समुचित रखरखाव। वन संरक्षकों द्वारा अर्न्तप्रभागीय जांच दलों से वन विभाग के विभागीय वृक्षारोपणों का स्थलीय सत्यापन। वन विभाग की विभागीय अनुश्रवण शाखा द्वारा तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष वृक्षारोपण की सफलता का



आकलन। वन विभाग द्वारा कराये गये वृक्षारोपण का स्तरीय सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा जिला वृक्षारोपण समिति के माध्यम से अंतर्विभागीय जांच समितियां का गठन कर अथवा सेक्टर एवं जोनल अधिकारी नामित करने की अध्याविधिक स्थित शामिल है। बैठक के दौरान मंत्री ने अहम निर्देश दिये गये, जिसमें फील्ड निरीक्षण को प्रभावी बनाया जाय। अंतर्विभागीय सत्यापन की रिपोर्ट नियमित रूप से वन मुख्यालय को करायी जाय।

मंत्री ने समीक्षा के बाद निर्देश दिया कि विषयगत शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुरूप विभाग द्वारा किए गए वृक्षारोपण क्षेत्रों का सत्यापन विषयगत शासनादेश की व्यवस्था के अनुरूप वन संरक्षकों द्वारा अर्न्तप्रभागीय जांच दलों से, विभागीय अनुश्रवण शाखा द्वारा विशेष सर्वेक्षण कुल वृक्षारोपण स्थलों में से न्यूनतम 5 प्रतिशत स्थलीय मंडल स्तरीय जोनल अधिकारी द्वारा सत्यापन आदि।

संक्षेप

## हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मना खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव



सरहरी, गोरखपुर। क्षेत्र के डोहरिया बाजार मे श्री श्याम जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। खाटू श्याम बाबा का जयघोष पूरे बाजार में गूंजता रहा। जन्मोत्सव कार्यक्रम में खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया गया और छप्पन भोग प्रसाद , फल व केक का भी भोग लगाकर उनके जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि खाटू श्याम नरेश महाबली भीम के पुत्र बर्बरीक के रूप में जाने जाते हैं, जिन्होंने महाभारत काल में महान योद्धा के रूप में अपनी शक्ति का सभी को अहसास को कराया था। खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है यह कार्तिक मास की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। श्याम प्रेमी रामानन्द प्रजापति, महानंद प्रजापति, विकाश मद्धेशिया, विनोद, कमलेश, अंश कशौधन, राजू गुप्ता, रितेश गुप्ता,मोहन प्रजापति, आदि भगत गण मौजूद रहे।

**Notice**

I Sanju Singh is legally wedded spouse of GS No. 176183 K RR/DVR Bhanu Pratap Singh presently residing at VPO Dewalpur. Post-bahraulli Distict-Sultanpur UP. Declare that my name sanju is incorrect. My correct name is sanju singh And my date of birth is (08/05/1980).

**प्रेस विज्ञप्ति**

कृपया सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि थाना पीजीआई जनपद लखनऊ पर खड़े मालमुकदमाती, सीज, लावारिस एवं अन्य कबाड़ अन्य वाहनों के वाहन स्वामियो को पूर्व में नोटिस/पम्पलेट जारी की गयी है परन्तु नोटिस/पम्पलेट प्राप्त होने के वाद अभी तक किसी वाहन स्वामी द्वारा अपना वाहन अवमुक्त नहीं कराया गया है उपरोक्त के सम्बन्ध में सामाचार पत्र के माध्यम से अवगत कराना है कि उपरोक्त वाहन स्वामी अपने-अपने वाहन 15 दिवस के अन्दर नियमानुसार अवमुक्त करा लें अन्यथा उपरोक्त वाहनों की नियमानुसार निलामी की कार्यवादी की जायेगी। **प्रभारी निरीक्षक थाना पीजीआई जनपद-लखनऊ।**

**न्यायालय सूचना**

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं. - 7**
**हेतु संदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**ता. पेशी- 25/11/2024**
**वाद सं.-200**
**न्यायालय ना. तहसीलदार महोदय जनपद अमेठी**

कृष्णादेवीपत्नी रामसजीवन नि-ग्राम- कोरियानी पर.तह. अमेठी जनपद अमेठी। .......**वादी**

**बनाम**

रामफेर .......**प्रतिवादी**

**मु.अ. धारा 34/35 भू.सं. 2006**

चुंकि उपरिनामांकित ग्राम पिण्डोरिया जनपद अमेठी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 25.11.2024 के दिवस को पूर्वाह या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवकता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 200 दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**

**न्यायालय सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी महोली जिला सीतापुर।**
**वाद संख्या-2658/2011**
**टी.- 202110640002658**
**अं.धारा 166 रा.सं. 2006**
**भूमि स्थित ग्राम कुसैला परगना-महोली जिला-सीतापुर।**

1- देवसरन } पुत्रगण जसकरन
2- ओम सरन
3- श्रीमती जगदेई पत्नी जसकरन
} सर्व नि. ग्राम कुसैला पर. व तहसील महोली जिला सीतापुर।

.....**प्रार्थीगण**

**बनाम**

1- श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी रामसरन नि. कुसैला पर. व तहसील महोली जिला सीतापुर (प्रबन्धक आर डी पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय/विद्या मन्दिर कुसैला पर. व तहसील महोली जिला सीतापुर)।
2- श्रीमती ईश्वरवती पत्नी रामसेवक नि. ग्राम कुसैला पर. व तहसील महोली जिला सीतापुर।
3- ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत कुसैला पर. व तहसील महोली जिला सीतापुर। ....**प्रतिवादीगण**

चुंकि उपरिनामांकित प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में पत्रावली प्रस्तुत किया है, अतः आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस पत्रावली के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए दिनांक 16.11.2024 के दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त पत्रावली एक पक्षीय रूप से सुनी जायेगी एवं आधारित की जायेगी मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित आज दिनांक 11.11.2024 के दिवस को निकाली गयी है।

**उपजिलाधिकारी महोली**
**तहसील महोली जिला सीतापुर।**

# बोली बेटियां -बेटी होने पर हमें गर्व

## गोला के वीएसएएवी पीजी कॉलेज में सम्पन्न हुई सम्भाषण प्रतियोगिता

जिला संवाददाता (vol)



गोला, गोरखपुर। सरयू अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व क्षेत्र की पहली विधायिका कैलाशवती देवी की स्मृति में सम्भाषण प्रतियोगिता हाँ मैं बेटी हूँ तो क्या हुआ कुछ भी कर सकती हूँ का आयोजन उपनगर गोला के बीएसएबी डिग्री कॉलेज में बुधवार को हुआ। बेटियों ने कहा हां मै बेटी हुं, इस बात का मुझे गर्व है। तो वहीं बेटियों के ओजस्वी भाषणों में बेटियों द्वारा हर क्षेत्र में सफलता के परचम बुलंद करने की झलक दिखी।

सरयू महोत्सव कैलाशवती देवी स्मृति सम्भाषण प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष व चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी तथा दिवंगत पूर्व विधायक कैलाशवती देवी के पौत्र विनित कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती व दिवंगत पूर्व विधायक कैलाशवती देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। महोत्सव के तहत आयोजित सम्भाषण प्रतियोगिता में वीएसएवी पीजी कालेज-गोला, वंशीधर पीजी कॉलेज चिलवा, पंडित सन्त प्रसाद पाठक महाविद्यालय देवलापर व राम सखी राम निवास बालिका विद्यालय भरौली की 16 बच्चियों ने हां मै बेटी हुं तो क्या हुआ कुछ भी कर सकती हुं विषय पर मिले 5-5 मिनट के सीमित समय में ही अपने ओजस्वी भाषणों से देश व समाज के हर क्षेत्र में बेटियों बेटियों की बढती शक्तियों का अहसास कराते हुए सभागार को गौरव से ओतप्रोत कर दिया। प्रतियोगिता में जजेज के रूप में प्राचार्य डा फूलचंद्र तिवारी, डॉ नीलिमा शुक्ला, रामबेलास यादव, सरोज रंजन शुक्ला, रंजित त्रिपाठी व डॉ आनंद शुक्ला मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से आईएमए बड़हलगंज-दोहरीघाट अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिध महेश उमर, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, डा दिलीप दूबे, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, आलोक पाण्डेय 'अंकुर', उमेश कुमार यादव, प्रशांत शाही, प्रवीण दूबे, विद्याधर पांडेय, रंजित रावत, विनय पांडेय, आनंद चंद, अभिषेक पांडेय समेत क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक



मझगांवा,गोरखपुर। गगहा पुलिस की महिला पुलिसकर्मी ने मिशन शक्ति के तहत थाना एरिया में पीड़ित महिलाओं के द्वार पर पहुंचकर उन्हें जागरूक किया। महिला पुलिसकर्मियों ने पीड़ित महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में बताया। बुधवार को गगहा पुलिस की महिला पुलिसकर्मी ने थाना एरिया में अभियोग से संबंधित पीड़ित महिलाओं के द्वार पर पहुंचकर उनसे वार्ता कर मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि कोई समस्या उत्पन्न होने पर महिलाओं के सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इस अभियान से महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## नाराज किसानों ने नलकूप से पानी न मिलने पर किया प्रदर्शन



पिपरौली,गोरखपुर। क्षेत्र के अमटौरा गांव के सरकारी नलकूप का स्टार्टर जल जाने की वजह से पंप बंद चल रहा और खेतों में पानी नही जा पा रहा है। पानी न मिलने की वजह से नाराज किसानों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर जल्द से जल्द पंप से पानी की आपूर्ति शूरू कराने की मांग किया है। प्रदर्शनकारी किसानों का नेतृत्व कर रहे रजनीश सिंह ने बताया कि काफी दिनो से सरकारी नलकूप का स्टार्टर जला है। जिससे किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा था। रवि की फसल की बुवाई का समय होने के कारण किसानों को पानी की बहुत ही जरूरत है।

जिससे वह खेतों की सिंचाई इत्यादि कर सकें। नया स्टार्टर लगाया गया। पर वह 24 घंटा भी नहीं चल सका। जिससे किसानों को काफी समस्या हो रही है और पानी नहीं मिल रहा है। प्रदर्शनकारी किसानों ने विभाग से जल्द से जल्द नया स्टार्टर लगाए जाने की मांग किया। जिससे किसानों को पानी मिल सके। इस अवसर पर सुनीता देवी, शांति देवी, राजेंद्र, मीरा, अविनाश निषाद ,राहुल ,रामरती, नीरज ,प्रमोद, कमलावती, वीरेंद्र, जय सिंह इत्यादि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे इस संबंध में जे ई संजय सिंह ने कहा कि जल्द ही स्टार्टर बनवा दिया जाएगा जिससे किसानों को पानी मिल सके।

## गगहा ब्लॉक में इकदिवासी कार्यशाला का आयोजन



मझगांवा,गोरखपुर। गगहा ब्लॉक सभागार में बुधवार को परियोजना निदेशक डॉक्टर नागेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में इकदिवासी कार्यशाला का आयोजन किया गया। मार्ग संस्था, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में गगहा ब्लाक के 6 ग्राम पंचायतों की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार ने किया। मार्ग संस्था के संनो राय ने स्वच्छता, साफ-सफाई, दूषित पानी और महिलाओं के स्वास्थ्य व अधिकारों पर जानकारी दी। परियोजना निदेशक डॉ. नागेंद्र मिश्र ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण पर विस्तार से जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया। सहायक परियोजना निदेशक राजेंद्र प्रसाद भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सरिता, पूजा, रिंकी, वंदना, सपना देवी, मनीष कनोजिया, संध्या, सीमा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने किया मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन



पिपरौली, गोरखपुर। क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में ग्राम वासियों के सहयोग से निर्मित होने वाले हनुमान मंदिर का भूमि पूजन सहजनवां के भाजपा विधायक प्रदीप शुक्ला और ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मल्हीपुर-उसका उमेश पांडेय ने कहा कि समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से हनुमान जी के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें सभी ने कुछ ना कुछ आंशिक योगदान दिया है। सबके सहयोग से बनने वाली हनुमान मंदिर का निर्माण जल्द ही कर दिया जाएगा। इस अवसर पर पिपरौली ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष मनीष पांडेय, चंद्रभूषण पांडेय, श्रीराम शर्मा उर्फ मोनू शर्मा, पेड़ा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सैफई महोत्सव के संस्थापक रणवीर सिंह की मनाई पुण्यतिथि

### समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया याद



इटावा। सैफई में बुधवार को रणवीर सिंह यादव की 22वीं पुण्यतिथि पर पूरा गांव शोक और स्मृति में डूबा रहा। मुलायम सिंह यादव के भतीजे और सैफई महोत्सव के संस्थापक व प्रथम ब्लाक प्रमुख रहे रणवीर सिंह की याद में उनके समाधि स्थल पर परंपरागत शांति यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें हजार लोगों ने श्रद्धा से आहुति दी और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। स्व. रणवीर सिंह यादव ने सैफई को एक पहचान दी। 36 वर्ष की उम्र में आज से 22 साल पहले उन्होंन इस दुनिया को अलविदा कहा। उन्होंने अपने जीवन में सैफई को विकास खंड का दर्जा दिलाया और खुद इस ब्लाक के प्रमुख बने। इसके साथ ही उन्होंने सैफई महोत्सव की नींव रखकर इस छोटे से गांव को सांस्कृतिक पहचान भी दिलाई। स्व रणवीर सिंह की पत्नी मुदुला यादव जो वर्तमान में सैफई ब्लाक की प्रमुख है, पूर्व सांसद बेटा तेजप्रताप यादव, बहू राजलक्ष्मी यादव, नाती जय यादव व कबीर यादव सहित परिवार के सदस्य शामिल हुए। सपा परिवार से अभयराम सिंह यादव, राजपाल सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता यादव, वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव व आर्यन यादव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव व शिवपाल सिंह यादव चुनावी व्यवस्तता के कारण कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके। महाराष्ट्र चुनाव प्रचार में लगे सांसद धमेन्द्र यादव व सांसद आदित्य यादव अंकुर भी नहीं आए लेकिन उन्होंने श्रद्धांजलि भेजी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

चौरीचौरा, गोरखपुर। देवरिया जिले के रामलक्षन नौका टोला निवासी बाइक सवार 22वर्षीय संदीप प्रजापति पुत्र रामानंद प्रजापति झगहा थाना क्षेत्र के नई बाजार पलिपा मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रहम्पुर भेजवाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को देवरिया जिले के रामलक्षन नौका टोला निवासी संदीप प्रजापति किसी काम से झगहा थाना क्षेत्र में किसी काम से आया हुआ था।पलिपा चौराहे के समीप स्थित रामदरश ईंट भट्ठे के पास पहुंचा ही था,कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को 108 नंबर एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया।

## पचनद मेले में वॉकी टॉकी से संपर्क में रहेगी पुलिस

## नेटवर्क का रहता था इशू

चकरनगर, इटावा। पचनद संगम में कार्तिक पूर्णिमा के स्नान पर्व की तैयारी को लेकर प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारी की हैं। इस बार नेटवर्क की समस्या को लेकर परेशान पुलिस को संपर्क में रहने के लिए वॉकी टॉकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से सैंकुअरी की मोटर बोट सहित एनडीआरएफ व पीएसी की टीम को भी लगाया गया। संगम में दो प्रदेशों सहित दर्जनों जनपदों के हजारों श्रद्धालु स्नान कर बाबा भोलेनाथ के दर्शन करेंगे। यूपी में मध्य प्रदेश बॉर्डर से सटे तहसील क्षेत्र चकरनगर के अंतर्गत यमुना, चंबल, क्वारी, सिंध व पहूच पांच नदियों के संगम पचनद में कार्तिक पूर्णिमा पर भिंड, मुरैना, शिवपुरी, गुना, ग्वालियर, इटावा, औरैया, कानपुर नगर व देहात, कंन्नौज, उन्नाव, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा सहित विभिन्न जनपदों के हजारों श्रद्धालु स्नान के बाद कालेश्वर भगवान पर पूजा अर्चना कर मन्नत मांगेंगे। यही नहीं कार्तिक पूर्णिमा पर 14 नवंबर को स्नान पर की शुरू होने वाली परंपरा अर्धरात्रि से शुरू हो जायेगी, जो 15 नवंबर को दिन भर चलेगी।

बताते चलें कि कार्तिक माह के पूरे महीने भोर सुबह उठकर स्नान करने वाली अविवाहित व विवाहित युवतियां व किशोरियां कार्तिक पूर्णिमा पर पचनद में स्नान कर भगवान भोले शंकर से अपने पति की दीघार्यु और अविवाहित युवतियां सुंदर वर की आकांक्षा रखती हैं। इसके उपरांत तुलसी की पूजा कर माह में भोर सुबह करने वाले स्नान का समापन करती हैं। इसके उपरांत कई प्रदेशों से पधारने वाले साधु संत भी कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के बाद पूजा अर्चना करेंगे। स्नान पर्व की तैयारी का बुधवार को



एसडीएम चकरनगर ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया ने जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर जब उनसे बात की गई तो उन्होंने बताया कि यहां निचला क्षेत्र होने से नेटवर्क की समस्या रहती थी, जिसके चलते संबंधित पुलिस को नेटवर्क में रखने के लिए वॉकी टॉकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां सैंकुअरी की मोटर बोट सहित एक पीएसी की टीम तथा एनडीआरएफ की टीम को भी सुरक्षा की दृष्टि से लगाया गया है और स्थानीय गोताखोर भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर के चारों तरफ रास्ते पर लाइट की समुचित व्यवस्था की गई है, महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए पंडाल लगाया गया है। स्वास्थ्य व्यवस्थाएं ठीक रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम और एंबुलेंस भी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि मिला और स्नान पर्व की पूरी तैयारी कर ली गई है और आज रात्रि से स्नान पर्व शुरू हो जाएगा।

## बच्चों को दिखाया जयगुरुदेव मंदिर

ऊसराहार, इटावा। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को एक्पोजर विजिट पर बाबा जयगुरुदेव मंदिर खितौरा एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र भरथना घुमाया गया। विकास खण्ड ताखा एवं भरथना से प्रत्येक ब्लॉक से सौ सौ बच्चों को बसों के द्वारा विजिट पर ले जाया गया। बच्चे काफी उत्साहित दिखे।बीआरसी ताखा एवं भरथना से दो दो बसों से बच्चों को बीईओ सर्वेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने ,वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करने ,प्रयोग के विविध अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान की प्रकृति, प्रक्रियाओं और विधियों की सम्यक समझ विकसित करने के उद्देश्य से एक्पोजर विजिट पर बच्चों को ले जाया गया। बच्चों को टीशर्ट,कैप,हैंड बैग एवं स्टेशनरी दी गई। प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र की प्रयोगशाला में बच्चों ने सोलर एनर्जी, आईटी लैब, इलेक्ट्रिकल लैब, मेडिकल एस्ट्रूमेंट लैब वैज्ञानिक उपकरणों को देखा और शिक्षकों से अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।बच्चे कई तरह के प्रश्न पूछ रहे थे शिक्षक उनके उत्तर दे रहे थे।बच्चों ने मानव के आंतरिक विभिन्न अंगों को डेमो के माध्यम से समझा।बच्चे खितौरा में जयगुरु देव मन्दिर को देखकर काफी खुश हुए। मंदिर में बच्चों एवम्शिक्षकों ने ध्यान एवं मेडिटेशन किया।बच्चों ने अपने गुरुजनों के साथ सेल्फी ली।बच्चों को भोजन कराकर वापस बीआरसी के लिए रवाना किया गया।इस मौके पर एआरपी शैलेंद्र यादव,रामवीर यादव,सुशील यादव,ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर समेत कई शिक्षकों ने सहयोग किया।

## घर से सोने चांदी के जेवरात चोरी

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम कोठी शेरपुर में निवासी ससुर ने दामाद पर घर के अंदर बक्से में रखे सोने चांदी के आभूषण चोरी करने का प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया। ग्राम कोठी शेरपुर निवासी शिव कुमार वाथम ने बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह मंगलवार की देर शाम परिवार सहित निमंत्रण खाकर वापस घर आ गये और मेरी पत्नी बीना पुत्र अंशुल और पुत्री पूनम मुख्य दरवाजे पर बने कमरे में सो गए जब पुत्र अंशुल बुधवार के भोर सोकर उठा तो घर के अंदर के कमरे की कुण्डी खुली हुई थी और कमरे के अंदर रखा बक्सा गायब था जिसमे घर गृहस्थी व पत्नी का सामान था। दामाद से पुत्री को लेकर विवाद चल रहा है इसी को लेकर दामाद ने मौका पाकर बक्से को छत पर ले जाकर बक्से में रखे सोने चादी के आभूषण चोरी कर ले जाने में सफल रहा। प्रभारी निरीक्षक बकेवर राकेश शर्मा ने बताया ससुर के द्वारा दामाद के खिलाफ घर में चोरी करने का प्रार्थना पत्र दिया है।जिस पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## कंटेनर व ट्राला की भिड़ंत, दो लोग घायल

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह स्वेता डेरी के पास कंटेनर और ट्राला की भिड़ंत में कंटेनर का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया उसके केविन में फसकर ड्राइवर व कंडेक्टर बुरी तरह घायल हो गए। शिकोहाबाद का रहने वाला कंटेनर ड्राइवर अंशुल पुत्र प्रमोद कुमार मथुरा के गांव बरसना के क्लीनर टिंकू पुत्र हुकुम सिंह के साथ कोरिया से लोड कंटेनर बिलासपुर से कानपुर के लिए लेकर निकला था । तभी उपरोक्त स्थान स्वेता डेरी दो सौ मीटर दूर आगे चल रहे मुर्गी दाना से लोड ट्राला में पीछे से जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धड़ाम की अबाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे तभी पुलिस भी आ गई। कंटेनर के केविन में फसे ड्राइवर व कंडेक्टर को कड़ी मशक्कत कर दोनों को बाहर निकलवा कर घायल अवस्था मे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। अजमेर गांव जोतया का रहने वाला ट्राला ड्राइवर नेपतराम ने बताया मध्यप्रदेश के नीमच से ट्राला में मुर्गी दाना लोड कर कोलकाता के लिए जा रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे एसआई सालिगराम ने क्षतिग्रस्त वहनों को हाईवे से हटाकर कर सामान्य कराया।

## टायर के गोदाम में लगी आग लाखों का हुआ नुकसान

इटावा। एक टायर की गोदाम में अचानक से भीषण आग लग गई जिसकी चपेट में आने से गोदाम में रखे टायर जल गए। वहीं पास में खड़ी एक कार में भी आग लग गई जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया। इटावा के कोतवाली इलाके में एक गोदाम में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान का मामला सामने आया है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। बताते चलें कि तकिया इलाके का है। यहां पर रहने वाले अब्दुल रशीद का एक गोदाम बना हुआ है जहां पर गोदाम के अंदर उनके पुराने गाड़ियों के टायर मौजूद थे। उनकी गोदाम में आग लगने की जानकारी जैसे ही मिली वैसे ही अब्दुल रशीद मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंच कर देखा कि टायर पूरी तरीके से जल चुके थे। वहीं पास में खड़ी है कार भी इसकी चपेट में आ गई जो जिससे उसमें भी काफी नुकसान हुआ। गोदाम में आग लगने के मामले में अब्दुल रशीद का कहना है कि मुझे जानकारी मिली थी कि गोदाम में आग लग गई है मैं मौके पर पहुंचा। तो देखा कि टायरों में से धुंआ निकल रहा था। इस मामले में तुरंत दमकल की टीम को सूचना दी गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंची जहां आग को बुझाया गया। वही इस मामले में पुलिस को भी जानकारी हुई तो पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। उन्होंने बताया कि पास में पूरा कचरा इकट्ठा करके जलाने का काम किया जाता है हो सकता है उसकी चिंगारी यहां तक पहुंच गई हो। जिसकी वजह से इसमें आग लग गई। ऐसा भी हो सकता है कि शरारती तत्वों के द्वारा आग लगाने का काम किया गया। फिलहाल में उनका मानना है कि कार और टायर में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान जरूर हुआ है।

## अधिशाषी अभियंता राकेश कुमार की दबंगई चरम सीमा पर

### आए दिन महिला कर्मचारियों से करते हैं बदतमीजी, खोला मोर्चा




इटावा। भोगनीपुर प्रखंड निचली गंगा नहर के अधिशाषी अभियंता राकेश कुमार की ऑफिस में इस कदर दबंगई है कि कुछ गिने चुने लोगों को छोड़ कर कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है लेकिन जब किसी चीज की हद हों जाए तो विस्फोट निश्चित है आज जब सभी महिला स्टाफ तथा कुछ फोर्थ क्लास स्टाफ उक्त अधिशाषी अभियंता राकेश कुमार से मिलने गया और अपनी बात रखनी चाही तो वो भड़क गया और महिलाओं को गाली गलौज करते हुए अपने खासम खाश कैशियर सुनील कुमार से इनको धक्का मारकर ऑफिस से बाहर निकालने का आदेश देता है उसी वक्त महिलाओं तथा स्टाफ नोंक झोंक शुरू हो गई अधिशाषी अभियंता की बतदमीजी और गाली गलौज के चलते हेड क्लर्क कार्य वाहक प्रशासनिक अधिकारी पुष्पा राजन बेहोश हो गई और अपनी कुर्सी से नीचे गिर गई जिन्हें स्टाफ ने आनन फानन में जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। अधिशाषी अभियंता के इस बदतमीजी रवैया से समस्त स्टाफ धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। स्टाफ के लोगों ने बताया कि अधिशाषी अभियंता एक दबंग किस्म का व्यक्ति है जो आए दिन स्टाफ से दबंगई करता है दबंगई के चलते ही इन्होंने अभी हाल ही में बिना ट्रांसफर सीजन के पांच से सात कर्मचारियों का ट्रांसफर किया था जिससे क्षुब्ध फोर्थ क्लास के कर्मचारी इनसे नाराज थे सूत्रों से दबी जबान लोग ये भी कह रहे है कि सिर्फ धनउगाही के लिए बिना सीजन के ट्रांसफर किए गए हैं। पुष्पा राजन जो कि अभी तीन माह पहिले ही इटावा डिवीजन से भोगनीपुर डिवीजन में ट्रांसफर होकर पहुंची थी और इन तीन महीने में परेशान करने की नियत से तीसरी बार पटल परिवर्तन किया गया जो नियमानुसार सरासर गलत है वहीं अपनी बात कहने को लेकर अधिशाषी अभियंता के पास गई होगी जिसे केशियर के द्वारा धक्का मारकर बाहर निकालने को कहते है।

संक्षेप

## भाइयों में खूनी संघर्ष सात लोग घायल

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव में बुधवार सुबह जमीनी विवाद में सगे भाइयों में जमकर खूनी संघर्ष हो गया दोनों पक्षों से सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस उपचार के लिए सीएचसी डोभी ले गई जहां दो की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नंदलाल व मोहन सगे भाई है। दोनों में आबादी को लेकर विवाद चला आ रहा है। इसी मामले में सुबह दोनों पक्षों में कहासुनी हुई जो खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। पक्ष से नंदलाल, राहुल,रोहित, शुभम, सरिता, रुक्मिणी, रामचंद्र व दूसरे पक्ष से मोहन,दीपा, अनामिका, सुंदरी, सोनम, गौरी व माया घायल हो गई। पुलिस सभी को उपचार के लिए सीएचसी डोभी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने माया व अनामिका की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## आग लगने से लाखों का सामान राख

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के तरकुल्लापुर गांव में मंगलवार की रात को मोमबत्ती से लगी आग से 20 हजार कैश सहित लाखों रुपये का गहना व सामान जल गया। बताते है कि उक्त गांव निवासी बृजलाल राजभर के घर एकादशी के त्यौहार पर पूजा पाठ हुआ उसके बाद घर मे जगह जगह मोमबत्तियां जलाकर रोशनी की गयी। कमरे में एक मोमबत्ती रखी गयी थी उस मोमबत्ती से वहां रखे बांस की दीरी में आग लग गयी। लोग कमरे के बाहर मोमबत्ती जलाने में लगे थे। उनका ध्यान उस तरफ नही था। अचानक आग ने विकराल रूप धर लिया देखते देखते कमरे में रखे प्लास्टिक के खाद्यन्न भरे प्लास्टिक के ड्रम,पेटी,कपड़े जलने लगे।वहां का धुआं इतना प्रदूषित था कि परिवार के लोग अंदर नही जा सके। आग से तीन लाख से ऊपर के गहने,20 हजार नगद,गेंहू,चावल,सरसों कपड़े आदि जल गए।किसी प्रकार गांव के लोगो की मदद से आग को बुझाया गया।

## सड़क हादसे में शाखा प्रबन्धक की मौत

जौनपुर। सरायख्वाजा के डाल्हनपुर निवासी शाखा प्रबन्धक संतोष सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताते है कि 45 वर्षीय सन्तोष सिंह मड़ियाहूं एलआईसी के शाखा प्रबंधक थे। वह रोजाना की तरह बाइक से कार्यालय गए थे। शाखा को बंद करवाकर बाइक से घर लौट रहे थे कि जब वह पाली बाजार के पास पहुंचे ही थे तभी सामने से आ रही स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी इससे वह दूर जा गिरे। आस-पास के लोगों ने 108 एम्बुलेंस के जरिए उनको उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया हालांकि परिजन उनको आस-पास के निजी चिकित्सालय ले ही जा रहे थे कि इस दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई।

## कोन को नगर पंचायत घोषित करने की मांग

कोन/सोनभद्र। नव सृजित विकासखंड कोन को नगर पंचायत घोषित करने की मांग राष्ट्रीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जायसवाल द्वारा जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कहा कि कोन ग्राम पंचायत झारखंड राज्य से सटा हुआ है जो लगभग 50 किलोमीटर के क्षेत्रफल में आता है व राजनीतिक एवं व्यापारिक केंद्र के रूप में ही जाना जाता है। यहां पर ब्लॉक, थाना, सरकारी इंटर कॉलेज, किसान सेवा केंद्र, पोस्ट ऑफिस आदि सेवाएं उपलब्ध है। इसी क्रम में बताते चलें कि ग्राम पंचायत कोन आबादी के दृष्टिकोण से भी अधिक होने के साथ यह झारखंड, बिहार राज्य से आने जाने का मुख्य केंद्र है। कई मामलों में नगर पंचायत हेतु उक्त ग्राम पंचायत मानक पूरा करते दिखाई दे रहा है। इसलिए उक्त ग्राम सभा को नगर पंचायत घोषित किया जाना अतिआवश्यक है। जिससे क्षेत्रीय लोगों के लिए गर्व की बात होगी। उपरोक्त मांग को लेकर पार्टी प्रमुख श्री जायसवाल ने जनप्रतिनिधियों को पत्र भेजकर समर्थन जुटाने के साथ आंदोलन तेज करने की वकालत की है।

# दुद्धी गैस एजेंसी पहुंचे एसडीएम, कमियां देखकर बिफरे



जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। बुधवार को दुद्धी गैस एजेंसी पर एसडीएम निखिल यादव के अचानक पहुंचते ही मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गई। एसडीएम निखिल यादव, डीएसओ ध्रुव कुमार ने संयुक्त रूप से दुद्धी गैस एजेंसी पर अचानक छापेमारी की तो वहां की व्यवस्थाओं को देखकर अवाक रह गए।

एसडीएम निखिल यादव ने बताया कि आज बुधवार को रेलवे स्टेशन स्थित दुद्धी गैस एजेंसी पर रेंडम चेकिंग की गई जहाँ पर कई कमियाँ पायी गई। वहां पर भरे गैस सिलेंडर की रख रखाव सुरक्षित नही मिली तथा उज्जवला योजना केवाईसी भी नही की जा रही थी इसके अलावा होम डिलेवरी नही करने की बात सामने आयी। मौके पर मिली कमियों को लेकर मौजूद कर्मचारियों को निर्देशित किए गए तथा गैस एजेंसी को निर्धारित मानक का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गैस एजेंसी पर पायी गई कमियों को लेकर जिलाधिकारी महोदय एवं संबंधित विभागों को पत्राचार किया जायेगा। बताया कि सरकार के मंशानुसार शत-प्रतिशत केवाईसी किया जाना हैं ताकि पात्रों तक उज्जवला योजना का लाभ पहुंच सके। इसके अलावा गैस सिलेंडर की आपूर्ति घर-घर किए जाने का प्रावधान हैं, जिसे लेकर एजेंसी संचालक गंभीर नही हैं, इसके अलावा कहीं -कहीं होम डिलेवरी के नाम पर पैसे लेने की भी बात बतायी जा रही हैं,जिसकी जाँच की जा रही हैं। छापेमारी के दौरान सप्लाई इंस्पेक्टर परवेज असलम सहित अन्य मौजूद रहे।

## मानक को ताख पर रख संचालित हो रही इण्डेन गैस एजेंसी

केकराही। स्थानीय थानांतर्गत केकराही बाजार मे स्थित सुमन इण्डेन एजेंसी पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा गैस सिलेंडर की बिक्री मानक से अधिक दाम लेकर किये जाने एवं नियम विरुद्ध कार्यालय मे सैकड़ो सिलेंडर रखकर बेचे जाने का आरोप क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है, उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर कोई मालिक अथवा मैनेजर नही रहता, केवल अप्रशिक्षित कर्मचारी बैठाये गये है, जो आये दिन ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार करते रहते है,ग्राहकों को धमकी भी दी जाती है कि यदि शिकायत किए तो आप को गैस सिलेंडर मिलना बंद हो जायेगा। जिससे ग्राहक भी डरे व सहमे हुए है इस बाबत जब एजेंसी पर कार्यरत एक कर्मचारी शिवा जी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम प्राइवेट नौकर है,मेरी मर्जी होगी तो सिलेंडर देंगे नही तो नही देंगे।

दुकान पर अंकित एजेंसी मालिक के मोबाइल नंबर से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने अपना नाम मनीष बताया,जब उनसे उक्त शिकयत के बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा हम दिखवाते है। उपभोक्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गैस सिलेंडर की रशीद 878 रुपये की दी जाती है परन्तु सिलेंडर का दाम 900 रुपये लिया जाता है गैस सिलेंडर बुकिंग कार्यालय मे सैकड़ो की संख्या मे भरे हुए सिलेंडर रखे गये है,जहाँ पर अग्नि शमन की कोई व्यवस्था नही है जब इस बाबत वहा तैनात कर्मचारियों से इस सम्बन्ध मे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमे जो आदेश है उसका पालन कर रहे है,जब उनसे पूछा गया कि आप का गोदाम बकाही गांव मे है तो केकराही गांव मे सिलेंडर की बिक्री क्यो की जा रही है,इस विस्फोटक ज्वलंत समग्री को घनी बस्ती मे क्यो रखा गया है तो उनका कोई जबाब नही मिला,उपभोक्तओ की माने तो केकराही बाजार स्थित कार्यालय मे भरे हुए सैकड़ो की संख्या मे सिलेंडर रखना और बिक्री किया जाना कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकता है।

- कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में रखा गया है गैस सिलेंडर

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए निष्पक्ष जाँच कराने और कार्यवाही की मांग किया है ग्रामीणों का कहना है कि यदि अविलम्ब कार्यवाही नही की गयी तो हम सभी लोग विवश होकर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे इतने बड़े जोखिम भरे ज्वलंत एवं विस्फोटक सामग्री को मुख्य बाजार व घनी बस्ती मे एक कमरे मे बिना किसी अग्नि शमन प्रबंधन के रखा जाना लोगो के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस सम्बन्ध मे जिला पूर्ति अधिकारी के मोबाइल पर सम्पर्क किया गया तो काल रिसीव नही हुई।

# जांच के नाम पर धन ऐंठने का आरोप



- शिकायतकर्ता ने 17 वर्षो से जमे चिकित्साधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार चौधरी के खिलाफ शासन को भेजा भ्रष्टाचार की शिकायत

आजमगढ़। चिकित्साधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विनीत सिंह रीशू ने बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। शिकायती पत्र में डॉ. अरविन्द कुमार चौधरी के खिलाफ जांच कराकर तत्काल निलंबित करने की मांग की गई है।

आरोप के बावत सामाजिक कार्यकर्ता विनीत सिंह रीशू ने बताया कि सीएमओ के चहेते डिप्टी सीएमओ डॉ. अरविन्द कुमार चौधरी जनपद के नर्सिंग होमों एवं पैथोलॉजी केंद्रों के जांच के नाम पर धन ऐंठने का काम करते हैं। डा. चौधरी लेबल-3 के चिकित्साधिकारी है और 17 वर्षो से लगातार जनपद में जमे हुए है। इसके पूर्व भी फर्जी जन्म मृत्यु प्रमाण बनाने में सीआरएस पोर्टल का दुरूपयोग करने में यूपी एटीएस द्वारा पटल सहायक अनीता यादव को हिरासत में लिया था लेकिन उक्त कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. अरविन्द कुमार चौधरी का लगातार बचाव किया जा रहा है जबकि डॉ अरविन्द कुमार की कार्यशैली पहले से ही भ्रष्टाचार के आंकठ में डूबी हुई है। इसके बावजूद उन्हें एक दर्जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों में नोडल अधिकारी बनाकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। विनीत सिंह रीशू ने इस बात का भी दम भरा कि हाल ही में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हुए साक्षात्कार में इनके द्वारा लाखों रूपए की वसूली भी की गई है हालांकि पूरी नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता विनीत सिंह रीशू ने मुख्यमंत्री से मांग किया कि 17 वर्षो से जमे हुए भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराकर दंण्डित किया जाए ताकि शासन के भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति को साकार किया जा सकें। शिकायती पत्र सौंपने वालों में भाजयुमो के पूर्व जिलामंत्री शौर्य सिंह कौशिक, अश्वनी मिश्र, आनंद यादव, आशीष पाण्डेय, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुर्वासा धाम पर प्रयास ने लगवाया कपड़ा चेंजिंग रूम




जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। कार्तिक पूर्णिमा के मेले को देखते हुए प्रयास सामाजिक संगठन द्वारा बुधवार को महर्षि दुवार्सा धाम संगम तट पर महिला कपड़ा चेंजिंग रूम स्थापित किया गया।

संस्था द्वारा जिले में यह पांचवां बाक्स लगाया गया। इसमें मुख्य रूप से सहयोग की भूमिका में इंजीनियर अमित मदर एंड फादर टेंट हाउस लेदौरा बनरपुरा रहे। इस बावत प्रयास अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि दुवार्सा धाम पौराणिक स्थल है। जहां हमेशा आस्था की डुबकी लगायी जाती है इसके बावजूद घाट पर महिलाएं खुले में वस्त्र बदलना पड़ता था। महिलाओं के समस्याओं को देखते हुए संगठन द्वारा सामाजिक सहयोग से चेंजिंग रूम स्थापित कराया गया है। इस अवसर पर सचिव इंजी सुनील यादव, दयाराम साधू, राममिलन यादव, राजेंद्र पांडेय, रमाकांत यादव, विजय यादव के साथ प्रयास के तमाम केंद्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# व्यवसायी से रंगदारी मांगने और धमकी देने वाला गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना कछवां पुलिस द्वारा स्वर्ण व्यवसाई से रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। बताते हैं कि थाना कछवां, जनपद मीरजापुर पर रितीकेश सोनी पुत्र प्रेमप्रकाश सेठ निवासी हांसीपुर थाना कछवां जनपद मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि वादी की ग्राम हांसीपुर व सीखड़ में सोने-चांदी की दुकान है, गणेश प्रताप सिंह जो कि अपराधी किस्म का आदमी है , जान मारने की धमकी देकर रंगदारी मांगा करता है जिसे मेरे द्वारा 2-3 बार कुछ पैसा भी दिया जा चुका है इस बार पुनः एक लाख रुपये की मांग की गई है । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कछवां पर मु0 अ0 सं0-142/2024 धारा 308 ( 5 ), 351( 3 ) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कछवां को सम्बन्धित अभियुक्त की त्वरित गिरफ्तारी करने के दिए गए निर्देश के क्रम में थाना कछवां पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कछवां पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम बगहां मंदिर के पास से वांछित अभियुक्त गणेश प्रताप सिंह पुत्र पारसनाथ सिंह निवासी बगहां थाना चुनार जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर कब्जे से वादी मुकदमा से वसूली गयी धनराशि दश हजार रुपए नगद बरामद किया गया । थाना कछवां पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास रहा है।

# ब्रह्मा, विष्णु, महेश की उपासना से प्रकट हुई महाशक्ति : महंत गिरी




आजमगढ़। समेदा में श्री दुर्गा जी मानव सेवा समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित पांच दिवसीय शतचण्डी महायज्ञ एवं संत प्रवचन के दुसरे दिन संगीतमयी कथा में शक्ति की देवी और प्रभु श्री राम का गुणगान सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। शुभारंभ दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सहस्त्र त्रिपाठी, पूर्व आईएएस नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके पूर्व यज्ञाचार्यो द्वारा महायज्ञ में मंत्रोच्चारण के साथ आहुति दी जा रही है जिससे पूरा क्षेत्र ऊर्जामयी हो उठा।

प्रवचन महंत गिरी जी ने कहाकि मां दुर्गा को शक्ति की देवी है। दुर्गा जी को प्रसन्न करने का एक मात्र साधन शत चंडी महायज्ञ है। शतचंडी यज्ञ को सनातन धर्म में बेहद शक्तिशाली वर्णित किया गया है। अत्याचार से त्रैलोक्य में त्राहि त्राहि मची थी। तभी ब्रह्मा, विष्णु, महेश की उपासना से महा शक्ति के रूप में जगत जननी मां दुर्गा प्रकट हुई। मां दुर्गा जी इस उपासना से प्रसन्न हुई और देवताओं से वरदान मांगने को कहा। तभी देवताओं ने राक्षसों से पृथ्वी को भय मुक्त कराने के लिए मां दुर्गा जी से आग्रह किया। माता ने महाकाली के रूप में राक्षसों का संहार किया। कथावाचक ने एकादशी के महात्म का विस्तार से चर्चा के उपरांत बताया कि भगवान श्रीराम, विष्णु के सातवें अवतार माने गए है। वे ह्लमयार्दा पुरुषोत्तमह्व यानी सर्वोत्तम मानव हैं, उनका सम्पूर्ण जीवन मयार्दा का आदर्श पाठ है। प्रभु श्रीराम के आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। इसी के साथ कथा को विश्राम दिया गया।

# एकता दिवस पर विवि में प्रतियोगिता का आयोजन




जौनपुर। कुलपति प्रो. वंदना सिंह के संरक्षकत्व में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आर्यभट्ट सभागार रज्जू भइया संस्थान बुधवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुल पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रथम प्रतियोगिता लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकता के विषय पर ह्लसरदार वल्लभभाई पटेलरू भारत की एकता और अखंडता के प्रतीकह्व विषय पर द्वितीय प्रतियोगिता एक पात्रीय नाट्य, तृतीय प्रतियोगिता कविता लेखन विषयरू राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल से संबंधित, चतुर्थ प्रतियोगिता निबंध लेखन विषयरूह्लराष्ट्रीय एकता के शिल्पकाररू सरदार वल्लभभाई पटेलह्व एवं पंचम प्रतियोगिता देश भक्ति गीत (एकल) विषयरू राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल से संबंधित का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में जो भी प्रथम स्थान प्राप्त करेगा उन प्रतिभागियों को 28 नवम्बर महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में द्वितीय चक्र की प्रतियोगिता छः विश्वविद्यालयों के बीच आयोजन किया जाएगा। निर्णायक मंडल के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव,डॉ सुजीत चैरसिया, डॉ अवधेश मौर्य एवं सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुमताज अहमद अंसारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक सुमित सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत नोडल अधिकारी डॉ शशिकांत यादव ने किया। प्रो. विक्रम देव शर्मा, रज्जू भइया संस्थान के निदेशक प्रो प्रमोद कुमार यादव, डॉ श्याम कन्हैया, डॉ नीरज अवस्थी, स्वयंसेवक आनंद सिंह एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# दिलाया संकल्प, बोले मांसाहार मुक्त होगा दुद्धी

दुद्धी,सोनभद्र। विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में श्री रामलीला मैदान पर श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा वाचक बाल व्यास मानस जी महाराज ने कथा के दौरान भक्तों को श्रवण कराया कि भागवत ज्ञान भक्ति को प्रभावित करते हुए नई चेतना का निर्माण करता है,जो भक्त और भगवान के प्रेम को दशार्ता है। जब व्यक्ति किसी संत के मुखर बिंदु से सत्संग सुधा का पान करता है तब वह भगवान के ममत्व की ओर खींचा चला आता है।

एक अच्छी बात है कि भगवान की शरण में रहने वाला व्यक्ति दूसरे के दुःख को अपने दुख के ही सामान समझता है जैसे दुष्ट दुर्योधन की मित्रता में आकर अस्वत्थ थामा ने द्रोपदी के पांच पांच पुत्रों को मार डाला द्रौपदी अपनी गर्दन कटे हुए पांचों पुत्रों को अंक में भरे हुए अर्जुन के हाथ जोड़ती है,कि आप अस्वत्थ थामा को मत मारो जितना कष्ट मेरे पांच पुत्रों को मरने से हुआ है उतना कष्ट गुरु द्रोण की पत्नी गुरु माता को अस्वत्थ थामा के मरने के बाद होगा अतः यह उक्ति दशार्ती है कि सत्संग सिखाता है अपने दुःख से दूसरे के दुःख का अंदाजा लगा लेना चाहिए यह भागवत ज्ञान जीवदया सत्य प्रेम करुणा भाव परोपकार का आश्रयकेंद्र है या यूं कहे तो भगवत ज्ञान ही व्यक्ति का मूल घर है और रहना सबको यही है तो मनुष्य का मनुष्य से वैर कैसा क्योंकि भागवत ज्ञान ने कभी मनुष्यता का विभाजन नहीं किया। सदैव सबको एक समान देखा इसी लिए भगवान के लीला अवतार का वर्णन करते हुए व्यास भगवान ने संसार के सबसे गंदे जीव सुकर के रूप में अवतार लेकर के यह प्रमाणित किया कि भगवान कण कण में निहित है एवं भगवान ने संदेश दिया किसी भी जीव को आहार बनाने से पहले भगवान के बारह अवतार को एक बार स्मरण कर ले शायद इसीलिए दुद्धी श्री रामलीला मैदान भागवत कथा के अंतर्गत बाल व्यास जी ने झोली फैलाकर के पंडाल में उपस्थित लोगो से मांग किया कि जीवों पर दया करना शुरू कर दो , व्यास जी के इस सत्संकल्प में हाथ उठाकर के अपनी अपराध की छमा मांगते हुए मांसाहार छोड़ने का संकल्प लिया कथा पंडाल ने बैठे लोगों ने जयकारे लगाते हुए अभिवादन किया।

इस दौरान आयोजक समिति के आलावा अयोध्या धाम से पधारे सुदर्शन आचार्य जी महाराज, नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन, निरंजन जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# न्यायालय ने दिया पांच पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

मीरजापुर। जनपद के थाना कछवां पुलिस द्वारा गांजा पकड़े जाने के मामले में जांच सही तरीके से न किए जाने तथा आरोपियों के दोषमुक्त होने पर अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने तत्कालीन कछवां थानाध्यक्ष व एसओजी टीम प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों पर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कार्रवाई का आदेश दिया है। न्यायालय ने लिखा है कि कार्रवाई कर 12 दिसंबर तक न्यायालय को अवगत करावे। ज्ञात हो कि कछवां पुलिस और एसओजी टीम ने 100 किलो गांजे के साथ एक नाबालिग समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर एन डी पी एस एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन जांच प्रकिया सही नहीं थी। इस पर गांजे के साथ पकड़े गए आरोपी चंद्रमणि उर्फ महाराज, इमरान अली, आशुतोष उर्फ प्रिंस मिश्रा, राहुल मिश्रा, फिरोज अहमद को एनडीपीएस एक्ट के मामले में दोषमुक्त कर दिए गए। दोषमुक्त करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने अपने आदेश में कहा कि दोषमुक्त के अलावा एक मामला और है, जहां संबंधित पुलिस अधिकारियों द्वारा एनडीपीएस एक्ट की अवज्ञा कर आरोपियों को लाभ पहुंचाया गया। इस तथ्य पर विचार करते हुए वादी निरीक्षक तत्कालीन कछवां थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा, निरीक्षक सत्येंद्र कुमार यादव, उप निरीक्षक राजेश चौबे, प्रथम विवेचक हरिकेश राम आजाद व दूसरे विवेचक राम किशुन यादव के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश देते हुए न्यायालय को 12 दिसंबर को अवगत कराने को भी कहा है। ताकि भविष्य में ऐसी चूक न हो। इसके लिए न्यायालय द्वारा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा गया है।

# अफजाल अंसारी पहुंचे स्वामी अड़गड़ानंद के आश्रम, की गुप्त वार्ता



मीरजापुर । जनपद के सक्तेशगढ़ स्थित स्वामी अड़गड़ानंद आश्रम पहुंच गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी ने स्वामी अगड़गनन्द से गुप्त चर्चा की। इसके बाद गाजीपुर रवाना हो गए। मंगलवार की दोपहर बाद गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी सक्तेशगढ़ स्थित परमहंस आश्रम पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने गद्दी पर बैठे स्वामी अड़गड़ानंद महाराज से आशीर्वाद लिया। इसके बाद बंद कमरे में स्वामी अड़गड़ानंद से डेढ़ घंटे तक वार्ता की। सांसद अफजाल अंसारी के स्वामी अड़गड़ानंद आश्रम पहुंचने पर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चा का बाजार गर्म रहा लोग तरह-तरह का कयास लगा रहे हैं।

# मतदान कार्मिकों को राजकीय इंटर कॉलेज में दिया द्वितीय प्रशिक्षण

मीरजापुर । 397-मझवा विधानसभा उप निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की दृष्टिगत मतदान कार्मिकों को ईवीएम, वीवीपैड, एवं निर्वाचन से सम्बंधित मतदान , मतगणना व अन्य सामान्य द्वितीय



प्रशिक्षण राजकीय इंटर कालेज में दो शिफ्टों यथा प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 01 बजे तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान ड्यूटी में लगे कर्मचारियों न भाग लेकर मतदान मतगणना एवं अन्य समस्याओं का निदान की जानकारी ली।

# अनुराग के हत्याभियुक्तों के घर चल सकता है बुलडोजर

जौनपुर। ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव का सिर काटकर हत्या करने वालों ने ग्रामसभा के जमीन को कब्जा करके अपना घर बना लिया है। जघन्य हत्या के बाद जिला प्रशासन की नींद टूटी तो आनन फानन में जांच कराया तो उक्त जमीन सरकारी निकली। बुधवार को जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण को हटाने का नोटिस चस्पा किया साथ ही अर्थदंड भी लगाया है। नोटिस चस्पा होते ही इलाके में हड़कंप मच गया है। इस अवैध अतिक्रमण में जल्द ही बाबा का बुलडोजर चलने की प्रबल संभावना जताई जाने लगी है। ज्ञात हो कि गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबिरुद्दीनपुर गांव में बीते 30 अक्टूबर को जमीनी विवाद के चलते 17 वर्षीय ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव की दबंग पड़ोसियों ने तलवार से वार करके उसका सिर तन से जुदा कर दिया था। अनुराग यादव के हत्या आरोपियों के द्वारा अवैध बंजर भूमि पर बने मकान पर बेदखली के दर्ज मुकदमे की नोटिस की गई चस्पा। इस मामले में राजस्व टीम द्वारा आरोपी के अवैध बंजर की भूमि पर बने मकान पर बेदखली के दर्ज मुकदमे की नोटिस चस्पा की गई। तहसीलदार सदर कोर्ट से राजस्व कर्मी केसी मौर्य और मनोज श्रीवास्तव कबीरुद्दीनपुर गांव में पहुचे। राजस्व टीम ने अनुराग यादव के हत्या के आरोपी लालता यादव के द्वारा बंजर भूमि पर अवैध रूप से बनाये गए मकान पर तहसीलदार कोर्ट में बेदखली के दर्ज मुकदमे की नोटिस प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव और लगभग 30 की संख्या में पहुचे ग्रामीणों और परिजनों की उपस्थिति में उनके सामने चस्पा की गई। नोटिस चस्पा होने के बाद ग्रामीणों और परिजनों में अवैध मकान पर कार्यवाही होने की उम्मीद जग गयी है।

# कलियुग में अकाल बढ़ती जा रही मृत्युः प्रेम भूषण

जौनपुर। बीआरपी इण्टर कॉलेज के मैदान में सात दिवसीय रामकथा के तीसरे दिन कथा शुरू होने से पहले मुख्य यजमान ज्ञान प्रकाश सिंह ने सपरिवार व्यासपीठ का पूजन किया और भगवान की आरती उतारी। तत्पश्चात कथा शुरू हुई। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज ने कहा कि सतयुग और त्रेता में धरती पर किसी भी मनुष्य की अकाल मृत्यु नहीं होती थी। मनुष्य के कर्मों के आधार पर द्वापर युग से अकाल मृत्यु की घटनाएं प्रारंभ हुई और अब कलयुग में इतना विस्तार हो गया है कि जन्म लेने वाला जातक कितने दिनों तक धरती पर रहेगा इसकी कोई गारंटी नहीं है। व्यासपीठ से महाराज ने धनुष भंग यज्ञ और भगवान के विवाह की कथा का मार्मिक ढंग से चित्रण करते हुए कहा कि कलयुग में मनुष्य के धरती पर आने और जाने का कोई समय तय नहीं है। माता-पिता के सामने ही पुत्र अथवा पुत्री की अकाल मृत्यु हो जाती है। हमारे सद्ग्रंथ बताते हैं कि जीव के अपने कर्म ही उसके प्रारब्ध का निर्माण करते हैं। भगवान की माया प्रकृति मनुष्य को नचाती है। मनुष्य के अपने हाथ में कुछ भी नहीं है फिर भी वह लोगों से उलझता चलता है, अभियान में रहता है। 4 दिन की जिंदगी है सबसे प्रेम मोहब्बत करके जीवन यापन करना चाहिए क्योंकि इस जिंदगी का कोई भरोसा नहीं है, कब सांसें थम जाए। जाने के बाद सिर्फ उसका कीर्ति का ही गान होता है। महाराज ने कहा कि इस युग में भी भगवान की भक्ति करने वालों भक्तों की कमी नहीं है। भक्त को किसी को अपना परिचय नहीं बताना पड़ता है। आहार-विहार और व्यवहार से भक्त के बारे में स्वयं पता चल जाता है। जैसे नशेड़ी समय निकालकर अपना नशा कर लेते हैं वैसे ही भक्त भी किसी भी समय अपने भगवान का भजन कर लेते हैं। महाराज जी ने कहा कि निरंतर भजन में रहने वालों की कभी मृत्यु नहीं होती है वह अपनी कीर्ति से कुल परंपरा का निर्माण करते हैं और संसार में अमर हो जाते हैं। कहा कि सनातन परंपरा में विवाह संस्कार को समाज का मेरुदंड बताया गया है। सत्कर्म सोचने से नहीं होता है। सत्कर्म के लिए सोचने वाले सोचते रह जाते हैं लेकिन करने वाला उस कार्य को पूरा कर ले जाता है। मनुष्य को अपने जीवन में अपने कर्म को हमेशा धर्म सम्मत करने की आवश्यकता होती है। कहा कि मनुष्य के जीवन में सुख और दुख दोनों का आना निश्चित है। एक आता है तो एक चला जाता है। दुख हो या सुख, दोनों ही कर्मों के अनुसार ही मनुष्य के जीवन में आता है। यह कथा सेवा भारती के बैनर तले चल रही है।

संक्षेप

## छात्र ने लगाई फांसी

**बरेली।** नर्सिंग के एक छात्र ने बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मौत की जानकारी मिलने पर आए परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।संभल क्षेत्र का घोंसली राजा गांव निवासी पुष्पेंद्र (24) पुत्र मुलायम सिंह दो साल से बरेली में रहकर पढ़ाई कर रहा था।वह रक्षपाल बहादुर कॉलेज ऑफ नर्सिंग से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा था। सेकेंड ईयर का छात्र पुष्पेंद्र ने बीती रात बिजली के तार का फंदा बनाया और पंखे से लटक कर जान दे दी।फंदे पर लटका मिला छात्रःपुष्पेंद्र के साथ भतीजा देवेश और उसी के गांव का प्रवेश भी बरेली में रहकर पढ़ाई कर रहे थे।

तीनों छात्र रेंट पर कमरा लेकर रहते थे।मंगलवार रात पुष्पेंद्र ने दोस्त प्रवेश और देवेश के साथ बैठकर पढ़ाई की। करीब डेढ़ बजे पुष्पेंद्र उठकर अपने कमरे में चला गया। पीछे से दोस्तों ने पुकारा तो नहीं सुना।

# पशु तस्कर के पैर में लगी गोली, दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** जनपद के तमकुहीराज थाना क्षेत्र में लतवापट्टी नहर के समीप वाहनों चेकिंग कर रही पुलिस टीम की पशु तस्करों भुठभेड़ हो गयी।इस मुठभेड़ में पुलिस की गोली से एक पशु घायल हो गया।पैर में लगी गोली के बाद तस्कर हाथ जोडकर वही बैठ गया।इसके साथ पुलिस ने मौके पर इसके एक साथी को भी धर दबोचा है। घायल तस्कर के इलाज के लिए पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। तस्करों के कब्जे से छह प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराया गया है।उनके पास से दो तमंचे, छह जिंदा व चार खोखा कारतूस के अलावा दो हजार सात सौ रुपये नकद बरामद किए गए हैं।पुलिसिया कहानी के मुताबिक सूचना मिली थी कि तमकुहीराज क्षेत्र से कुछ शातिर पशु तस्कर पिकअप वाहन से सीमावर्ती क्षेत्रों के रास्ते प्रतिबंधित पशुओं को चोरी छिपे लादकर बिहार ले जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस टीमों का गठन कर चेकिंग के निर्देश दिए। तमकुहीराज, तरयासुजान, पटहेरवा एवं साईबर थाने की संयुक्त पुलिस टीम इसी क्रम में बुधवार को सुबह तमकुहीराज क्षेत्रान्तर्गत लतवा चट्टी नहर के पास घेराबंदी कर चेकिंग कर रही थी।चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार कुछ व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नीयत से फायर किया गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम की ओर सेकी गयी फायरिंग में एक बदमाश के पैर मे गोली लगी और वह घायल हो गया। इसकी पहचान मुन्ना मियां पुत्र हमीद मियां निवासी मुफरी टोला थाना गोपालगंज जनपद गोपालगंज बिहार राज्य के रुप में हुई। इस दौरान उसका एक साथी गुड्डू यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासी सेमरा टोला हरदो माफी थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर पैदल भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग के दौरान उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के हत्थे तस्करों के कब्जे से पुलिस ने 06 प्रतिबंधित पशु, लकड़ी का ठीहा, रस्सी, दो अवैध तंमचा व 06 जिन्दा व 04 खोखा कारतूस बरामद किया गया है। घायल तस्कर को पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार तमकुहीराज थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि तस्करों का यह संगठित गिरोह है जो सीमावर्ती क्षेत्रों के रास्ते गोवंशीय पशुओं को वाहनों में क्रूरता पूर्वक लादकर बिहार आदि राज्यों में ले जाकर गो-तस्करी करता है। इस गैंग के खिलाफ बिहार राज्य के अलावा उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जनपद व आसपास के जिलोमें भी मुकदमे पंजीकृत हैं। इसकी डिटेल जुटाई जा रही है।

**● तस्करों के कब्जे से पुलिस ने 06 प्रतिबंधित पशु, 02 अवैध तंमचा व 06 जिन्दा कारतूस किया बरामद**



## आईआरएस छिड़काव का नेशनल टीम ने किया निरीक्षण

**देवरिया ।** जिले के कालाजार प्रभावित गांवों में कालाजार उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे आईआरएस (इंसाइड रेजिडेंशियल स्प्रे) छिड़काव कार्य का निरीक्षण करने के लिए डब्ल्यूएचओ के नेशनल प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. शाहवार काजनी और स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. तनुज शर्मा बुधवार को रामपुर कारखाना ब्लॉक के गुद्दीजोर गांव पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने आईआरएस छिड़काव दल के सदस्यों से जानकारी ली और छिड़काव कार्य की प्रगति का जायजा लिया टीम ने पीएचसी पथरदेवा पहुंचकर पिछले पांच वर्षों में कालाजार उन्मूलन के प्रयासों से संबंधित अभिलेखों की जांच की और सीएमओ डॉ. राजेश झा से मुलाकात कर इस दिशा में किए जा रहे कार्योकी जानकारी प्राप्त कनेशनल और स्टेट से आई टीम ने गुद्दीजोर गांव में आईआरएस छिड़काव कर रही टीम और ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान 2024 में कालाजार से प्रभावित मरीज देवांती देवी से भी मुलाकात कर उनका हाल जाना।

## परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों का जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण सम्पन्न




**देवरिया ।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कारखाना देवरिया के तत्वाधान में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन को किया गया।जिसमे परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षको को शारीरिक मानसिक व आध्यात्मिक रूप से संबल बनाना है।इस प्रतियोगिता में शिक्षक और शिक्षिकाओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। योग प्रशिक्षकों ने शिक्षक ,शिक्षिकाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ,तनावमुक्त एवम प्रसन्न रहने के लिए विभिन्न योगासनों का परीक्षण दिया।पुरस्कार वितरण समारोह में डायट प्राचार्य अनिल कुमार सिंह ने योग को अपने जीवन में सम्मिलित करने के लिए कहा तथा प्राचार्य द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।इस प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने में नोडल प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा गोविंद जी गुप्ता, डॉ0 परशुराम, सीमा कुमारी, आफताब अहमद का विशेष योगदान रहा।इस अवसर पर डॉ0 दिलीप कुमार गोंड, जितेंद्र कुमार, आदर्श कुमार सिंह आदि प्रवक्ता व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दो सगी बहनों को लगा करंट,एक की मौत, दूसरी गंभीर

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के बेलकुंडा गांव में दो सगी बहनें करंट के चपेट में आ गई।जिसमें से एक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है।बेलकुण्डा तेलिया टोला निवासी मनवुअर अली की बेटियां मंगलवार को देर शाम लगभग 8 बजे के लगभग नल पर पर कपड़ा धुल रही थीं।कपड़ा धोते समय अचानक टुल्लू पंप में करंट उतर गया और छोटी बहन आसिया खातून विद्युत के चपेट में आ गई।यह देख बड़ी बहन खुश्बून खातून छोटी बहन को बचाने के लिए दौड़ी और वह भी विद्युत के चपेट में आ गई।बच्ची की चिल्लाने की आवाज घर के लोगों ने सुना और दौड़ कर पहुंचे।किसी तरह विद्युत के चपेट से बच्चियों को बचाते तब तक दोनों बच्चियां बुरी तरह से जख्मी हो गई थीं।परिजन आनन-फानन में दोनों जख्मी बच्चियों को लेकर देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही आशिया खातून उम्र 17 बर्ष की मौत हो गई। वह दसवीं की छात्रा थी।बड़ी बहन खुश्बून खातून उम्र 19 बर्ष की भी हालत गंभीर है और उसका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।आशिया के मरने की खबर सुनकर पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

## यातायात नियमों के पालन से कम होंगी दुर्घटनाएं : सीओ

**रुद्रपुर, देवरिया।** स्थानीय रामजी सहाय पी. जी कॉलेज के सुमित्रा सहाय सभागार में बुधवार को यातायात माह नवंबर के अवसर पर ?सड़क सुरक्षा जागरूकता? पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि अंशुमन श्रीवास्तव,क्षेत्राधिकारी यातायात देवरिया ने अपने संबोधन में कहा कि हमें एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। नियमों का पालन करने से दुर्घटनायें कम होंगी। विशिष्ट अतिथि कोतवाल रतन पांडेय ने यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. बृजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि निश्चित रूप से इस बढ़ती आबादी के कारण सड़कों पर चलने वालों की भीड़ बढ़ी है।जिससे दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ी है।इस तरह की संगोष्ठियों के आयोजन से हमारे छात्र-छात्राएं जागरूक होकर ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे।इस अवसर पर भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में डॉ आशुतोष कुमार सिंह, डॉ.शरद वर्मा, डॉ आनंद मोहन डॉ. अजय पांडेय, डॉ.अशोक कुमार सिंह, डॉ विनोद कुमार गौतम,मुकेश चौधरी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें

## भटनी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का कार्य प्रारम्भ : क्षेत्र में खुशी की लहर

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत के 115नम्बर रेलवे ओवरब्रिज के बहुप्रतीक्षित निर्माण कार्य हुआ शुरू होने क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी है। इस रेलवे ढाले से आने व जाने वाले बडे वाहनो का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है।ओवरब्रिज निर्माण के पहले ही भटनी -भरथुआ सडक मार्ग से ग्राम साहोपार के पास बने अण्डरपास से ही वाईपास होकर बिहार व भिंगारी बाजार जाने वाले भारी वाहनो का मार्ग परिवर्तित कर 115नम्बर रेलवे ढाला होने हुए नूरीगंज बाजार होते हुए छोटी गण्डक नदी पर बने बनकटाशिव के पास पक्के पुल होकर डुमरी होते हुए भटनी-बलुआअफगान के सडक मार्ग से लल्लन चौराहे से भिंगारी बाजार व बलुआअफगान से बिहार जाने के लिए कर दिया गया है।और भटनी के साहोपार के सामने बने अण्डरपास के पास लल्लन चौराहा व जिगीनी चोराहे पर पुलिस पीकेट प्वाइंट बनाकर बडे वाहनो को आने जाने से रोकने के लिए डाईवर्जन चिन्ह भी लगा दिया गया है।नूरीगंज बाजार मे जाम की स्थिति न बने इसके लिए भी पुलिस निगरानी कर रही है।ओवरब्रिज का निर्माण का कार्य उ प्र सेतु निगम द्वारा किया जा रहा है।पुल के पीलर का पहला पाया रेलवे फाटक के उत्तर तरफ निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।मार्ग परिवर्तित हो जाने के बाद भारी वाहनो को लगभग 10किमी की दूरी तय कर जाना पड रहा है।इस तरह की समस्या ओवरब्रिज का निर्माण होने तक रहेगा।सेतू निगम द्वारा मार्ग परिवर्तन एक बोर्ड भी लगा दिया गया है।ओवरब्रिज के निर्माण शुरू हो जाने पर क्षेत्रीय व उ प्र व बिहार के लोगो में खुशी दौड़ गयी है।

## राम-सीता विवाह अटूट प्रेम व शक्ति का संतुलन



**बांदा।** तिंदवारी कस्बे के संकट मोचन आश्रम में 5 कुंडीय हनुमते तथा गायत्री यज्ञ के अंतर्गत संगीतमयी रामकथा और संत सम्मेलन के चैथे दिन रामकथा का वर्णन सुन श्रोता भावविभोर हो गये।कथावाचक प्रीती रामायणी दिल्ली ने राम और सीता जी के विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होने बताया कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था।एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया।यह देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नही था।राजा ने प्रतिज्ञा की, कि जो इस धनुष का प्रत्यंचा चढ़ाएगा उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा।वहां आये सभी ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नही मिली।गुरू की आज्ञा से श्रीराम धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ।यह एक अलौकिक विवाह था जिसमें प्रेम और शक्ति का संतुलन था।जिसमें जन मानस पर अपनी अमिट छाप छोड़ी थी।कथावाक प्रीती रामायणी ने बताया कि जब श्रीराम भाई लक्ष्मण सहित गुरू विश्वामित्र की सहायता के लिए दैत्यों के संहार के लिए निकल पड़ते हैं तब उनकी इस विजय यात्रा के समय एक पड़ाव मिथला में पड़ता है।कहा कि जनकपुर से जब सीता जी की विदाई हुई तब उनके माता पिता ने उन्हे ससुराल में कैसे रहना है इसकी सीख दी।प्रत्येक माता-पिता को अपनी पुत्री को विवाह के समय ऐसी ही सीख देनी चाहिए।कन्या को ऐसा कोई कार्य नही करना चाहिए जिससे ससुराल व मायका दोनो कुल कलंकित हों। माता सीता ने पूरे जीवन माता पिता की सीख का पालन किया और जीवन में कष्ट सहन करते हुए भी कोई अनुचित कार्य नही किया। इस अवसर पर आश्रम के महंत स्वामी उद्धवदास, स्वामी सत्यनारायण, संजय महाराज पुजारी, ओंगानंद, जगदीश त्रिवेदी रामायणी, चंद्रशेखर शास्त्री रामायणी, कमल मिश्रा, शिवम द्विवेदी, अशोक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो सप्ताह से बीज गोदाम पर गेहूं का बीज नहीं, किसान लगा रहे हैं गोदाम के चक्कर

जिला संवाददाता(vol)

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के खोरीबारी रामपुर मे स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर लगभग दो सप्ताह से गेहूं का बीज उपलब्ध नही है।जिम्मेदार अधिकारी किसानों के फोन को भी उठाने की फुर्सत नही।बेचारे किसान गोदाम का चक्कर लगाते लगाते थक हार कर निराश मन से घर का रुख कर प्रतिदिन वापस आ रहे है।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार केवल एक बार ही बीज गोदाम से बीज का वितरण हुआ।काफी हंगामे के कारण बीज का वितरण बन्द कर दिया गया है कि बीज उपलब्ध नही है।बीज का वितरण महज तीन गाँवो मे ही सर्वाधिक बीज का वितरण कर दिया है।सूत्रो का कहना है कि कम खेत है उन्हे भी सर्वाधिक मात्रा बीज दिया गया।मामला क्या है यह तो जाँच कराये जाने के बाद ही पता चल पाया है।किसान जोताई कराकर सिंचाई भी कर दिये है।इन्तजार है तो केवल बीज की।बोआई को लेकर किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीरे स्पष्ट झलक रहा है।इस विकास खण्ड मे 71ग्राम पंचायतें है।लगभग पौने दो लाख की आबादी है।और बीज का वितरण मात्र एक राजकीय गोदाम से ही कराया जा रहा है।आखिर इतने बडे संख्या मे किसानों का बीज वितरण कराना मात्र एक जगह से कैसे करा पायेगा प्रशासन।इतनी भारी भीड को एक साथ बीज को उपलब्ध ढेरी खीर सावित होगी।जिस तरह से सभी समिति के गोदामो पर खाद उपलब्ध कराया गया तो बीज भी समितियों के माध्यम से प्रशासन बीज जिला प्रशासन क्यो नही करा रहा है?भटनी मे कुल 12समितियां साहोपार नूनखार घाँटी मोतीपुर भरहेचौरा पिपराशुक्ल जिरासो बलुआअफगान जिगीनी देवघाट व नोनापार व सल्लहपुर है।सभी समितियों के माध्यम से किसानों को बीज उपलब्ध कराया गया तो किसानों को आसानी से बीज उपलब्ध हो सकेगा।कृषि मंत्री उ प्र सरकार के गृह जनपद मे ही बीज के कील्लत से हाहाकार मची हुई है।किसानों को उन्नतिशील बीज व किसानों को खेती को आधुनिक ढंग से खेती कराने की बात सत्ता मे बैठे लोग सार्वजनिक सभाओ सहित वयानबाजी कर किसानों को लुभाने का प्रयास करते रहते है लेकिन जब खेती करने का मौसम आता है तो ये सारी घोषणाएं हवा हवाई हो जाती है।किसानों को कभी बीज तो कभी खाद की कील्लत जूझना पडता है।हार थक कर महंगे दामो पर बीज व उर्बरक खरीदना पडता है।जिसके कारण अंकुरण होने पर पैदावार भी कम हो जाता है।जिससे सरकार की घोषणाओं पर पानी फिर जाता।किसानों को आर्थिक तंगी से उबारनेसरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक न होने के कारण किसान हमेशा आर्थिक तंगी का शिकार हो ही जाता है।बीज की उपलब्थता को लेकर जिला कृषि अधिकारी से बात की गयी तो बताये कि बीज उपलब्ध हो जाने पर शीघ्र ही बीज भटनी भेजवायेगे। उठाया बीज की उपलब्थता को लेकर किसानों मे संसय बना हुआ है कि बीज आयेगा की नही और आयेगा तो बीज उपलब्ध हो पायेगा की नही किसान इसी चिन्ता मे डुबा हुआ है।वही बीज गोदाम भटनी के इंचार्ज द्वारा किसानों का फोन न उठाना भी एक सवाल खडा हो गया है।जिससे किसानों का हुजूम प्रतिदिन गोदाम पर आने व जाने का कार्य कर रहे है। जिम्मेदार अधिकारियों का गैरजिम्मेदाराना कार्यशैली भी सरकार व जनता के बीज सामंजस्य नही बल्कि एक दुसरे के विरोधी बनाने मे भी अहंम भूमिका निभा रहे।ऐसे अधिकारियों को जिलाधिकारी व उ प्र के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को चिन्हित कर कार्यवाही करने से भी परहेज नही करना चाहिए।

# जल जीवन मिशन योजनाः डीएम ने की कार्यों की समीक्षा




**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज-2 में कुल 124 नग ओवर हेड टैंक, 164757 नग हर घर नल जल कनेक्शन, 3061 किलोमीटर पाइप लाइन डिस्ट्रीब्यूशन, 249 अदद ग्रामीण पेयजल योजनाओं व फेज-3 में कुल 204 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनायें स्वीकृत हैं। जिनमें क्रमशः 145 अदद व 70 अदद स्वच्छ पेयजल योज ?नाओं से जलापूर्ति की जा रही है। ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण है, शिरोपरि जलाशय क्रमशः 124 अदद् व 38 अदद् का कार्य पूर्ण है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त कार्यों को निर्धारित मानक के अनुसार व तय समय सीमा के अंदर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये। आईएसए के तहत जागरूकता हेतु ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित करे एवं ओवर हेड टैंक की उपयोगिता, पानी की गुणवत्ता, स्वच्छ पेय जल आपूर्ति की सुविधाओं के बारे में भी जन जागरूक करें। आयोजित बैठकों ग्राम के सभी वर्गों को आमंत्रित करें, बैठकों का डॉक्यूमेंटेशन अनिवार्य है, एवं फोटो, शॉर्ट फिल्म वीडियो भी सुरक्षित रखें। पानी की गुणवत्ता की जांच समय समय पर सैंपल के माध्यम से करें तथा रोड रेस्टोरेशन, रेट्रो फिटिंग, ओवरहेड टैंक निर्माण का यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करें तथा अवशेष हर घर नल जल कनेक्शन से ज्यादा से ज्यादा घरों को स्थापित करें। जहां परियोजना पूर्ण है वहां स्वच्छ पेय जल आपूर्ति शीघ्र करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अधिशासी अभियंता उ० प्र० जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर, समस्त सहायक अभियंता एवं जूनियर इंजिनियर उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कार्यदायी एजेंसी मे० एनसीसी लिमिटेड कुशीनगर के जनरल मैनेजर व परियोजना प्रबंधक टीपीआईए में मेघज टेक्नोप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड के डीपीएम, डीपीमयू के जिला समन्वयक समन्वयक, आईएसए को-आर्डिनेटर, समस्त अनुबंधित आईएसए एजेंसियों के प्रबंधक आदि उपस्थित रहें।

## ठेकेदार संघ के संजय तिवारी बने अध्यक्ष

**देवरिया ।** ठेकेदार संघ नगरपालिका, नगर पंचायत जनपद देवरिया की कलेक्ट्रेट में समापन हुई बैठक मेंनगरपालिकाओं/नगर पंचायतों के ठेकेदारों की समस्याओं के समाधान व कल्याण के लिए सर्वसम्मिति से संजय कुमार तिवारी कोअध्यक्ष और राकेश कुमार शाही व को उपाध्यक्ष, हरेराम सिंह को महामंत्री चुना गया। शेष पद हेतु अगले बैठक मे निर्णय किया जायेगा । बैठक में संजय कुमार तिवारी को जिलाध्यक्ष चुने जाने पर राकेश कुमार शाही, हरेराम सिंह, अरविन्द सिंह (मामा) दामोदर मणि, अजय कुमार सिंह (अन्नू), नवीन्द्र सिंह, राजन यादव, मनोज कुमार सिंह, अखिलेश यादव, सन्नी मणितिवारी, विक्रान्त सिंह, रामप्रवेश यादव, राजू सिंह, विशाल सिंह, नरेन्द्र सिंह,जयराम यादव आदि ने निर्वाचित पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामानायें दिया ।

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा केंद्रों की सूची पोर्टल पर हुआ अपलोड

कुशीनगर। जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र कुमार ने अवगत कराया है कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्र निर्धारण हेतु निर्गत शासनादेश 17 सितम्बर, 2024 एवं संशोधित शासनादेश 04 नवम्बर, 2024 के आलोक में परिषद की वेबसाइट पर जिलाधिकारी द्वारा गठित तहसील स्तरीय समिति द्वारा प्रमाणित /अपडेट कराई गयी विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं के आधार पर ऑनलाइन प्रविधि से चयनित परीक्षा केन्द्रों (विद्यालय छात्र आवंटन सहित) की सूची सार्वजनिक करते हुए डीएम की अध्यक्षता में गठित जनपदीय केन्द्र निर्धारण समिति के अवलोकनार्थ परीक्षण तथा अनुमोदन हेतु परिषद की वेबसाइट ४स्रे२स्त्र.ीि.ल्ल पर जिला विद्यालय निरीक्षक के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।जिला विद्यालय निरीक्षक ने उक्त के क्रम में निर्देशित किया है कि परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति/शिकायत हो तो इस सम्बन्ध में संस्था के प्रधानाचार्य / प्रबन्धक युक्तियुक्त कारणो / साक्ष्यों सहित जनपदीय केन्द्र निर्धारण समिति के समक्ष परिषद द्वारा निर्धारित प्रारूप में अपना प्रत्यावेदन ऑनलाइन माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल ४स्रे२स्त्र.ीि.ल्ल पर दिनांक 14 नवम्बर, 2024 तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के बाद कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।

# महिलाओं को जागरूक होने का दिया संदेश




**देवरिया ।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरुकता कार्यक्रम, समीक्षा बैठक तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम वी.वी.आई.पी. गेस्ट हाउस निरीक्षण भवन के मीटिंग हाल, देवरिया में सम्पादित किया गया। जन सुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आईं पीड़ित महिलाओं ने अपनी समस्याओं को आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया।

महिला जनसुनवाई के दौरान उपाध्यक्ष के समक्ष कुल 25 प्रकरण प्रस्तुत हुये, जिसमें 20 प्रकरण घरेलू हिंसा, 03 प्रकरण मानसिक प्रताड़ना, 01 प्रकरण जमीनी विवाद तथा 01 प्रकरण चिकित्सा अनुदान का था।. उपाध्यक्ष द्वारा समस्त प्रकरणों को गम्भीरता पूर्वक समझते हुये प्रकरण के निस्तारण हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी नगर देवरिया को निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्याओं को गंभीरता से सुना और सभी महिलाओं को त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।उन्होंने यह स्पष्ट किया कि राज्य महिला आयोग महिलाओं की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनकी सुरक्षा एवं सम्मान को प्राथमिकता दी जाती हैइस अवसर पर उपाध्यक्ष ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया और उन्हें किसी भी प्रकार की हिंसा या अन्याय का सामना करने पर तुरंत राज्य महिला आयोग से संपर्क करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना है, ताकि वे किसी भी स्थिति में न्याय से वंचित न हों। श्रीमती चौधरी ने यह भी कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं के साथ खड़ा है और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। संबंधित अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिए कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए और इसे लेकर किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। श्रीमती चारु चौधरी ने यह भी बताया कि महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में सभी महिलाओं का विवरण और उनकी समस्याओं को दर्ज किया जाता है, और समाधान के बाद उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त की जाती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि आयोग की कार्यवाही पारदर्शी और प्रभावी है।

महिला जनसुनवाई के दौरान अपर उप जिलाधिकारी मंजूर अहमद, अनिल कुमार सोनकर जिला परिवीक्षा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर, श्रीमती नीतू भारती तथा श्रीमती मीनू जायसवाल मनोवैज्ञानिक आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंद महिलाओं को मिली सिलाई मशीन

मीरगंज, बरेली। मीरगंज स्थित गणेश बैंकट हॉल में बुधवार को हमारा नया संसार ट्रस्ट के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमें ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान हुसैन द्वारा गरीब महिलाओं को सिलाई की मशीनें वितरित की गईं।इस अवसर पर इमरान हुसैन ने बताया कि उनका ट्रस्ट समाज में विविध प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा हमारा ट्रस्ट नशा मुक्ति, बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, परिवार नियोजन, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, जैसे गंभीर मुद्दों पर काम करता है। इसके अलावा हम वृद्ध आश्रम, स्वास्थ्य सेवाओं, गरीबी उन्मूलन और सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और गोवंश की सुरक्षा के लिए भी सक्रिय हैं।कार्यक्रम में सिलाई की मशीनें प्राप्त करने वाली महिलाओं में चंपा देवी, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, आकांक्षा गंगवार, प्रेमवती, मीनाक्षी, पायल, किरण, लक्ष्मी और प्रियंका शर्मा शामिल थीं। कार्यक्रम में ट्रस्ट के जिला असगर अली और उत्तराखंड से असगर अली आदि शामिल थे।

## तीसरे दिन भी धरने पर बैठी महिला लगा रही है न्याय की गुहार



**कुशीनगर।** जिले के खड्डा क्षेत्र के गांव सौरहा खुर्द की एक महिला पट्टीदारों द्वारा दरवाजे पर दिवार खड़ा करने और खेत में जबरजस्ती मेड़ बांधने का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग को लेकर अपने दरवाजे पर तीन दिनों से धरने पर बैठीं हुईं है।बताते चले कि धरने पर बैठी भुनगी देवी का आरोप हैं कि उसके पट्टीदार दरवाजे पर दिवार चला दिए हैं और खेत में भी मेंड़ बाध दिए है। शिकायत के बाद मामले का निस्तारण करने पहुंचे लेखपाल के सामने ही उसके पति गुलाब को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें मामले में कुछ लोगों पर मुकदमा भी दर्ज हुआ है।

उसने आरोप लगाया है कि बगैर किसी आधार के दबंगई के बल पर उसके घर और खेत पर कब्जा कर लिया गया है, जबकि सभी भू-लेखों में उसका नाम दर्ज है। पीड़िता दरवाजे पर चलाएं गये दिवार और खेत में बांधे गए मेंड़ को तोड़वाने की मांग कर रही है।

वही बुधवार को लेखपाल शितल सिंह धरना स्थल पर पहुंच कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया गया लेकिन महिला अपनी मांगों पर अड़ी हुई हैं। लेखपाल ने बताया कि मामले के स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया हूं।

**● महिला का पट्टीदारों द्वारा दरवाजे पर दिवार खड़ा करने और खेत में जबरजस्ती मेड़ बांधने का है आरोप**

## प्रचार वाहन को डीएम ने किया रवाना



**कुशीनगर।** जनपद में किसानों को पराली ना जलाने के संबंध में जागरूक करने हेतु कृषि विभाग के प्रचार वाहनों को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया।

इन प्रचार वाहनों द्वारा जनपद के सभी विकास खंडों का भ्रमण करते हुए किसानों के बीच पराली प्रबंधन के संबंध में जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाएगा। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने अवगत कराया की पराली जलने की घटना रोकने के लिए जिलाधिकारी महोदय के स्तर से तहसील एवं विकास खंड स्तरीय समितियां के गठन एवं पराली प्रबंधन के संबंध विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। पराली जलाने की घटनाओं की सूचना सेटेलाइट के माध्यम से अक्षांश व देशांतर सहित प्रतिदिन प्राप्त हो रही है जिसका सत्यापन लेखपाल एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है।

पराली की घटना की पुष्टि होने पर किसानों को नोटिस देने एवं उन पर जुमार्ना लगाने की कार्यवाही की जा रही है। पराली जलाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार के द्वारा जुमार्ने की राशि अब दोगुनी कर दी गई है।

संक्षेप

## दीवार की खूंटी से लटका मिला युवक का शव

फतेहपुरपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव हयासपुर में एक युवक का षव अज्ञात कारणों से घर के अन्दर दीवार में लगी खूंटी से लटकता मिला। षव देखकर कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने षव कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की है। गांव निवासी भगोने के लगभग बीस वर्षीय पुत्र कपिल का षव मंगलवार को देर रात घर के अन्दर लटकता देखकर घरवालों के होश उड़ गए और कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसपर पहुँची पुलिस ने विधिक कार्यवाही की।

## भागवताचार्य ने श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव राजेपुर में चल रही भागवत कथा में भागवताचार्य सतीश कुमार त्रिपाठी ने सुनाया कि सद्गुण सम्पन्न संतान प्राप्त करने के लिए माता पिता को भी सदाचारी होना चाहिए। गांव में कमलेश दीक्षित के यहाँ भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाते कहा कि भगवान दुष्टों का विनाश करने के लिए समय समय पर अवतरित होकर अपनी लीला से मानव को जीवन जीने की कला सिखाते हैं और सदाचरण करने वाले का उद्धार करते हैं।उन्होंने कहा कि जब पूतना भगवान का वध करने के उद्देश्य से वहाँ पहुँची तो भगवान ने उसे गुप्त रूप से अहसास करा दिया कि उनका वास्तविक रूप क्या है इसलिए वापस लौट जाये लेकिन जब पूतना ने अपनी राक्षसी प्रवृत्ति के कारण वापस नहीं गई तो भगवान ने उसका वध करके उद्धार किया। आयोजक कमलेश दीक्षित, विमलेश दीक्षित, राकेश दीक्षित आदि ने परिवार सहित कथा में भगवान के अवतरण प्रसंग पर उपस्थित भक्तों को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

## हादसे में घायल बाइक सवार युवक की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लखनऊ बांगरमऊ रोड पर तकिया चौराहे के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। जिसे परिजन जिला अस्पताल ले गए जहाँ इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। थाना बांगरमऊ के गांव नगरा अतरधनी निवासी लालता प्रसाद का लगभग बाइस वर्षीय पुत्र विवेक किसी काम से बाइक से तकिया चैराहे गया था तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे विवेक गंभीर घायल हो गया। घायल विवेक को परिजन जिला अस्पताल ले गए जहाँ उसकी मौत हो गई।

## महासभा ने कथावाचक को सम्मानित किया

उन्नाव। सदर विधायक के नेतृत्व में भारतीय चौरसिया महासभा की टीम ने विश्व विख्यात कथावाचक पं० देवकीनंदन ठाकुर जी से कार्यक्रम के सप्तम दिवस शिष्टाचार भेंट कर सम्मानित किया और उनका सानिध्य पाया। साकेत धाम रामलीला मैदान उन्नाव में बीते 7 नवम्बर से हो रही श्रीराम कथा एवं सीताराम यज्ञ के सातवें दिन बुधवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता के नेतृत्व में महासभा की टीम को विख्यात कथावाचक एवं शांतिदूत पं० देवकीनंदन ठाकुर का सानिध्य मिला। इस अवसर जिलाध्यक्ष चौरसिया शिवम चौऋषि की अनुपस्थिति में प्रभारी श्यामू चौरसिया के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने महाराज व विधायक को भी प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दिलीप चौरसिया तहसील अध्यक्ष सदर, दिनेश चौरसिया जिला सचिव, विजय चौरसिया बउवा जिला सचिव, अनुराग चौरसिया, अभिषेक चौरसिया, सर्वेश चौरसिया आदि पदाधिकारी शामिल हुए।

## बाघ के पद चिन्ह देख इलाके में दहशत

सीतापुर। महोली क्षेत्र में ब्रह्मा वली गांव के निकट किसानों ने बाघ के पद चिन्ह देखे हैं। पगचिन्ह देखे जाने के बाद किसानों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन दरोगा अक्षय कुमार पांडे अपनी टीम सहित गांव पहुंचे। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ काफी देर तक खेतों की काम्बिंग की। इस दौरान वन विभाग की टीम को बाग के पद चिन्ह मिले। जिसको देखने के बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा। चर्चा है कि कुंवरपुर लच्छा मे सुबह गन्ना छीलने गए लोगों को बाघ दिखा। ग्रामीणों ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई।

# सट्टे में हेराफेरी करने वालों पर निगरानी रखी जाये




**सीतापुर।** राज्यमंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग व प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की प्रचलित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा विकास, निर्माण एवं अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार गहन समीक्षा की गयी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण, आवास आदि से सम्बन्धित जितनी भी योजनाएं चालू की गयी हैं, उन सबका लाभ प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुये मंत्री ने कहा कि 05 लाख से अधिक बकाया बिल उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति के कनेक्शनों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायें। साथ ही जो भी संबंधित अधिकारी कर्मचारी किसी भी उपभोक्ता के घर मोबाइल लेकर न प्रवेश करें और न ही किसी प्रकार का वीडियो बनायें। उन्होंने रामपुरमथुरा में बनाये गये फीडर की स्थिति की कार्यप्रणाली का निरीक्षण कराने तथा जर्जर विद्युत तारों को जल्द ही बदलने के निर्देश दिये।

- प्रभारी मंत्री ने जर्जर विद्युत तारों को जल्द बदलने के बैठक के दौरान दिये निर्देश

खाद्य विपणन विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने धान खरीद की स्थिति खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि क्रय केन्द्रों की सूची उपलब्ध करायी जाये, केवल कृषकों से ही धान खरीद की जाये तथा जांच समिति बनाते हुये ऐसे लोगों पर निगरानी रखी जाये, जो लोग बल्क में खतौनी लेकर धान विक्रय करने आते हैं, उनसे धान खरीद न की जाये। सट्टे में हेराफेरी व प्रशासन को गुमराह करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाये, जिससे किसानों के साथ धोखाधड़ी न होने पाये। किसी भी स्तर पर उन्हें भ्रमित न करते हुए पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र से विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए महिला हेल्पलाइन, महिला सुरक्षा दल, 112 सचल दल, 1076 सहित शेफ सिटि के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने सहित अन्य सुरक्षा बिन्दुओं के बारे में अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान सांसद मिश्रित अशोक रावत ने निर्देश दिये कि जिला पंचायत की जमीनों पर अवैध कब्जेदारों को भू-माफिया चिन्हित किया गया है। उन पर मुकदमा पंजीकृत कराते हुये गिरफ्तारी अवश्य करायी जाये तथा इन भू-माफियाओं से कब्जा की गयी जमीनों को मुक्त कराया जाये। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुये संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बैठक में उपस्थित सभी विधायकगण सहित जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु आश्वस्त करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान सांसद मिश्रित अशोक रावत, विधायक मिश्रित रामकृष्ण भार्गव, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, विधायक महमूदाबाद आशा मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुरुषों की भागीदारी से ही सफल होगा परिवार नियोजन कार्यक्रमः डॉ. आशीष



सीतापुर। महमूदाबाद के विकास खंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को अंतरविभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन पापुलेशन फाउण्डेशन आफ इण्डिया एवं मोवियस फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित उम्मीद परियोजना के तहत किया गया।

बैठक में इस परियोजना के नोडल विभाग के रूप में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खंड विकास अधिकारी रामचंद्र वर्मा ने कहा कि परिवार नियोजन के प्रति जानजागरूकता बेहद जरूरी है।इसके लिए स्वयं सहायता समूह की स्वास्थ्य सखियों को परिवार नियोजन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे वह समूह सखियों को प्रशिक्षण देकर गांव-गांव लोगों को परिवार नियोजन को लेकर जागरूक कर सकें। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन जैसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम तभी पूरी तरह से सफल हो सकेगा, जब उसमें पुरुषों की समान रूप से भागीदारी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के साथ ही माता-पिता के साथ विवाह की सही उम्र और उससे होने वाले शारीरिक और सामजिक लाभों को लेकर सामूहिक रूप से चर्चा किए जाने की जरूरत है। इसके लिए हम सभी को एक साझा प्रयास करना होगा। पीएफआई संस्था की पूर्णिमा चैधरी ने बताया कि परियोजना के पहले पहले चरण में सीएचसी पर उम्मीद परिवार नियोजन परामर्श केंद्र की स्थापना की जा रही है। इसके बाद पीएचसी स्तर पर भी इन परामर्श केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन की जागरूकता और स्वीकार्यता को समुदाय में बढ़ाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर विभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठकों में बाल विवाह, लैंगिक असमानता तथा किशोरियों की स्वास्थ के प्रति स्वच्छता से सबंधित समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ने संस्था के द्वारा समूह के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी भी दी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के मिश्रिख, बिसवां, परसेंडी, ऐलिया, महमूदाबाद, खैराबाद, सिधौली, कसमंडा और गोंदलामऊ विकास खंडों में उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है।

## कार्तिक पूर्णिमा व बक्सर धाम मेले की तैयारियों का एसडीएम ने जायजा लिया



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के चंद्रिका धाम बक्सर में बुधवार को उप जिला अधिकारी रणवीर सिंह ने कार्तिक पूर्णिमा और बक्सर धाम मेले की तैयारियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम रणवीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने घाट की साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गंदगी किसी भी स्थिति में बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि जलप्रवाह क्षेत्र में किसी प्रकार की रुकावट न हो और साफ पानी की व्यवस्था हो। इस मौके पर बारा सगवर थाना प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा और ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया और कहा कि मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। ग्राम प्रधान ने भी साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं में हर संभव सहयोग का वादा किया। एसडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें और श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा प्रदान करें। निरीक्षण के बाद, उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा और बक्सर धाम मेले की तैयारियों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

## नाबालिग बच्चों से करायी जा रही मजदूरी



सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत सकरन में ग्राम प्रधान द्वारा शीतला माता मंदिर से देवराज वर्मा के घर तक करीब पांच सौ मीटर लम्बे नाले का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाला निर्माण में धांधली की जा रही है। निर्माण कार्य मे पुरानी व पीला ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। सीमेंट का प्रयोग भी मानक को ताक पर रखकर किया जा रहा है। जिसके चलते नाला बनने से पहले ही गिरने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा नाला निर्माण के दौरान नाबालिग मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीण रामचन्द्र यादव ने मानक विहीन बनवाए जा रहे नाला की शिकायत जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर की है द्य खंड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता ने बताया मामला जानकारी में नही है जांच करवायी जाएगी।

## मेडिकल छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए साहित्य व खेलकूद परिषद का गठन

नवाबगंज। क्षेत्र में स्थित सरस्वती मेडिकल कालेज द्वारा चिकित्सा पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं के बौद्धिक, शारीरिक, साहित्यिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद परिषद का गठन किया गया जिसमें संस्थान के प्रधानाचार्य डा0 आर.एन. श्रीवास्तव के प्रयासों से परिषद का अध्यक्ष डा0 सरिता श्रीवास्तव, पूर्व सचिव, राष्ट्रीय कत्थक संस्थान, सांस्कृतिक विभाग, उ0प्र0 सरकार को मनोनीत किया गया है।

साथ ही स्पष्ट एवं यथोचित मार्ग दर्शन के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों जैसे डा0 रूचि खरे, विख्यात दूरदर्शन कलाकार, डा0 सीमा वर्मा विख्यात लेखिका एवं साहित्यकार, एवं डा0 सुधा बाजपेई विख्यात खेलकूद विशेषज्ञ आदि को भी परिषद में विशेषज्ञ के रूप में मनोनीत किया गया। डा0 सरिता ने आहूत बैठक में कहा कि चिकित्सा पाठ्यक्रम के छात्रों को सदैव सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद के कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए एवं उत्साह पूर्वक प्रतिभाग करना चाहिए, सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत एवं नृत्य भी एक चिकित्सकीय थेरेपी एवं उपचार का ही कार्य करते हैं, इससे मानसिक तनाव एवं अवसाद जैसे विकारों से मुक्ति मिलती है। उन्होने बताया कि साहित्यिक चचाओं, वाद-संवाद इत्यादि से रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता में वृद्धि होती है, जोकि अभ्यास में रहेगी एवं भविष्य में आपके व्यवसाय एवं किये जाने वाले कार्यों को सकारात्मकता प्रकट करेगी। खेलकूद पर बात करते हुए उन्होनें एक किसी विचारक की बहुत सुंदर लोकोक्ति का संदर्भ दिया कि ह्यगंभीर होना है तो खेलोंह्य जो कि खेलकूद के संबध में यथार्थ है गंभीरता तो जीवन में कही न कही हर जगह आवश्यक हो जाती है चाहे वह अध्ययनकाल में हो, कार्यक्षेत्र में हो या जीवन में हो। परिषद के उपाध्यक्ष डा0 आर0के0श्रीवास्तव बैठक में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सनातन में देवताओं के हाथों अनिवार्य रूप से उपस्थित वाद्ययंत्रों का उदाहरण देते सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महत्व बताते हुए कहा कि संगीत से ही भाषाओं का जन्म हुआ है। उक्त विषयों पर बैठक में सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। परिषद की बैठक में प्रधानाचार्य आर.एन. श्रीवास्तव सहित डा0 निधि जौहरी, डा0 एस0एस0नेगी, डा0 शालिनी श्रीवास्तव, डा0 मो0 बयाजुद्दीन, डा0 चित्रांगदा गुप्ता, डा0 प्रगति, एवं छात्र-छात्राएं की उपस्थिति रही।

# जिले के 1.67 लाख से अधिक बुजुर्गों के बनेंगे आयुष्मान व वंदना कार्ड

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत यह कार्डधारक को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को इस योजना से संबंधित आयुष्मान कार्ड बनवाना होगा। यह कार्ड जिला चिकित्सालय सहित सभी ब्लॉक सीएचसी पर तैनात आयुष्मान मित्रों द्वारा बनाए जा रहे हैं। इसके लिए लाभार्थी को अपना आधार कार्ड लेकर संबंधित केंद्र पर जाना होगा। कार्यक्रम के जिला समन्वयक डॉ. अभिज्ञान सिंह ने बताया कि कोई भी लाभार्थी अपने मोबाइल फोन में आयुष्मान भारत एप को डाउनलोड करके आसानी से घर बैठे भी अपना आयुष्मान कार्ड बना सकता है। इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए एकमात्र पात्रता मापदंड यह है कि आवेदक की आयु 70 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। आयु का निर्धारण आधार कार्ड में दर्ज आयु के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए राशन कार्ड या फिर किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि अब तक एक हजार से अधिक बुजुर्गों के आवेदन कराए जा चुके हैं।

### घर बैठे ऐसे बनायें आयुष्मान कार्ड

- अपने मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान भारत ऐप डाउनलोड करें।
- लाभार्थी के रूप में लागिन पर क्लिक करें।
- कैप्चा और मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद आर्थेटिकेशन का तरीका चुने।
- लाभार्थी की डिटेल, आधार कार्ड की डिटेल दर्ज करें।
- यदि बेनीफिशरी नहीं मिलता है तो ई-केवाईसी के लिए प्रक्रिया का पालन करें और ओटीपी के लिए सहमति दें।
- डिक्लेरेशन प्रदान करें, मोबाइल फोन से ही फोटो कैप्चर करें और सभी सूचनाएं दर्ज करें।
- लाभार्थी का मोबाइल नंबर ओर ओटीपी दर्ज करें।
- लाभार्थी की कैटेगरी, पिन कोड आदि जानकारियां भरें
- परिवार के सदस्यों का विवरण भरने के बाद सम्मिट करने के लिए आगे बढ़ें।
- ई-केवाईसी के अप्रूवल के कुछ देर के बाद आयुष्मान वय वंदना कार्ड डाउनलोड करें।



## माफियाओं ने जिला खनन अधिकारी का मोबाइल तोड़ा

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम धनई खेड़ा में मंगलवार की रात खनन चल रहा था। सूचना पाकर जिला खनन अधिकारी शालिनी कुमारी मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि जिला खनन अधिकारी के पहुंचने पर भी खनन माफिया नहीं भागे, उल्टे जिला खनन अधिकारी से भिड़ गए। काफी देर तक गहमा गहमी का माहौल रहा। आप है कि इस बीच खनन माफिया ने जिला खनन अधिकारी से मारपीट की, अभद्रता की और गाली गलौज की। आरोप है कि उनका मोबाइल भी खनन माफिया ने तोड़ दिया। आरोप है कि खनन माफिया ने जिला खनन अधिकारी से छेड़छाड़ भी की। घटना के संबंध में जिला खनन अधिकारी शालिनी कुमारी ने रामकोट थाने में तहरीर दी है। तारीर के आधार पर पुलिस ने रामकोट थाने में अरजीत शुक्ला उर्फ छोटे भैया, दिवाकर प्रसाद पुत्र चंद्रिका प्रसाद निवासी ग्रान भगवानपुर पोस्ट सहसापुर आदि के खिलाफ छेड़छाड़ आदि धाराओ में केस दर्ज किया है। खनन माफियाओं द्वारा जिला खनन अधिकारी से हुई मारपीट पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## उन्नाव में फिल्म कजिन ईशा की शूटिंग जारी

पाटन, उन्नाव। हिंदी रोमांटिक फिल्म कजिन ईशा की शूटिंग को लेकर फिल्म के निर्देशक द्वारा नगर पंचायत भगवंतनगर में 6 दिन से चल रही शूटिंग को लेकर रोमांटिक फिल्म के बनाए जाने के उद्देश्य से शूटिंग की जा रही है। तहसील



बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतगत नगर पंचायत भगवंतनगर में 8 नवंबर से कजिन ईशा फिल्म की शूटिंग का कार्य निरन्तर किया जा रहा है जो माह के अंत तक चलेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए फिल्म के निर्देशक वैभव वर्मा ने बताया कि फिल्म का उद्देश्य रोमांस से भरा हुआ है। जिसमे फिल्म के किरदार अभिनेता विक्रांत राय के साथ अभिनेत्री हर्षिका केवल रामानी द्वारा सुंदर किरदार की भूमिका निभाई जा रही है।शूटिंग का शुभारंभ 8 नवंबर से कस्बा स्थित पक्के तालाब से किया गया।जो कस्बा के अलग अलग स्थानों पर सूटिंग का यह कार्य हुआ। 13 नवबंर को फिल्म की शूटिंग का यह कार्य कस्बा के चैकी चैराहे स्थित भैरव गुप्ता होटल को लक्ष्य में लेकर यह शूटिंग की गयीं। जिसमें शूटिंग के दौरान अभिनेता व अभिनेत्री द्वारा होटल पहुँचकर नाश्ता करने के पश्चात होटल से बाहर आते समय लोगो से अभिवादन की भूमिका निभाई गयी। शूटिंग के दौरान सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे तथा शूटिंग का आनन्द ले रहे थे। क्योंकि क्षेत्र में पहली बार फिल्म की शूटिंग को लेकर क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित है। फिल्म के निर्देशक द्वारा सभी वैधानिक कार्यवाही अमल में लाए जाने के बाद भी शूटिंग के दौरान आ रही कठिनाइयों को लेकर काफी परेशान दिखे। उन्होंने कहा कि मौके पर पुलिस बल न होने के कारण लोगों में आवागमन के कारण कैमरे को चलाना कठिन हो रहा है। फिल्म टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद फिल्म की सीन को शूट किया।

## सीएचसी अधीक्षक ने क्लीनिक संचालक को चेतावनी दे जड़ा ताला

लहरपुर /सीतापुर। नगर के मोहल्ला चैपडी टोला स्थित लाइफ केयर क्लीनिक को सीएचसी अधीक्षक ने फिर किया सीज। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला चैपडी टोला स्थित लाइफ केयर क्लीनिक को सीएचसी अधीक्षक अरविंद बाजपेई ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर क्लीनिक संचालक को सख्त चेतावनी देते हुए जड़ा ताला। विगत शनिवार को नगर के मोहल्ला चैपडी टोला स्थित लाइफ केयर क्लीनिक में इलाज के दौरान हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सरावा के दस वर्षीय समीर की मौत हो गई थी और पुलिस ने शव पीएम भी कराया था। इस प्रकरण में अस्पताल संचालक डॉ नजमुद्दीन पर गंभीर आरोप लगे थे। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्लीनिक सीज कर दिया गया था। बावजूद इसके क्लीनिक का संचालन बदस्तूर जारी था। जिसके बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिक को दोबारा सीज करने की कारवाई की है। बुधवार को पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे सी एच सी अधीक्षक अरविंद बाजपेई ने फिर से क्लीनिक पर ताला जड़ दिया और क्लीनिक में भर्ती मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने चेतावनी दी यदि बिना अनुमति क्लीनिक का संचालन फिर से किया गया तो सख्त कारवाई की जाएगी। इस मौके पर सी एच सी अधीक्षक डॉ अरविंद बाजपेई, डा प्रणव, डा सुबोध शुक्ल व पुलिस बल मौजूद था।



## पत्रकार की मां का निधन पर शोक की लहर

पुरवा-उन्नाव। श्रीमती राम रानी देवी चौरसिया पब्लिक स्कूल शिव-विहार की प्रबंधक पूनम चौरसिया की 85 वर्षीया माता जी का सोमवार देर रात निधन होने से उनके परिजनों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। मौरावां कस्बा के मोहल्ला नगर निवासी व बी०के०एच०आर० इं० कालेज में पूर्व प्रवक्ता स्व०



धुन्नीलाल चौरसिया धर्मपत्नी एवं श्रीमती राम रानी देवी चौरसिया पब्लिक स्कूल शिव-विहार पुरवा की प्रबंधक पूनम चौरसिया की माता कृष्णा देवी का निधन 11 नवम्बर की देर रात हो गया था। कृष्णा देवी के निधन से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। इसी कड़ी में स्थानीय श्रीमती राम रानी देवी चौरसिया पब्लिक स्कूल शिव-विहार पुरवा के छात्र-छात्राओं ने स्व० कृष्णा देवी की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उनके पुत्रों में एक दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ मनोज चौरसिया मदन, राजीव चौरसिया, इं० संतोष चौरसिया, पुत्रियों में भारतीय चौरसिया महासभा उन्नाव की जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एवं प्रबंधक श्रीमती राम रानी देवी चौरसिया पब्लिक स्कूल शिव-विहार पुरवा पूनम चौरसिया, माया देवी, पम्मी देवी, दामाद शिवम चौरसिया जिलाध्यक्ष भारतीय चैरसिया महासभा, अर्जुन चौरसिया, रामविलास चैरसिया बहुओं में साधना, मीरा, नेहा चौरसिया समेत सभी परिजनों ने गहरा दुःख जताया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को बक्सर घाट पर किया गया। उनके शुभचिंतकों ने सैकड़ों की संख्या में अंतिम दर्शन किए और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान मौरावां चेयरमैन कुंवर विवेक नारायण सेठ, भाजपा नेता उत्तम चंद्र लोधी, पूर्व चेयरमैन नवनीत शुक्ल, प्रधान अवधेश चैरसिया, पत्रकार एकता वेलफेयर एसोसिएशन एवं भारतीय चैरसिया महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एडवोकेट रत्नम चौरसिया समेत कई क्षेत्रीय गणमान्य अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

## दुष्कर्म में दोषी को 20 वर्ष कठोर कारावास

सीतापुर। नैमिषारण्य थाना में वर्ष 2022 नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के बस स्टॉप औरंगाबाद निवासी रोज अली उर्फ साहिद पुत्र शाबिर अली उर्फ पंडित के खिलाफ बहला फुसला कर भगा ले जाने और दुष्कर्म आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुये न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14ध्विशेष न्यायाधीश ( पॉक्सो एक्ट ) ने साक्ष्य को देखने, गवाहों व दोनों पक्ष के वकीलों की बहस सुनने के बाद रोज अली उर्फ साहिद को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने रोज अली उर्फ साहिद को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

## चोट पहुंचाने के दोषी को 2 वर्ष कारावास

सीतापुर। संदना थाने में वर्ष 2021 में सन्दना थाना क्षेत्र के ग्राम लोहगपुर निवासी पुनीत पुत्र बिरजू के खिलाफ मारपीट आदि धाराओं में किस दर्ज किया गया था। आरोप था कि पुनीत ने चोट पहुंचाई है। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14ध्विशेष न्यायाधीश ( पॉक्सो एक्ट ) ने सबूत को देखने गवाह हो और दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद पुनीत को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने पुनीत को 2 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वही पुनीत पर 20 हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया है।

# पृथ्वी बचाने का लें संकल्प

धरती का बढ़ता तापमान, अनियमित मौसम, अनियमित वर्षा, कड़ाके की ठंड, धधकती गर्मी, ग्लोबल वार्मिंग से फसलों की बर्बादी, बढ़ती बीमारियां जैसे तमाम चीजों से मानवता न सिर्फ दो-चार है बल्कि कराह भी रही है। ऐसे में अब लफ्फाजी और दोषारोपण को छोड़कर पूरी दुनिया को कठोर संकल्प के साथ जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए एकजुटता दिखानी होगी। पश्चिम के समृद्ध राष्ट्र हों या विकास की आकांक्षी साउथ ग्लोबल दुनिया, अब सबको जलवायु न्याय (क्लाइमेट जस्टिस) को हृदय से अपनाना होगा प्रकृति, पर्यावरण के संरक्षण के साथ सतत् विकास की अवधारणा पर आगे बढ़ना होगा। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन का सालाना सम्मेलन कॉप-29 अजरबेजान की राजधानी बाकू में 11 नवंबर से शुरू हो चुका है। सम्मेलन और संवाद करीब 15 दिनों तक चलेंगे। इस सम्मेलन का बुनियादी थीम वित्तपोषण तय किया गया है। करीब 15 साल के बाद जलवायु कोष और संसाधनों के दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के क्रांतिकारी प्रयास निरंतर जारी रहें, उनके लिए आर्थिक संसाधनों की ऐसी चिंता पहली बार की गई है। यह सिर्फ विकासशील, गरीब, पिछड़े देशों की ही समस्या नहीं है, बल्कि बड़े और विकसित देश भी चक्रवात, तूफान, बाढ़ जैसी बारिश, मरुस्थल जैसे सूखे और बढ़ती गर्मी को झेलते रहे हैं। वहां भी व्यापक नुकसान होता है, लोग हताहत होते हैं। जलवायु की गर्मी और निरंतर परिवर्तन वैश्विक समस्या है। जब कॉप 29 का सम्मेलन आरंभ हुआ है, तब दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमरीका में डोनाल्ड ट्रंप नए राष्ट्रपति चुने गए हैं। ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में पेरिस जलवायु समझौते को खारिज करते हुए अमरीका को उससे अलग कर लिया था। इस बार जब ट्रंप का दूसरा कार्यकाल शुरू होगा, तब भी अमरीका की सोच और रवैया पूर्ववत ही होगा, ऐसे संकेत मिल रहे हैं। कॉप 29 के सामने अनिश्चित भविष्य और वित्तीय संकट है। जलवायु परिवर्तन के 2009 के कोपेनहेगन सम्मेलन के दौरान तय किया गया था कि विकसित देश 2020 तक 100 अरब डॉलर प्रति वर्ष का कोष जुटाएंगे। उससे कमजोर, गरीब, विकासशील देशों की मदद की जाएगी, ताकि वे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ सकें। 2022 तक लक्ष्य आंशिक तौर पर ही हासिल किया जा सका। इस दौरान ग्लोबल साउथ के वित्तीय बोझ उससे कई गुना बढ़ गये, जिसके अनुमान कोपेनहेगन सम्मेलन के दौरान लगाए गए थे। कॉप 29 बाकू में नया वित्तीय लक्ष्य तय करेगा। चूंकि अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे अधिक ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी करता है, लिहाजा अमरीका को अपनी जिम्मेदारियों से भागना नहीं चाहिए। यदि ऐसा होता है और अमरीका जलवायु परिवर्तन समझौते से अलग रहता है, तो कॉप 29 के लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा सकता। इस बार चीन और खाड़ी देशों के वित्तीय योगदान के भी प्रयास किए जा रहे हैं। जो देश ऐसे योगदान से इंकार करते रहे हैं, क्योंकि उन देशों के लिए जलवायु संकट के हालात नहीं हैं, उनसे भी आर्थिक मदद मांगी जाएगी। उन देशों का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अमीर पश्चिमी देशों की तुलना में नगण्य-सा है। तेल और गैस का योजनाबद्ध विस्तार का आधे से ज्यादा हिस्सा पांच अमीर देशों का ही है। यह गौरतलब रहेगा कि बाकू सम्मेलन के दौरान भू-राजनीतिक न्याय, विकास और कर्ज सरीखे मुद्दों पर क्या संवाद होता है और क्या निष्कर्ष सामने आते हैं? लेकिन यह बिल्कुल ही 'विनाश और अंधकार' की स्थिति नहीं है। कॉप फेमवर्क के समानांतर निजी क्षेत्र ने भी अपनी प्रतिबद्धताएं निभाई हैं। सरकारों और जनहितैषी वर्ग ने भी काम किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा पहले की अपेक्षा सस्ती है। सौर ऊर्जा भी पिछले दशक की तुलना में 90 फीसदी सस्ती हुई है। बैटरी भंडारण और पवन ऊर्जा में भी नाटकीय सुधार हुए हैं। चीन का उत्सर्जन चरम पर पहुंच चुका है और अब दशक के अंत तक कम होना शुरू हो जाएगा। फिर भी ये विकास, सुधार और प्रयास जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के सामने बौने हैं। हमारे प्रयास और अधिक साहसिक, सृजनात्मक, सार्थक और समावेशी होने चाहिए।




**जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अब तक जो प्रयास हुए हैं, वे बढ़ते संकट की तुलना में नाकाफी हैं, इस पर जादा संवेदनशील होना पड़ेगा.**

# कर प्रणाली के सरलीकरण से बढ़ेगा राजस्व

**सुभाष चंद्र अग्रवाल**




आयकर अधिनियम 1961 में किये गये कुछ भ्रामक संशोधनों के साथ आज भी, देश में छह दशक पुरानी और एक जटिल कर व्यवस्था मौजूद है। ठीक इसी तरह 1 जुलाई 2017 से जो वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम को लागू किया गया, वह भी अनेक सुधारात्मक कदमों के साथ लगातार जीएसटी कर संरचना को बदली जाने वाली परंपरा का रूप दिये हुए है, जिससे बहुत सारे भ्रम अनेक जटिल प्रावधानों के साथ समस्या बने हुए हैं। वास्तव में बड़े पैमाने पर दुरुपयोग की गई छूटों से रहित एक नई कर व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, जो हमें कर प्रणाली संबंधित कई तरह की परेशानियों और जटिलाताओं से बचा सके। क्योंकि दुनिया के अधिकांश देशों के अनुरूप हमने भी उच्चतम 30 प्रतिशत की जो कर दर राजा चेलैय्या समिति की सिफारिशें पर शुरू की थी, जिसने काले धन का सफेद धन में बदलने की कोशिशें लगभग समाप्त कर दी थी, वह फायदा उपकर और अधिभार लगाते रहने के कारण करीब करीब खत्म हो गया है। अतः किसी भी खुलासा की गयी आय पर 30 प्रतिशत का उच्चतम स्लैब बहाल किया जाना चाहिए ताकि लोगों को अपनी पूरी आय का खुलासा करना यानी उसे किताब में लाना फायदेमंद लगे। साथ ही एक स्थायी स्वैक्षिक योजना शुरू की जानी चाहिए, जिसके तहत कर रिटर्न में आय के स्त्रोत के खुलासे की बाध्यता न हो।

इसे विशेष रूप से संपत्ति-सौदों में नगद लेनदेन के मामले में ध्यान में रखा जाये। अगर संपत्ति-सौदों पर पंजीकरण शुल्क भी घटाकर 3 फीसदी कर दिया जाए, साथ ही 30 प्रतिशत स्लैब के तहत अपनी आय का खुलासा करने वाले सभी लोगों के नाम वेबसाइट पर मौजूद हों, जिससे दूसरे लोग भी प्रेरित होकर इस छूट का फायदा उठा सकें, तो देश की कर व्यवस्था के लिए बहुत अच्छा होगा। दान, चंदा, राजनीतिक दलों को दिया गया योगदान और यहां तक कि कृषि आय जिसका बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किया जाता है, जैसी तमाम कर छूटों को समाप्त कर दिया जाना चाहिए। समग्रता में 5 लाख रुपये तक की छूट की घोषणा की जानी चाहिए; क्योंकि सामान्य किसान हर साल 5 लाख रुपये से ज्यादा नहीं कमाता। कृषि आय में कर छूट का फायदा जानी मानी हस्तियां अपनी बेहिसाब आय को कृषि आय के रूप में घोषित करके उठाती हैं। यह आमतौर पर व्यवहारिक रूप से बिना किसी उद्देश्य के लिए गांवों में खरीदी गई जमीनों के माध्यम से होता है। कृषि उपज में 5 से 10 लाख और 10 से 15 लाख के बीच की आय के लिए आयकर स्लैब क्रमशः 10 और 20 फीसदी हो सकते हैं, उसके बाद की आय के लिए 30 प्रतिशत के स्लैब का प्रावधान उचित होगा। कैलेंडर वर्ष को ही वित्तीय वर्ष बनाने की एलके झा समिति की सिफारिशों को मान लिया जाना चाहिए और इसे दुनिया के दूसरे देशों के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। इससे अप्रैल-मार्च को वर्तमान वित्तीय वर्ष के रूप में अपनाने की एक और ब्रिटिश विरासत का खात्मा हो जायेगा। इस बात पर भी गौर फरमाना होगा कि टैक्स और कारपोरेट ऑडिट के लिए अलग अलग मूल्य ह्रास-नियम रखना हास्यस्पद है। एकल एवं एकीकृत कर एवं कारपोरेट ऑडिट होना चाहिए।

**सामयिक**

छोटे नगद लेनदेन पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय 10 हजार रुपये से ऊपर की सभी खरीद बिक्री को अनिवार्य रूप से बैंक लेनदेन के माध्यम से सुनिश्चित करना चाहिए। इसके लिए क्रेडिट कार्ड पर लेनदेन शुल्क को घटाकर केवल आधा प्रतिशत किया जाना चाहिए और इसे जीएसटी से मुक्त होना चाहिए। इस आधा प्रतिशत शुल्क को भी केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही क्रेडिट कार्ड के माध्यम से की गई खरीदारी पर सभी तरह के प्रोत्साहन समाप्त करने चाहिए। क्रेडिट कार्ड पर वर्तमान उच्च 2 प्रतिशत लेनदेन शुल्क व्यापारियों को ग्राहकों से अलग से पैसे लेने के लिए मजबूर करता है। खासकर जहां व्यापार मार्जिन काफी कम है। केंद्र सरकार द्वारा आधा प्रतिशत लेनदेन शुल्क वहन करने की तुलना में इस प्रणाली से कहीं ज्यादा राजस्व प्राप्त होगा। क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंकों को भी क्रेडिट कार्ड के कई गुना ज्यादा उपयोग बढ़ जाने के कारण आधे प्रतिशत लेनदेन में भी बहुत कमाई होगी। इसी के साथ नगदी में लेनदेन करने वाले प्रत्येक जीएसटी पंजीकृत डीलर को क्रेडिट कार्ड स्वैपिंग मशीनों के दो सेट अनिवार्य रूप से दिए जाने चाहिए ताकि वे स्वैपिंग मशीन खराब है, का बहाना बनाकर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भुगतान रसीद देने से न बच सकें।

सरकार को ऐसे डीलरों के विरूद्ध सख्त कारवाई करनी चाहिए, जो क्रेडिट/डेबिट कार्ड से भुगतान को इंकार करें। विनिर्माण के क्षेत्र में इनपुट-टैक्स, क्रेडिट भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा जरिया है। आम ग्राहकों द्वारा छोड़े गये जीएसटी चालान व्यापारियों द्वारा झूठे इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने के लिए बेंचे जाते हैं। व्यापारियों द्वारा वास्तविक उपभोक्ताओं के बचे हुए जीएसटी चालान खरीदने वालों को नगदी का भुगतान किया जाता है, जिससे नगद मुद्रा ज्यादा प्रचलन में आती है। यही कारण है कि मुद्रा विमुद्रीकरण का मूल उद्देश्य विफल हो गया। मुद्रा प्रचलन में अनुमानित कमी आने की बजाय यह बढ़ी है। वास्तव में अत्यधिक इनपुट-टैक्स क्रेडिट के झूठे दावों से बचने के लिए निमार्ताओं द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए किए गए दावों की अनिवार्य रूप से फॉरेंसिक ऑडिट होनी चाहिए। इस बात पर भी गौर करना चाहिए कि 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को समाप्त करने के साथ क्या इनपुट टैक्स क्रेडिट को विनिर्माण/उत्पादक क्षेत्रों से पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है ? साथ ही क्या इसे केवल व्यापार योग्य वस्तुओं पर बरकरार रखा जा सकता है। नई जीएसटी कर संरचना प्रस्तुत की जानी चाहिए, जिसमें 6, 12 और 30 प्रतिशत के केवल तीन टैक्स स्लैब हो सकते हैं, जो वर्तमान में मौजूद सभी जीएसटी को समाप्त कर देंगे। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां कई तरह की जीएसटी दरें हैं। इस पर भी धीरे धीरे आगे बढ़ते हुए 6 और 12 प्रतिशत के स्लैब को 10 प्रतिशत की स्लैब से प्रतिस्थापित किया जा सकता है। शून्य प्रतिशत जीएसटी सिर्फ गैर ब्रांडेड कच्चे माल पर रखना चाहिए, जिसमें कृषि उत्पाद, मछली, मांस, कपास जैसी उपभोग की वस्तुए हों। कार, एयरकंडीशनर जैसी सभी दीर्घकालिक उपयोग की चीजें जैसे टीवी सेट, रेफ्रिजरेटर आदि पर 30 प्रतिशत का जीएसटी ही लागू किया जाना चाहिए और उनके अलग अलग हिस्सों पर समान रूप से 12 फीसदी जीएसटी स्लैब लगे। नासमझ नीति निमार्ताओं ने क्लच-प्लेट और क्लच-बेयरिंग को भी 18 और 28 फीसदी के जीएसटी स्लैब में रखा हुआ है। इसी तरह मिठाईयां, बिस्कुट, नमकीन जैसी बेंची जाने वाली वस्तुओं पर अलग अलग जीएसटी स्लैब हैं। मधुमेह का बड़े पैमाने पर कारण बनने वाली लग्जरी मिठाईयों पर भी केवल 5 फीसदी का टैक्स स्लैब है। इस पर सोचा जाना चाहिए। सोने और आभूषणों जैसी चीजों के चालान दो हिस्सों में तैयार किए जा सकते हैं। एक धातु और मूर्त वस्तुओं के लिए और दूसरा मेकिंग चार्ज के लिए, ताकि सुझाये गये 12 प्रतिशत जीएसटी केवल मेकिंग चार्ज पर लागू हो सके। जबकि अतिरिक्त विलासितापूर्ण चीजों पर उपकर को 7 प्रतिशत के गुणकों में अतिरिक्त जीएसटी स्लैब के रूप में प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए और सभी राज्यों में पेट्रोल और डीजल की समान कीमत सुनिश्चित करने के लिए पेट्रोलियम उत्पादन को जीएसटी शासन के तहत लाया जाना चाहिए।

**जीएसटी के लिए स्त्रोत पर ही कर कटौती को पूरी तरह से समाप्त किया जाना चाहिए, साथ ही सरकार की एक जेब से दूसरी जेब में टैक्स रखने के अनावश्यक सरकारी लेखांकन से बचने के लिए सभी सरकारी भुगतानों को जीएसटी से छूट देने पर विचार करना चाहिए। इसी क्रम में यह अतार्किक है कि स्पीड पोस्ट जैसी कुछ प्रीमियम डाक सेवाओं पर कर लगता है, लेकिन अन्य डाक सेवाओं पर जीएसटी लागू नहीं होता।**

## सोशल मीडिया



अघाड़ी गठबंधन ने तुष्टीकरण की सारी हदें पार की हैं, महाराष्ट्र की जनता प्रदेश की संस्कृति से खिलवाड़ करने वालों को इस बार भी सत्ता से दूर ही रखेगी। अमित शाह.



दरभंगा में एम्स बनने से इस क्षेत्र के साथ ही पूरे बिहार की स्वास्थ्य सेवा में क्रांति आयेगी और लोगों के बेहतर इलाज मिलेगा, इसके लिए मैं पीएम का बहुत आभारी हूं। नीतीश कुमार.



वायनाड की जनता को जिन्होंने मुझे अपना प्यार दिया व हाथ खोलकर मेरा स्वागत किया, पूरी ताकत से बाहर आकर लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए धन्यवाद। प्रियंका गांधी.

# नये ट्रेंड से और खूबसूरत हुआ साहित्य का लैंडस्केप




**साहित्य-संसार**

**शाहिद ए चौधरी**

साहित्यिक संसार निरंतर विकसित करते हुए विस्तृत सामाजिक, सांस्कृतिक व तकनीकी परिवर्तनों को प्रतिविम्बित करता रहता है। हाल के वर्षों में साहित्य में अनेक महत्वपूर्ण ट्रेंड्स सामने आये हैं, जो साहित्यिक लैंडस्केप को एक नया लुक प्रदान कर रहे हैं। ये ट्रेंड्स न केवल कहानियां सुनाने व सुनने के तरीकों को बदल रहे हैं बल्कि दोनों पाठकों व लेखकों के लिए अवसरों का विस्तार भी कर रहे हैं। आइये कुछ महत्वपूर्ण ट्रेंड्स का जिक्र करते हुए साहित्यिक समुदाय पर उनके प्रभाव का मूल्यांकन करते हैं। आज साहित्य में सबसे महत्वपूर्ण ट्रेंड यह है कि विविधता और समावेश पर बल दिया जा रहा है। पाठक उन कहानियों की तलाश कर रहे हैं जो विविध प्रकार के अनुभवों, संस्कृतियों और पहचानों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस मांग के कारण प्रकाशक विविध पृष्ठभूमि के लेखकों के कार्यों को वरीयता दे रहे हैं, जिससे साहित्यिक लैंडस्केप अधिक समृद्ध हो रहा है।

लेखकों के लिए यह ट्रेंड उन विशिष्ट अनुभवों को शेयर करने के दरवाजे खोल रहा है, जिन्हें अभी तक अनदेखा किया जा रहा था। यह लेखकों के लिए चुनौती भी है कि वह चरित्रों व संस्कृतियों का अधिक ईमानदारी से चित्रण करें, फलस्वरूप साहित्यिक जगत ज्यादा समावेशी होता जा रहा है। इस वजह से, मसलन, एंजी थॉमस की 'द हेट यू गिव' और या ग्यासी की 'होमकमिंग' को न सिर्फ आलोचकों ने खूब पसंद किया बल्कि उन्हें कमर्शियल सफलता भी मिली। इन दोनों पुस्तकों का ताना बाना भूख के इर्दगिर्द बुना गया है, लेकिन अलग अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों में। इसके अतिरिक्त साहित्यिक फेस्टिवल व अवार्ड्स भी निरंतरता से विविध आवाजों की पहचान करते हुए उनका जश्न मना रहे हैं। रुओनवाइसेज जैसी पहल हाशिये पर पड़े समुदायों के लेखकों द्वारा लिखी पुस्तकों को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे मालूम होता है कि उद्योग प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह समावेश साहित्यिक लैंडस्केप को तो सुंदर कर ही रहा है बल्कि साथ ही पाठकों में दया व समझ की भावनाओं को भी प्रोत्साहित कर रहा है। डिजिटल प्लेट फॉर्म्स और स्व-प्रकाशन के आगमन ने साहित्यिक संसार को लोकतांत्रिक बना दिया है। अपने पाठकों तक पहुंचने के लिए लेखक अब केवल परंपरागत प्रकाशकों पर निर्भर नहीं हैं। अमेजन, किंडल, डायरेक्ट पब्लिशिंग और वाटपैड जैसे प्लेटफॉर्म्स लेखकों को स्वतंत्र रूप से अपने कार्य प्रकाशित करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे साहित्यिक रचनात्मकता की एक नई लहर आ गई है।

इस ट्रेंड से नई आवाजों व विधाओं का विस्फोट हुआ है, पाठकों को साहित्य का बड़ा कैनवास मिला है। लेकिन इससे क्वालिटी कंट्रोल व मार्किट सेचुरेशन जैसी चुनौतियां भी सामने आयी हैं, जिससे स्व-प्रकाशित लेखकों के लिए आवश्यक हो गया है कि वह प्रोफेशनल सम्पादन व मार्केटिंग में निवेश करें। इसके अतिरिक्त ई-बुक्स और डिजिटल रीडिंग उपकरणों ने साहित्य को पहले से अधिक पाठकों तक पहुंचाया है। पाठक अब पूरा पुस्तकालय अपनी जेब में लेकर चल सकते हैं और एक बटन क्लिक करके लेखक ग्लोबल पाठकों तक पहुंच सकते हैं। डिजिटल क्रांति के कारण ई-बुक्स में मल्टीमीडिया तत्व भी शामिल किये जाने लगे हैं, जिससे पाठकों को कहानी का एक अलग ही अनुभव होता है। दैनिक या साप्ताहिक किस्तों में कहानी पाठकों को पढ़ाने का ट्रेंड बहुत पुराना है, जिसे 19वीं शताब्दी में चार्ल्स डिकेंस ने पॉपुलर किया था, बीच में यह ट्रेंड बंद हो गया था, लेकिन अब सबस्टैक व पैटरिऑन जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिये यह फिर लौट रहा है। इस ट्रेंड में लेखकों को आमंत्रित किया जाता है कि वह अपने कार्यों को किस्तों में जारी करें, अक्सर सीधे अपने पाठकों को, सब्सक्रिप्शन मॉडल के जरिये। किस्तों वाला फिक्शन लेखकों और पाठकों के बीच गहरा संबंध स्थापित करता है, जिसमें सामुदायिकता और अनुमान का भाव भी होता है। पाठक उत्सुकता से अगली किस्त की प्रतीक्षा में रहते हैं और लेखक वफादार पाठकों की जमात एकत्र कर लेता है। क्लाइमेट चेंज पर बढ़ती चिंताओं के कारण साहित्य पर्यावरण विषयों को प्रतिविम्बित कर रहा है, जिसे क्लाइमेट फिक्शन कहा जा रहा है। इन कहानियों में बताया जाता है कि पर्यावरण संकट का मानवता व ग्रह पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। इस प्रकार पाठकों को जागृत किया जाता है कि वह इस विषय पर गंभीरता से सोचें।

**विचार**

निंदा करने वाले व्यक्ति को तो अपने आंगन में कुटी छवाकर अपने पास रखना चाहिए। क्योंकि वह बिना साबुन पानी के ही हमारा स्वभाव निर्मल कर देता है।
-संत कबीर.

मनुष्य का अनुमान कभी भी उसकी त्रुटियों से नहीं लगाना चाहिए। त्रुटियां तो मानवता की सामान्य दुर्बलताएं हैं। महान सद्गुण ही मनुष्य के अपने होते हैं।
-स्वामी विवेकानन्द.

जैसे कछुआ अपने अंगों को समेट लेता है, उसी प्रकार जब मनुष्य अपनी इन्द्रियों को विषयों से खींच लेता है, तभी उसकी बुद्धि स्थिर होती है।
-महाभारत.

सबसे अच्छा व्यक्ति वह है जो अपनी प्रगति के लिए सबसे अधिक परिश्रम करता है।
-सुकरात.

बाद में उत्पन्न होने वाली समस्त इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रेंकलिन.

# विज्ञान के निष्कर्ष

**अंतर्दृष्टि**

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है।

भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# नैतिक आधार पर इस्तीफा

**व्यंग्यलोक**

देखिए भाई साहब! अब बहुत हो गया ये हमसे नैतिकता दिखाते हुए इस्तीफे की मांग का स्वांग करना। अब शांत हो जाइए प्लीज! वर्ना कहीं आपका गला न पक जाए। अब नैतिकता के आधार पर हमसे इस्तीफे की मांग की आप लक्ष्मण रेखा न लांघिए तो अच्छा रहेगा हम सब के लिए। जनता अब यह शोर सुन बोर होने लगी है। अब अगर वहां उस हादसे के लिए हमने भी आपसे इस्तीफे की इसी तरह मांग की होती तो आपको बहुत बुरा लगता। पर हमने तब नैतिकता की सीमाओं में रहकर आपसे नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। यही हमारा धर्म है। एक दूसरे से इस्तीफा मांगने में शालीनता बनी रहे तो अच्छा लगता है। हम नहीं चाहते कि आपको हमारे सत्ता में होते हुए कुछ बुरा लगे। ऐसे में आपके विपक्ष में होते हुए हमें भी तो कुछ बुरा नहीं लगना चाहिए न! सत्ता में कभी हम, तो कभी आप! जनता तो सत्ता में आने से रही। देखिए, यहां सरकार हम हैं तो वहां आप। ये भी नहीं कि हम आपसे नैतिकता के आधार उस हादसे के लिए आपकी तरह गला फाड़ फाड़ कर इस्तीफा नहीं मांग सकते। आज आपके उसूल हों या न, पर हमारे आज भी कुछ उसूल है। आप हमारे मौसरे भाई हो। हादसे हो जाते हैं। हादसों का काम होना है और हमारा काम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने के बदले उन हादसों की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाना। ये बात तो आप भी जानते ही हो कि जब हादसों का कारण अपने ही बंदे हों तो हम उनकी निष्पक्ष जांच करवा अपने पांव पर कुल्हाड़ी कैसे मार सकते हैं? वह तो अधिकतर शरीफों के पांवों को ही लहूलुहान करती रही है न! बंधु! हम तुम उस बिरादरी से हैं जो इस्तीफा देने के बाद के दर्द को बहुत गहरे से समझते रहे हैं। पद से इस्तीफा देने के बाद घरवाले भी नहीं पूछते। नेता तभी तक सुहाता है जब तक वह कुर्सी पर हो। अतः यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर हमारी जगह अपने को रख हमारी पीड़ा समझो बंधु! और हमें विश्वास है कि आप भी समझते होंगे। पर कई बार हम सत्ता पाने को लेकर अधिक ही मुंहफट हो जाते हैं। देखो, गिरा वो पुल और इस्तीफा दें हम? अब टकराईं वे रेलें और इस्तीफा दो आप? ये कहां का न्याय है? गिरे कोई, इस्तीफा दे कोई! गिरना जीवन की परिणति है। टकराना जीवन की जरूरत है। अरे जो हम इस्तीफा दे देंगे तो पुल के गिरने की, रेलों के भिड़ने की निष्पक्ष जांच कैसे होगी? अब रही बात पब्लिक कि तो सुनो डियर पब्लिक! हमने इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली है। अब दिल पर हाथ रख पब्लिक टीवी देखती रहे कि इस्तीफा न देते हुए हम उनके विरूद्ध कैसे कड़े से कड़ा एक्शन लेते हैं?



**अशोक गौतम**

## आपकी बात

### युवाओं में स्किल डिफिसिट

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है। रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह जरूरी है कि सरकार शिक्षा प्रणाली को ऐसा बनाये कि स्कूलों से जॉब सीकर निकलने के बजाये रोजगार सृजक निकलें। जब युवा उद्यमी बनेंगे तो अपने-आप देश में बेरोजगारी पूरी तरह से ही खत्म हो जायेगी।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### सौर ऊर्जा में प्रगति

किसी भी क्षेत्र में तेज प्रगति के लिए उपयुक्त माहौल, प्रशिक्षित श्रम और वित्तीय संसाधन के साथ ही सरकारी नीतियों की भी अहम भूमिका होती है। 1991 में आर्थिक सुधारों का सूत्रपात हुआ, उद्योग फ्रेंडली नीति बनी और औद्योगिक क्रांति का दौर आया। इसके पीछे भी सरकार की नीति ही थी। आज भारत एक साथ कई क्रांति के दौर से गुजर रहा है। डिजिटल क्रांति एक मुकाम तक पहुंच गयी है। बुनियादी संरचना में क्रांतिकारी की गति यह है कि भारत का रोड नेटवर्क चीन से ज्यादा हो गया है। इसी तरह सोलार क्रांति का दौर भी हम देख रहे हैं। सरकारी प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता, ऊर्जा आत्म निर्भरता की राष्ट्रीय आकांक्षा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने की ललक ने भारत में सोलार क्रांति का आगाज कर दिया है। सौर ऊर्जा उत्पादन से आमजन को जोड़ने की मोदी सरकार की नीति के कारण देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन बीते दस साल में बीस गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ने से इसकी लागत घटी और यह उम्मीद भी बंधी है कि भारत 2030 तक 280 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। इस मुकाम तक पहुंचने में हाल ही में शुरू की गई पीएम सूर्य घर योजना मील का पत्थर साबित हो सकती है। इस योजना में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 75,021 करोड़ मंजूर किए गए हैं। योजना के तहत एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें हर महीने 300 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होगा। योजना के तहत 1, 2 या 3 किलोवॉट तक का संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय मदद मिलेगी। विशेष तौर पर यह योजना 300 यूनिट से कम बिजली खर्च करने वाले घरों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें शहरी क्षेत्र के निम्न और निम्न-मध्य वर्ग के लोगों को लक्षित किया गया है। इस योजना में 2 किलोवॉट के संयंत्र पर 60 प्रतिशत, जबकि 2 से 3 किलोवॉट की अतिरिक्त प्रणाली के लिए 40 प्रतिशत सीएफए उपलब्ध कराई जाएगी। अभी के मूल्य के अनुसार 1 किलोवॉट के सिस्टम पर 30,000 रुपये, 2 पर 60,000 रुपये और 3 किलोवॉट या उससे अधिक के सिस्टम्स के लिए 78,000 रुपये का अनुदान मिलेगा। सोलर सिस्टम लगवाने के इच्छुक लोग नेशनल पोर्टल पर सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं और इसी पोर्टल पर वेंडर का चयन भी किया जा सकता है। सरकारी बयान के मुताबिक उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाने के लिए सिस्टम के आकार, लाभ की गणना, वेंडर की रेटिंग आदि से संबंधित सूचना दी जायेगी।

राजेश कुमार वर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

## प्राचार्य ने नवगठित कार्यकारिणी का किया सम्मान



**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ चुनाव के उपरान्त नए चुने गए अध्यक्ष डा.जनमेजय तिवारी , महामंत्री प्रो. अमूल्य सिंह एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डा. वेदप्रकाश का साकेत महाविद्यालय में स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के कुलानुशासक प्रो अशोक मिश्र और डा. बी.के. सिंह छात्र-कल्याण अधिकारी डॉ संतोष कुमार और डॉ. रवि कुमार चैरसिया के साथ-साथ महाविद्यालय परिवार के शिक्षक प्रो योगेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, प्रो मनोज छापड़िया, प्रो अभिषेक दत्त त्रिपाठी, प्रो पवन कुमार सिंह, प्रोअंजनी सिंह, प्रो. अशोक राय, प्रो आशुतोष त्रिपाठी, डॉ. विनय सिंह, डॉ रामलाल विश्वकर्मा, डा अविनाश तिवारी, डॉ संतलाल, कुमार, आदि महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# महापौर ने किया कार्तिक मेले के घाटों का निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** कार्तिक पूर्णिमा मेले में की तैयारियों को लेकर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने अयोध्या के घाटों का निरीक्षण किया। महापौर ने घाटों पर स्वच्छता, शौचालयों, महिलाओं के कपड़े बदलने के स्थल के नियमित साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। घाटों पर फागिंग करवाने, डस्टबिंन रखवाने, प्रकाश की व्यवस्था तथा कूड़ा प्रबंधन के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने संत तुलसीदास घाट पर बने नाले पर पटिया रखने का निर्देश दिया। उन्होंने राम की पैडी, सरयू आरती स्थल से राम कथा पार्क तक नगर निगम के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।महापौर ने कहा कि कार्तिक मेले में पूरे देश से श्रद्धालुओं

**● अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए है तैयार**

का आगमन अयोध्या में होता है। अयोध्या की महिमा तथा गरिमा के अनुसार यहां आने वाला श्रद्धालु अपने मन में यहां से अच्छी स्मृतियों को लेकर वापस जाए। नगर निगम इसके लिए प्रतिबद्ध है। साफ-सफाई के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं। मेले के दौरान घाटों, रामनगरी के रास्तों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल के व्यापक इंतजाम किए गए है। अयोध्या यहां आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला, सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार गुप्ता, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, महाप्रबंधक जलकल, सहायक अभियंता विद्युत यांतरिकज एवं निर्माण, अवर अभियंता विद्युत यांत्रिक एवं जलकल तथा अन्य अधिकारी गण व कर्मचारी गण मौजूद रहे

## डेढ़ करोड़ की लागत से बनेगी श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ में भोजनशाला

**अयोध्या।** श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ वेद पाठशाला दर्शननगर परिसर में डेढ़ करोड़ की लागत से 2500 स्क्वायर मीटर में 200 बटुको के बैठकर भोजन करने की क्षमता का अत्याधुनिक भोजनशाला का निर्माण शुरू होगा,उक्त जानकारी देते हुए गुरुकुल के निदेशक डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि तदनुसार 14 नवंबर को प्रातः 10 बजे गुरू वसिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ वेद पाठशाला के संस्थापक संरक्षक राजकुमार दास महराज अधिकारी श्री राम वल्लभा कुंज जानकी घाट, व कमल नयन दास महराज अधिकारी श्री मणि राम दास छावनी की गरिमा मय उपस्थिति में गुरुकुल विद्यापीठ के अध्यक्ष महाराजा गंगा सिंह विश्व विद्यालय बीकानेर राजस्थान के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ भूमि पूजन (शिलान्यास) करेंगे। भोजनशाला के साथ 11 लाख की लागत से बनने वाले 21 गणे 21 वर्ग मीटर की यज्ञशाला का लाल राजस्थानी पत्थर से निर्माण कार्य भी आज से प्रारंभ होगा , निदेशक ने बताया भोजनशाला का निर्माण कार्य एक सामाजिक संस्था के सहयोग से होगा। भुमि पूजन में गुरुकुल विद्यापीठ व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थानीय वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

## धान क्रय केंद्र की लचर व्यवस्था के चलते किसान बिचौलियों के हाथ बेचने को मजबूर



**अयोध्या।** सरकारी एजेंसियां भले धान खरीद शुरू होने का दावा कर रही है पर जमीनी हकीकत यह है कि विभागीय अधिकारियों के लापरवाही के चलते क्रम केन्द्र पर धान खरीद अभी भी शुरू नहीं हो पा रही है। राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के अध्यक्ष चैधरी रामसिंह ने कहा कि धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद न शुरू होने के कारण जनपद के किसान बिचैलिए के शिकार हो रहे हैं। और रबी की फसल की बुआई के लिए किसानों को इस समय खाद, बीज और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए पैसे की आवश्यकता है।जिसकी पूर्ति के लिए किसान क्रय केन्द्र पर धान खरीद शुरू न होने के कारण जरूरतों को पूरा करने के लिए पौने दामों पर बिचैलियों के हाथ बेचने को मजबूर है। रायबरेली रोड स्थित नवीन मंडी मे धान खरीद के तीन केन्द्र है।इनमें एक भारतीय खाद्य निगम तो दो खाद्य विभाग का है।एक मसौधा ब्लाक तो दूसरा नवीन मंडी का केंद्र है।केंद्र पर बोरा उपलब्ध न होने के कारण खरीद में तेजी नहीं हो पा रही है ।मंडलीय अधिकारी आर ए एम ओ दिनेश कुमार तिवारी ने आज उक्त केन्द्र पर जब निरीक्षण करने पहुंचे उनके आने की भनक लगते ही क्रम केन्द्र प्रभारी द्वारा खरीद शुरू दिखाने के लिए भारतीय खाद्य निगम व एक केन्द्र खाद्य विभाग पर 8,10 कुन्टल धान खरीद के लिए मंगाया गया। निरीक्षण के दौरान खरीद में तेजी लाने साफ सफाई पेयजल किसानों को बैठने के लिए केंद्र पर अधिकारियों को निर्देश दिया।राष्ट्रीय लोकदल के नेता चैधरी रामसिंह पटेल ने कहा कि रालोद का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिलेगा।

## अगर पेपर बटेंगे तो नंबर कटेंगे, विद्यार्थियों की बात माने सरकार: चंद्रशेखर

अयोध्या। बुधवार को नगीना के सांसद चंद्रशेखर रावण अयोध्या पहुंचे। उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।पोस्टर वार पर कहा कि मुझे बोलने की जरूरत नहीं, वही लोग आपस में बोल रहे हैं। बाकी मीडिया दिखा रही है।चंद्रशेखर रावण ने प्रयागराज में परीक्षार्थियों के प्रदर्शन पर कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार वन नेशन वन इलेक्शन की बात करती है तो वनडे वन शिफ्ट में बच्चों का पेपर क्यों नहीं करवा रही है।विद्यार्थियों ने बहुत अच्छा नारा दिया है। अगर पेपर बटेंगे तो नंबर कटेंगे।

## एमएलसी अंगद सिंह ने किया बेसिक बाल क्रीड़ा और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**बाराबंकी।** के0डी सिंह बाबू स्टेडियम में दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। इसके उपरान्त मार्च पास्ट की सलामी लेकर हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता की शुरूआत की।प्रतियोगिता में 15 ब्लॉक व एक नगर क्षेत्र के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, एआरपी बंकी सुभाष चंद्र तिवारी, प्रदीप श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी बंकी चंद्रशेखर यादव, देवा राम नारायण, निन्दूरा सुषमा सेंगर, फतेहपुर आरधना अवस्थी, बनीकोडर संजय राय, हैदरगढ़ सुनील गौड़, हरख अर्चना, रामनगर रमेश चंद्रा, नगर क्षेत्र जैनेन्द्र कुमार, जिला समन्वयक प्रशिक्षण विनीता मिश्रा, जिला समन्वयक एमआईएस पुनीत श्रीवास्तव, जिला व्यायाम शिक्षक रितु पाठक, अनिल सिंह सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## लोक अदालत की सफलता के लिए बैंक अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

**बहराइच ।** आगामी 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता एवं आमजन को अधिकाधिक लाभ पहुंचाये जाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव/नोडल अधिकारी लोक अदालत बहराइच विराट शिरोमणि ने सिविल कोर्ट बहराइच स्थित सभागार में लीड बैंक प्रबन्धक व अन्य बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए निर्देशित किया कि अधिकाधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाये। बैठक के दौरान बैंक अधिकारियों से गत लोक अदालत से अधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों का निस्तारण कराये जाने की अपेक्षा करते हुए लोक अदालत को सफल बनाये जाने के विषय में सुझाव भी प्राप्त किये गये।

## वृद्धाश्रम में संवासित 20 बुजुर्गों के बने आयुष्मान कार्ड



**बहराइच ।** अमीनपुर नगरौर स्थित वृद्धाश्रम में संवासित 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के शत-प्रतिशत वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा मंगलवार को भेजी गई टीम द्वारा कैम्प लगाकर 20 वृद्धजनों के आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाये गये। उल्लेखनीय है कि वृद्धाश्रम में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के संवासित 45 बुजुगों के सापेक्ष 10 के पास पूर्व से ही आयुष्मान कार्ड उपलब्ध है। अवशेष बचे 35 के सापेक्ष शिविर के माध्यम से 20 वृद्धजनों के आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बना दिये गये हैं। जबकि 15 बुजुगों की केवाईसी पूर्ण न होने के कारण एक सप्ताह के अन्दर पुनः शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जायेगी।

मंगलवार को आयोजित शिविर में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के संवासित बुजुगों यथा जनपद बहराइच निवासी कन्धई लाल, सुशीला, परमेश्वरी दयाल, कन्हैया लाल, केसरी देवी, मीरा देवी, सत्य प्रकाश, सियाराम, जगदीश, ननकऊ, राम लखन, तेज सिंह, मस्तराम मिश्रा, पंचम, श्यामलाल, सीतामाता, सलिक व अमृतलाल, गोण्डा के अवध सरन मिश्रा व श्रावस्ती के सियाराम दुबे के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की गई।

# प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले हुए प्रारम्भ

**अयोध्या।** मकबरा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में लोकसभा स्तर पर प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले बुधवार को प्रारम्भ हुए। ब्लाक स्तर की प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता 4 सितम्बर को हुआ था।

**● लोक सभा क्षेत्र के सभी 13 ब्लॉकों में आयोजित की गई प्रतियोगिता**

लोक सभा क्षेत्र के सभी 13 ब्लाकों में प्रतियोगिता आयोजित की गई।ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विजेता तथा उपविजेता टीमों के मध्य लोक सभा स्तर पर फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है।जिसमें लोक सभा स्तर पर टीम को विजेता घोषित किया जाएगा।प्रतियोगिता का उद्घाटन सिद्धपीठ श्री हनुमत निवास के महंत मिथिलेश नंदनी शरण महराज ने दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। छात्राओं द्वारा



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह तथा आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता में कबड्डी की कुल 14 टीमें खेल रही है।जिसमें कुल 6 मैच खेले गए।बुधवार को पहला मैच दरियाबाद व पूरा बाजार के मध्य खेला गया। जिसमें पूरा बाजार विजेता रहा।दूसरा मैच पूरेडलई तथा बीकापुर के मध्य खेला गया। जिसमें बीकापुर विजेता रहा। तीसरा मैच मिल्कीपुर तथा सोहावल के बीच खेला गया।जिसमें सोहावल ने मैच जीता। पूरा बाजार द्वितीय तथा मसौधा के बीच खेले गए मैच में मसौधा विजयी रहा।अमानीगंज व बनीकोडर मैच में बनीकोडर विजेता रहा। छठवां मैच सोहावल व हैरिग्टनगंज के मध्य खेला गया। जिसमें हरिंगटनगंज विजेता बना।

वालीबॉल की कुल 11 टीमें प्रतिभाग कर रही है। जिसमें बुधवार को 4 मैच खेले गए। पहला मैच हरिंगटनगंज व मसौधा के बीच खेला गया।जिसमें हैरिंगटनगंज विजेता रहा। दूसरा मैच मिल्कीपुर व पूराबाजार में हुआ।जिसमें मिल्कीपुर विजेता बना। तीसरा मैच अमानीगंज व दरियाबाद के बीच हुआ जिसमें दरियाबाद विजेता बना। मिल्कीपुर व मवई के बीच हुए चैथे मुकाबले में मिल्कीपुर विजेता रहा।मुख्य अतिथि ने कहा इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच मिलता है।जिससे उनकी प्रतिभा में निखार आता है।खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है।पूर्व सांसद ने कहा कि खेल से व्यक्ति का शरीर व मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहते है। खेल भावना के साथ खिलाडियों में टीम वर्क का भाव जाग्रत होता है। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं बनाई है। जिससे अब युवा खेलों को कैरियर के रूप में ले रहे है। मौके सिंह, दीपक पाठक, संतोष सिंह, जय नारायण सिंह रिंकूअन्य लोग मौजूद रहे।

# एकमुश्त योजना को लेकर एआरटीओ ने ट्रांसपोर्टरों के साथ की बैठक

**बाराबंकी।** व्यावसायिक वाहनों पर देय विलम्ब शुल्क (पेनाल्टी) में छूट प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना को लेकर उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय स्थित सभागार मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने जनपद के समस्त बस, ट्रक, टैम्पो-टैक्सी व अन्य

**● योजना अन्तर्गत 13 वाहनो से 4 लाख रुपये बकाया कर कराया गया जमा**

व्यावसायिक वाहनो के स्वामियो, यूनियन संगठनो के साथ बैठक की। बैठक में एआरटीओ श्रीमती शुक्ला नें संगठन पदाधिकारियो को जागरुक करते हुये बताया कि वाहन स्वामियों के लिए परिवहन विभाग ने एकमुश्त समाधान योजना शुरू की है। इसके तहत वाहन पर बकाया टैक्स जमा करने पर उन्हें छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट पाने के लिए 6 नवंबर से तीन माह के अंदर उन्हें विभाग में योजना के तहत पंजीकरण कराना होगा।इसके बाद वाहन स्वामी को निर्धारित कर पर ब्याज से छूट दी जाएगी। एआरटीओ ने आगे बताया कि हल्के वाहन के लिए 200 रुपये तथा शेष प्रवर्ग के वाहन के लिए 500 रुपये निर्धारित शुल्क के साथ



तीन माह के अंदर पंजीकरण कराना होगा। तथा वाहन पर बकाया टैक्स जमा करने पर उन्हें छूट प्रदान की जाएगी।इस सम्बन्ध मे जानकारी लेने पर एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि योजना के अन्तर्गत अब तक 13 वाहनो से 4 लाख रुपये बकाया कर को जमा कराया गया है। जनपद के व्यावसायिक वाहन स्वामी परिवहन विभाग द्वारा शुरू की गई ओटीएस योजना के अन्तर्गत अपना बकाया कर जमा कराकर योजना का लाभ अवश्य ले। बैठक में सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव, ट्रक आपरेटर यूनियन अध्यक्ष अंगद कुमार वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मगरुवा मंत्री होइगा पहिचान न पइहौ

**बहराइच।** अवध वाटिका साहित्य मंच बहराइच के तत्वावधान में आयोजित नियमित पाक्षिक कवि गोष्ठी का आयोजन सेनानी भवन सभागार में किया गया जिसकी अध्यक्षता आदरणीय राम सागर राव जी (पूर्व विधायक इकौना)ने की, मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद अतहरुद्दीन उर्फ. मुन्ने भारती (चीफ प्रोग्राम कोआर्डिनेटर ठउ्ळश् ऊँ)की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन तिलक राम अजनबी ने किया व स्वयं के द्वारा माँ वीणा पाणि की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।तत्पश्चात नवोदित रचनाकार महीपचन्द. कन्नौजिया ने पढ़ा --जीवन में कुछ करना है तो मन को मारे मत बैठो, आगे आगे बढ़ना है तो हिम्मत हारे मत बैठो। शाशवत सिंह पंवार ने पढ़ा --मैंने दिन को दिन कहा और रात को रात ,इसीलिए सबसे सदा मेरी बिगड़ी बात। मो0नसीम बहराइची ने पढ़ा --अगर टूटे किसी का दिल बचा पाऊं तो



अच्छा हो,अगर आसां किसी का गम बना पाऊं तो अच्छा हो। शायर रईस सिद्दीकी ने पढ़ा --वतन के वास्ते खाकर कसम यह कहता हूं, लहू का आखिरी कतरा बदन से निकलेगा।तिलक राम अजनबी ने पढ़ा -अच्छी शुरूआत अब कौन करेगा, दिल से दिल की बात अब कौन करेगा।किशोरी लाल चौधरी ने पढ़ा सुन्दर फूलों से कलियों से सब करते हैं प्यार, नहीं मिला है मुझे किसी का अबतक मधुर दुलार। हास्य कवि पी0के0प्रचण्ड ने पढ़ा --जिताये तो तुम्हीं हौ मुला अब जान न पय्हौ, मगरुवा मंत्री होइगा पहिचान न पय्हौ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मोहम्मद अतहरुद्दीन उर्फ मुन्ने भारती जी को अवध वाटिका साहित्य मंच बहराइच के संरक्षक आदरणीय राम सागर राव जी व अध्यक्ष पी0के0प्रचण्डजी के द्वारा अंगवस्त्र व प्रशस्तिपत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया इस अवसर पर रमेश चन्द्र मिश्र, अन्य तमाम साहित्य प्रेमी बंधु उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का आनन्द प्राप्त किया।

## विनियमित क्षेत्र बोर्ड की बैठक संपन्न

**बहराइच ।** जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नियत्रंक प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र बहराइच बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई।इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकरीवाल, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सहयुक्त नियोजक, सम्भागीय नियोजन खण्ड, अयोध्या, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, प्रा.ख., बहराइच, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, बहराइच अधिशासी अभियन्ता, विद्युत विरण खण्ड, बहराइच उपस्थिति रहे।बैठक में सचिव आवास एवं शहरी नियोजन की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित शासकीय समिति की बैठक 04 अक्टूबर 2024 में बहराइच महायोजना-2031 (कन्वर्जन) में कुछ बिन्दुओं का निराकरण कराकर बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ.प्र. लखनऊ के माध्यम से अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन, लखनऊ को स्वीकृति हेतु प्रेषित करने हेतु दिये गये निर्देश के कम में उक्त कमियों का निराकरण कराकर बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत किया गया। जिसको सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुये मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, लखनऊ को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देश दिये गये है।इसके अतिरिक्त बिलिस रिसार्ट के प्रस्तुत मानचित्र को सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुये अनुमोदन किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु नियत प्राधिकारी को निर्देशित किया गया है।

# तालीमी इजलास में मौलाना अबुल कलाम आजाद समेत कई शिक्षाविदों के जीवन पर डाला गया प्रकाश





**बहराइच।** स्वतंत्रता आंदोलन के महान सपूत देश के प्रथम शिक्षा मंत्री, शिक्षाविद्ध व कुशल राजनीतिज्ञ मौलाना अबुल कलाम आजाद की 136 वीं जयंती तालीमी इजलास के रूप में सामाजिक संगठन नाजिरपुरा विकास मंच के संयोजक शादाब हुसैन द्वारा जमील फारुकी एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 शकील किदवई प्रोफेसर के0जी0 मेडिकल कॉलेज पूर्व अध्यक्ष ए0 एम0यू0 ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन में नगर के मोहल्ला नाजिरपुरा स्थित छब्बन चौराहे पर कार्यकताओं ने उनको याद कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मौलाना आजाद के व्यक्तित्व की चर्चा की।इस अवसर पर वक्ताओं ने श्री मौलाना आजाद सहित संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, सर सैयद अहमद खान, डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, मौलाना हसरत मोहानी, डॉक्टर अल्लामा इकबाल एवं जस्टिस बीबी फातिमा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।इस अवसर पर एम यू के संस्थापक सर सैयद अहमद खान को भारत रत्न अवार्ड देने की केंद्र सरकार से मांग की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सै0 मो0 शोएब, मेजर डा० एस0 पी0 सिंह, अंतर्राष्ट्रीय शायर वासिफ फारुकी ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद को स्वतंत्र भारत का पहला शिक्षा मंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा की मौलाना आजाद ने शिक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए काफी संघर्ष किया। भारत रत्न मौलाना आजाद ने न केवल साक्षरता दर में सुधार किया, बल्कि उच्च शिक्षा के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर भी जोर दिया।इससे पहले कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि, व सभी अतिथियों तथा अध्यक्षता कर रहे जमील अहमद फारूक एडवोकेट को शाल और मोमेंटो देकर स्वागत किया गयाइस अवसर पर उमामा खान,इफ्फत,हर्षित मिश्रा,समन फातिमा, शरियत फातिमा,अल जफीरा नूर एवं हुदा बानो ने देश के विभिन्न शिक्षाविदों पर प्रकाश डाला। जिन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इसी क्रम में लगभग एक दर्जन समाजसेवियों एवं पत्रकारों तथा शायरों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा देश के महान शिक्षाविदों पर प्रकाश डालने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें भी मोमेंटो प्रदान किया गया। तालीमी इजलास के द्वितीय सत्र में जिले के मशहूर शायर मजहर सईद, तारिक बहराइची, मंजूर बहराइची, नाजिम बहराइची व अदील बहराइची ने अपने-अपने कलाम पेश किया जिसे लोगों ने खूब सराहा।इस कार्यक्रम का संचालन मशहूर शायर राशिद राही ने किया और अंत में कार्यक्रम की समापन की घोषणा संयोजक शादाब हुसैन ने किया। कार्यक्रम में शफीक बागबान,जमाल अजहर सिददीकी, वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर एम अतहर उद्दीन मुन्ने भारती, डा ए एम खान,अकरम एडवोकेट,नईम खान, अब्दुल अजीज सिददीकी, मो जाहिद मिर्जा शकील बाग प्रतिनिधि सभासद, मनशाद अहमद, नाजिम अली,इब्राहिम राशिद एडवोकेट अरशद सिद्दीकी शादाब आलम, छब्बनभाई,शहाब हुसैन आदिल खान, मोहम्मद राशिद अन्सारी एडवोकेट, मिर्जा शकील बेग, मोहम्मद जाहिद,मौलाना शाहिद नदवी, डॉ ए एम खान, डॉ अनस खान, रियाजुद्दीन खान, नासिर खान, साकिब जमील सिद्दीकी,मौलाना सूफियान अन्सारी, जावेद अली, डॉक्टर मो सलमान,जुनैद अहमद नूर व मुमताज अली आदि मौजूद थे।

## पराली व फसल अवशेष जलाने के नाम पर न हो किसानों का उत्पीड़न

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल उपनिदेशक कृषि अयोध्या डा. पीके कनौजिया से मिलकर पराली एवं फसल अवशेष जलाने के नाम पर किसानों का उत्पीड़न न करने प्रदूषण को रोकने हेतु फैक्ट्रीयों व वाहनों को प्रतिबंधित करने की मांग किया गया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि पराली एवं फसल अवशेष जलाने के नाम पर किसानों को परेशान किया गया तो परिणाम भयंकर होंगे ।

घनश्याम वर्मा ने कहा कि एक सर्वे के अनुसार फैक्ट्रीयों से 51 प्रतिशत वाहनों से 25 प्रतिशत अन्य घरेलू कार्यों से 11 प्रतिशत तथा कृषि से मात्र 8 प्रतिशत ही प्रदूषण फैलता है ऐसी स्थिति में यदि शासन प्रशासन वास्तव में प्रदूषण को रोकना चाहता है तो सबसे पहले फैक्ट्रीयों ,खटारा रेल इंजनों व खटारा सरकारी बसों को प्रबंधित करें। घनश्याम वर्मा ने कहा की फैक्ट्रियों तथा ईंट-भट्ठों को प्रदूषण से बाहर रखना किसी भी दशा में उचित नहीं है ऐसी दशा में प्रदूषण के नाम पर किसानों को परेशान करना अन्याय है।

## साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए जागरुकता जरूरी: आलोक कुमार वर्मा



**बाराबंकी।** डिजिटल दुनिया तेजी से आनलाइन सेवाओं की तरफ बढ़ रही है।एक तरफ जहाँ सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती है। वहीं आसानी से मिलने वाली सुविधाओं में आनलाइन फ्राड होने की भी काफी संभावना रहती है। सोशल मीडिया साइट पर फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल एप्प द्वारा भी लोगों को आनलाइन ठगी का शिकार बनाया जा रहा है।

उक्त बात राजकीय हाईस्कूल बड़ेल मे आयोजित साइबर जागरुकता कार्यशाला मे साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओ को जागरुक करते हुये व्यक्त किये। कार्यशला मे साइबर सेल प्रभारी श्री वर्मा ने साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930, साइबर पोर्टल की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराने, व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीसी, पिन नम्बर साझा न करने, ऑनलाइन कम्पनियों व सरकारी विभाग के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त करने, अज्ञात व्यक्ति/मोबाइल नम्बर द्वारा भेजे गए लिंक को क्लिक न करने सोशल मीडिया एकाउण्ट व नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों के साथ बैंक खातों का पासवर्ड मजबूत बनाने के साथ ही टू-स्टेप वेरीफिकेशन लगाए रखने की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला मे साइबर एक्सपर्ट मुख्य आरक्षी नीरज यादव, आरक्षी अंकित कुमार, प्रदीप सारंग, सूरज सिंह गौर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ मंजू श्रीवास्तव, रुद्र प्रकाश सिंह, किरण देवी मौजूद रहे।

संक्षेप

## आईटीआई गौरीगंज में रोजगार मेला 21 को

**अमेठी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि निदेशालय के निदेर्शानुसार जनपद में संचालित हो रहे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न अधिष्ठानों से सम्पर्क करते हुए अप्रेटिंसशिप/ रोजगार मेला का आयोजन 21 नवम्बर 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज परिसर में कराया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित मेले में प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा जिसमें जनपद के समस्त निजी ,राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को प्रतिभाग कराकर सेवायोजित कराया जायेगा।

## तीन लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** झाड़ फूंक के आड़ में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव के विजय कुमार पांडे अपने निजी कार्य बस बीते 11 नवंबर को सूरापुर बाजार गए थे। जहां पर उन्हें सूचना मिली की तवक्कलपुर नगरा गांव में उषा पत्नी राजेंद्र प्रसाद के घर देसी झाड़ फूंक करके रोग का उपचार करने वाले कुछ लोग आए हैं। उत्सुकता बस प्रार्थी भी मौके पर पहुंच गया। देखा कि बच्चों एवं महिलाओं को अंधविश्वास एवं तरह-तरह की लालच देकर बीमारी ठीक करने की आड़ में धर्म परिवर्तन करा रहे थे। देवी देवताओं एवं सनातन धर्म तथा भगवान बुद्ध के विरुद्ध भ्रमित कर रहे थे। मना करने पर मुझे भी जान से मारने की धमकी दिए। मौके पर पवित्र बाइबिल प्रतियां मिली। बुधवार को विजय कुमार पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने फतेहपुर जिले के असोथर थाने के विधातीपुर गांव के राजेंद्र कुमार एवं जौनपुर जिले के सुजानगंज थाने के वजहा गांव के चंदन सिंह चैहान तथा करौंदीकला थाने के मगरसन कला गांव के अनुराग प्रजापति के विरुद्ध धर्म परिवर्तन सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्जकर लिया है।

## मन और इंद्रियों के निग्रह से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** मन एवं इंद्रियों के निग्रह से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह बातें हरिद्वार से पधारे संत अंजनी दास जी महाराज ने कहीं। वे लक्ष्मणपुर गांव में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिवस पर प्रवचन कर रहे थे। प्रभु को प्राप्त करने के लिए भौतिक साधन इंद्रियों को भ्रमित करते रहते हैं, लेकिन परमार्थ की भावना एवं लोक कल्याण के लिए समर्पित व्यक्ति को प्रभु का स्मरण उनके जीवन को शांत एवं सुख प्रदान करता है। अयोध्या से पधारे मृत्युंजय जी महाराज ने राजा बलि एवं वामन की कथा का रोचक पूर्ण विवेचना करते हुए कहा कि धर्म पथ पर चलने वाले व्यक्ति को भौतिक आकांक्षा नहीं करनी चाहिए। हनुमान दास जी महाराज ने राजा परीक्षित की वंशावली का रोचक पूर्ण वर्णन किया। आयोजक पंडित श्री नारायण तिवारी ने व्यास पीठ की आरती उतारी। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

# आक्रोशित कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट के सामने किया प्रदर्शन

### किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे कांग्रेसी, पुलिस से हुई धक्का-मुक्की



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले में डीएपी की किल्लत बनी हुई है डीएपी के लिए किसान रतजगा कर रहे हैं। किसानों की परेशानी को देखते हुए बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी से जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी झंडा बैनर के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। कांग्रेसियों की भीड़ देख मौजूद प्रशाशन ने कलेक्ट्रेट का मुख्य गेट बंद कर दिया तो कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए डीएम से मुलाकात की बात कही। सूचना पर पहुंचे नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने गेट खोलने से इंकार कर दिया तो आक्रोशित कांग्रेसी गेट के बाहर जमीन पर बैठ नारेबाजी करने लगे। जो नगर कोतवाल को नागवार गुजरा, देखते ही देखते पुलिस व कांग्रेसियों में विवाद बढ़ गया ।

मीडिया की मौजूदगी में नगर कोतवाल व कांग्रेसियों में धक्का मुक्की होने लगी। जब कांग्रेसियों ने मारपीट व धक्का मुक्की का आरोप लगाया तो नगर कोतवाल ने वर्दी की बटन तोड़ ली। मामला बढ़ता देख एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ठाकुर प्रसाद सीओ सिटी प्रशांत सिंह मौके पर पहुंच मामले को शांत कराया। वही मौका देख नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह मौके से निकल गए। आक्रोशित कांग्रेसी नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अड़ गए। सूचना पर पहुंचे मुख्य राजस्व अधिकारी बाबूराम व सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने आक्रोशित कांग्रेसियों को समझा बुझाकर शांत कराया। शांत हुए कांग्रेसियों ने फिर राज्यपाल को संबोधित अपना ज्ञापन सीआरओ बाबूराम को सौंपा। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि फसलों की बुवाई का समय चल रहा है। जिले से डी ए पी गायब है अगर किसान को पता चल जाती है डीएपी मिल रही है तो सुबह तीन बजे से ही लाइन में लग जाते हैं। वही कई सोसाइटी खाद व बीज के अभाव में बंद है तो कुछ को बंद कर दिया गया है। किसान सहकारी चीनी मिल जर्जर अवस्था में बंद पड़ी है क्रय केंद्र दूसरे जिले में जोड़े जा रहे हैं। समस्याओं के निस्तारण के लिए पहले भी डीएम को ज्ञापन सौंपा है निदान नहीं होने पर मजबूरी में धरने पर बैठना पड़ा है। डीएम किसी से भी मिलना ही नहीं चाहती है। इस मौके पर प्रदेश मीडिया कॉर्डिनेटर राजेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष तेज बहादुर पाठक, नगर अध्यक्ष शकील अहमद, पवन मिश्रा नन्हे, पवन मिश्रा कटावा सहित अन्य कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अपहृत कोसीकलां रेलवे स्टेशन से बरामद

**मथुरा।** कार सवार बदमाशों द्वारा जैंत क्षेत्र में ढाबें पर बैठे ग्रामीण का अपहरण करने के बाद पुलिस ने देर रात अपहृत को बरामद कर लिया लेकिन अपहरण करने वाले बदमाश कहां गये ? इस बारे में पुलिस कुछ भी नहीं बता रही है। जैंत के राल गांव निवासी 60 वर्षीय सुम्मेरा पुत्र दीपा का सुबह 6:30 बजे उस समय कार सवार बदमाशों द्वारा अपहरण कर लिया गया था जब वह घर के पास ढाबे पर बैठकर चाय पी रहे थे। इस मामले में जैंत पुलिस टीम ने अपहृत सुम्मेर सिंह को रेलवे स्टेशन कोसीकलां के प्लेटफार्म 02 से बरामद कर परिजनो के सुपुर्द कर दिया है। हालांकि सुम्मेर सिंह रेलवे स्टेशन कैसे पहुंचे और उनका अपहरण करने वाले बदमाश कहां गये? इसका पुलिस पर कोई जबाव नहीं है। इंस्पैक्टर जैंत अश्वनी कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम जुटी है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। अपहृत सुमेर सिंह की शादी नही हुयी और उसके नाम 5-6 बगीघा जमीन राधाकुण्ड छटीकरा रोड पर थी जिसकी करोड़ों में कीमत है। संभावना है कि इसी जमीन के चलते उसका अपहरण किया गया था। अपहृत सुमेर सिंह के मौसेरे भाई श्यामसिंह ने थाने पर दर्ज कराए मुकदमे में जमीनी मामले में अपहरण करने की बात कही थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों की और अपहृत कर ले जाने वाली गाड़ी की तलाश में जुटी हुई है।

## किसानों को दी गयी शासन की योजनाओं की जानकारी




**अमेठी।** शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई तथा किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई। किसान दिवस में जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए तथा बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की और अच्छा मुनाफा कमाया। किसान दिवस में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाए। उन्होंने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन आदि विभागों में कई सारी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं जिनका लाभ आप लोग लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई/नलकूप सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

## किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्रों के वितरण के लिए ई-लॉटरी से किया जायेगा चयन

**अमेठी।** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि शासनादेश के निदेर्शानुसार जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 24-25 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं अन्य कृषि यंत्रीकरण योजना में 9 से 23 अक्टूबर 2024 तक कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल पर बुकिंग हुए कृषि यंत्र कस्टम हायरिंग सेन्टर एवं कृषि यंत्रों के लाभार्थियो का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 14 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लॉटरी किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त किसानों ने उपरोक्त योजनाओं में अनुदान पर यंत्र क्रय करने के लिए आवेदन किया है, वह 14 नवम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित हो सकते है, जिससे ई-लॉटरी की प्रक्रिया करायी जा सके। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जो किसान उक्त ई-लॉटरी में अनुपस्थित होंगे उन्हें उपस्थित किसान एवं समिति के द्वारा किये गये ई-लॉटरी से चयन प्रक्रिया से सहमत माना जायेगा एवं उन्हें कोई आपत्ति नही है, ऐसा मानकर प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

## मनोरमा सिंह पुनः बनी इंटर कॉलेज की प्रबंधक

**जगदीशपुर, अमेठी।** अपनी बेहतर कार्य कुशलता की बदौलत मनोरमा सिंह पुनः इंटर कॉलेज की प्रबंधक चुनी गई तत्पश्चात कॉलेज के समस्त स्टाफ द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया । जनपद अमेठी के अन्तर्गत इंटरमीडिएट कॉलेज कालिकन के प्रबंध कारिणी समिति का चुनाव पर्यवेक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी डॉक्टर अनुज मौर्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।इस दौरान समिति के अट्ठासी उपस्थित सदस्यों ने सर्व सम्मति से श्रीमती मनोरमा सिंह पत्नी मान सिंह राठौर प्रधानाचार्य ए एच इंटर कॉलेज जगदीशपुर को प्रबंधक चुना गया तथा हरिहर सिंह अध्यक्ष, धर्मेंद्र उपाध्यक्ष, वीरेंद्र कुमार उप प्रबंधक, कालिका प्रसाद कोषाध्यक्ष चुने गए। इस मौके पर मान सिंह राठौर, राज नारायन दूबे, शेर बहादुर, अयोध्या प्रसाद, शिवशंकर आदि सदस्यगण उपस्थित रहे ।

## भगवान श्री कृष्ण सुदामा मिलन आत्मा और परमात्मा का मिलन है



**भेटुआ,अमेठी।** धरई माफी गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन भगवान श्री कृष्ण सुदामा चरित्र प्रसंग वर्णन के साथ परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता युगों युगों तक प्रसिद्ध रहेगी। भक्त और भगवान का ऐसा मिलन हम सबका मन मोह लेता है। ये बातें धरई माफी गांव में चित्रकूट धाम से आए कथा व्यास श्री रामनुजाचार्य वैदिक सत्य प्रताप बाजपेई ने कहा। व्यास ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण सुदामा मिलन आत्मा और परमात्मा का मिलन है। एक राजा के रूप में श्री कृष्ण ने अपने दीन हीन मित्र सुदामा से अपने महल में मिलकर लोगों को संदेश दिया कि एक सच्चे मित्र से बढ़कर संसार में कुछ भी नहीं है। व्यास ने परीक्षित मोक्ष का भी वर्णन किया। मुख्य यजमान कर्मावती एवम कमल किशोर जायसवाल ने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर योगेंद्र तिवारी,राजू तिवारी,डॉ पंकज कुमार, डॉ अनिल कुमार,सुनील कुमार, नीरज, सुशील,राजेंद्र कुमार ,राम पाल आदि भक्त मौजूद रहे।

## यातायात प्रश्नोत्तरी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को किया गया पुरस्कृत




**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** एंबुलेंस को रास्ता देंञ्च के तहत यातायात प्रश्नोत्तरी का आयोजन बेलहरी में स्थित सुमित्रा देवी शिक्षण संस्थान में किया गया, जिसमें प्रथम स्थान जैस जायसवाल, दूसरे स्थान पर स्नेहा गुप्ता और तीसरे पर सेजल विश्वकर्मा रही। छात्र छात्राओं को संस्था के द्वारा सर्टिफिकेट और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन कटका क्लब द्वारा कराया गया। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जब रास्ते में एंबुलेंस के फंसने से मरीज की जान चली गई. आज भी सड़क पर देखा जाता है कि कुछ लोग अपना समय बचाने के चक्कर में दूसरे की जान बचाना जरूरी नहीं समझते हैं. इसलिए एंबुलेंस जैसी इमरजेंसी गाड़ियों का रास्ता दें, जिसका अभियान विद्यालयों से लेकर सड़कों तक चल रहा है। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमेश श्रीवास्तव ने संस्था के अभियान कि सराहना कि और उन्होंने कार्यक्रम का स्वागत किया। इस मौके पर संजय सिंह उप प्रधानाचार्य, इंद्रजीत पाल, सुधीर यादव, मोनू यादव, अमर पाल यादव, सुजीत सिंह, अंजू, खुशी पांडेय मौजूद रहे।

## बंद मकानों में चोरी करने वाला शातिर चोरी के माल सहित गिरफ्तार



**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस द्वारा बन्द घरों में नकबजनी करने वाला शातिर अन्तर्जनपदीय अपराधी/नकबजन को चोरी के माल व चोरी करने में प्रयुक्त उपकरणों एवं नशीले पाउडर सहित आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

सोनू कुमार थानाध्यक्ष रिफाइनरी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीमों द्वारा बलदाऊ टाऊन में कृष्णा टाऊन की बाउंड्री के पास चैकिंग के दौरान शातिर अन्तर्रजनपदीय नकबजन मोनू पुत्र स्व0 वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मितई थाना चन्दपा जनपद हाथरस हाल निवासी ग्राम नंगला मट्टू थाना खन्दौली जनपद आगरा को नशीला पाउडर 750 ग्राम डायजापाम व अभियोगों से सम्बन्धित आभूषण व नगदी तथा चोरी में प्रयुक्त किये जाने वाले उपकरणों सहित गिरफ्तार किया । अभियुक्त मोनू उपरोक्त से बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 289/2024 धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया एवं अभियुक्त मोनू उपरोक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अंध विश्वास के विरुद्ध मिल का पत्थर साबित होगा विज्ञान : राधे श्याम

- प्रेसिडेंसी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम



**सुलतानपुर (वीओएल)।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में एस के प्रेसिडेंसी पब्लिक स्कूल ओदरा मे अंध विश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के एनआईटी के मैकेनिकल इंजीनियर विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष हरिदर्शन राम, जिला विद्यालय निरीक्षक रवि शंकर ने सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

जिला समन्वयक शैलेंद्र चतुर्वेदी ने विज्ञान वप्रौद्योगिकी परिषद द्वारा जिले को आवंटित कार्यक्रमों के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सह जिला समन्वयक राधे श्याम पाण्डेय ने कहा कि जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित अंध विश्वास के विरुद्ध विज्ञान समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विज्ञान ही समाज मे फैले अंध विश्वास को प्रयोग के माध्यम से जागरूकता फैला कर समाप्त कर सकता है। मेरठ की विशेषज्ञ अंजली डाटा ने सिर पर आग लगाकर चाय बनाना, बिना माचिस के ग्लिसरीन रूपी घी से अग्नि प्रज्वलित करना, जीभ पर कपूर जलाना, चावल भर लोटे को चाकू से उठाना, जैसे 40 अंध विश्वासो को प्रयोगो के माध्यम से विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान शपथ, स्लोगन प्रतियोगिता मे कुल-846 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि हरि दर्शन राम ने प्रतिभागी छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि किसी भी अन्धविश्वास पर विश्वास न करे। इनके पीछे विज्ञान छिपा हुआ है। उन्होंने वस्तुओं शुद्धता का मापन आदि के बारे में बताया। पोस्टर प्रतियोगिता में कृतिका ने प्रथम, अनंत वर्मा ने द्वितीय तथा निष्कर्ष त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य शेष मणि मिश्र ने किया। कार्यक्रम में सह जिला समन्वयक राधेश्याम पांडेय, हर्षित, राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, रजनी रानी, रीना सिंह आदि मौजूद रहे।

# घरेलू विवाद में दंपती ने खाया था जहर, पत्नी के बाद पति की भी मौत




**गोसाईगंज, सुलतानपुर वीओएल)।** गोसाईगंज थाना अंतर्गत राजापुर गांव निवासी पति-पत्नी की जहर खाने से मौत हो गई। सास-ससुर पर जहर देने का आरोप लगाते हुए मृतका के पिता ने थाने में तहरीर दी है। मंगलवार शाम को पत्नी की मौत के चार घण्टे बाद इलाज के दौरान पति की सांसें थम गई थी। घटना के बाद आरोपित ससुर को पुलिस ने हिरासत में ले रखा है। थानाक्षेत्र राजापुर निवासी आजाद (25) का पिता मोबीन के साथ महीनों से घरेलू विबाद चला आ रहा था। बीते गुरुवार को आजाद की पत्नी शबनम ने आईजीआरएस के माध्यम से ससुर द्वारा संपत्ति से बेदखल करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षो से थाने बुलाकर पूछताछ की थी। मंगलवार दोपहर को फिर विबाद हो गया। जिसके बाद आजाद और उसकी पत्नी शबनम की संदिग्ध परिस्थिति में जहर खाने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस दोनों को सीएचसी जयसिंहपुर ले गई। जहाँ से दोनों को सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज के डॉक्टर दोनों को लखनऊ रेफर करने की तैयारी कर रहे थे कि इसी बीच शाम को शबनम ने दम तोड़ दिया। गंभीर हालत में आजाद का इलाज सुलतानपुर अस्पताल में चल रहा था कि रात करीब ग्यारह बजे आजाद की भी सांसे थम गई। पुलिस ने पति-पत्नी के शव का पोस्टमार्टम कराया है। थानाध्यक्ष प्रेमचंद्र सिंह का कहना है कि आरोपित ससुर को हिरासत में लिया गया है। केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

## घंटो जाम से जूझते रहे लोग, मरीजों के साथ एम्बुलेंस भी जाम रहा फंसा

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र स्थित तरकुलहा देवी मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भरकम भीड़ से गोरखपुर देवरिया मार्ग लगभग दो घंटे जाम से जूझता रहा। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने काफी मशक्कत कर आवागमन बहाल करवाया। बताते चलें कि आदि शक्ति मां तरकुलहा देवी का स्थान होने के कारण हजारों श्रद्धालु दूर दराज से मां तरकुलहा देवी का दर्शन करने के लिए आते हैं। बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंच गयी फुटहवा इनार से तरकुलहा मोड़ तथा क्षेत्र का भोपा बाजार चौराहे पर गोरखपुर देवरिया राजमार्ग दो घंटे तक जाम से जूझता रहा जाम का आलम यह रहा कि उसमें मरीजों को ले जाने वाले एम्बुलेंस भी मरीजों को लेकर फंसे देखे गए। स्थानीय कुछ लोगों का कहना है कि तरकुलहा मोड़ पर ही यदि पुलिस की ड्यूटी लगाई जाती तो जाम की ऐसी स्थिति नहीं उत्पन्न होती। लोगों ने प्रशासन से तरकुलहा मोड़ पर ही पुलिस की नियमित ड्यूटी लगाने तथा बड़े वाहनों को मेला परिसर में जाने से रोकने की मांग किया है।

## 30 देशी शराब के पौव्वा सहित युवक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। एसएसपीके जनपद में चलाये जा रहे मादक पदार्थ एवं अवैध शराब व संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग, तलाश वांछित वारंटी अभियान के क्रम में थाना नसीरपुर पुलिस टीम नेचेकिंग के दौरान एक अभियुक्त अरविन्द पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी नगला रामबक्श थाना नसीरपुर जिला फिरोजाबाद को 30 देशी शराब के पौआ विन्डीज सहित श्रीनाथ भट्टा थाना नसीरपुर फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया।

## मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को दिया तीन तलाक, पीड़िता ने थाने में दी तहरीर

जिला संवाददाता (vol)

**अमेठी।** दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को दिया तीन तलाक, महिला के भाई के फोन पर दिया तीनअमेठी में तीन तलाक का मामला सामने आया, जहां दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को फोन पर तीन तलाक दे दिया। तीन तलाक के बाद पत्नी थाने पहुंची और पूरे मामले की शिकायत की जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़िता का कहना है कि, उसका एक सात साल का बेटा भी है जिसकी परवरिश करने वाला कोई नही है।

मामला जामो थाना क्षेत्र के खनई का पुरवा हसनपुर गांव का है,जहां की रहने वाली तबस्सुम बानो ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया की उसकी शादी कई साल पहले सफीक अहमद के साथ हुई थी. लेकिन शादी के बाद से ही दहेज कम मिलने का आरोप लगाकर पति उसके माता-पिता और देवर प्रताड़ित करते थे आए दिन गाली गलौज के साथ ही मारते पीटते थे। दो दिन पहले 11 नवंबर को तबस्सुम के पति सफीक ने तबस्सुम के भाई मो जावेद फोन पर तलाक दे दिया, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग पीड़िता के पास है। तलाक देने के बाद पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत थाने में की है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़िता तबस्सुम ने कहा की, उसकी शादी सफीक के साथ हुई थी, लेकिन सफीक ने तलाक दे दिया। एक 7 साल का बेटा भी है वह चाहती है की, उसे पति के जमीन जायदाद में हिस्सा मिले। नही तो मैं अपने बच्चों को कहां से पढ़ाऊंगी-लिखाउंगी, क्योंकि मेरे माता पिता भी नहीं है, और सिर्फ एक भाई है, मैं अपने बच्चों को कहां लेकर जाउंगी।

# भक्त व भगवान एक दूसरे के पूरक : बालव्यास मधुर

- बड़नपुर ग्राम पंचायत में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** बेटियां घर की लक्ष्मी होती है, उन्हें भार नहीं मानना चाहिए। समाज में समर्पण का भाव सिर्फ बेटियों में ही मिलता है। उक्त बातें बड़नपुर ग्राम पंचायत के ग्राम पूरे पंडित आचार्य ब्लॉक धनपतगंज सुलतानपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में दूसरे दिवस पर पूज्य बालव्यास मधुर जी महराज ने बताया। वृंदावन धाम से आए हुए बाल व्यास महराज ने कथा में आगे ध्रुव चरित्र के अंतर्गत बताया कि जीवन में कितना भी संघर्ष मिले पर अपने कर्तव्य पथ को छोड़ना नहीं चाहिए। अपने कर्तव्य के प्रति दृढ़ निश्चय रखना चाहिए और यही दृढ़ निश्चय ही मनुष्य को एक दिन सफलता अवश्य प्राप्त कराता है। उन्होंने आगे बताया कि अपने गुरु के प्रति हमेशा विश्वास रखना चाहिए। इस पृथ्वी पर विषम परिस्थितियों में भी कोई साथ दे न दे लेकिन एक गुरु अवश्य अपने शिष्य के प्रति अपने कर्तव्य को निभाते हैं। इसलिए गुरु के वचनों के प्रति तथा उनके आचरण के प्रति हमेशा विश्वास करना चाहिए। ध्रुव जी महाराज की कठोर तपस्या का ही फल है कि आज भी वह संसार में ध्रुव तारे के रूप में चमक रहे हैं। विवाह संयोग में भी ध्रुबावलोकन का नियम होता है। ध्रुव से तात्पर्य अटल से है। अगर ध्रुव जैसी ऊंचाई पर जाना है तो जीव को ध्रुव जैसी तपस्या भागवत निष्ठा और गुरु के प्रति विश्वास होना अति आवश्यक है। जीवन में वहीं मनुष्य सुखी है जो भगवत भजन में लीन है। मनुष्य को सबसे सौभाग्यशाली माना जाता है क्योंकि वह संसार में रहकर भागवत कथा के श्रवण का सुख प्राप्त करता है।

कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिवस पर मुख्य यजमान पूर्व प्राचार्य पंडित जगदेव प्रसाद पाण्डेय शास्त्री के पुत्र संतोष पाण्डेय पत्रकार ने कथा श्रवण में आए हुए समस्त श्रद्धालुओं को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी, मनोज मिश्र, कालिका तिवारी सुधीर पांडेय राजू तिवारी श्रीनिवास शुक्ला अयोध्या मिश्रा साहेब बक्श सिंह, रामशंकर तिवारी, डॉ. अमन वर्मा, मोनू पांडेय, शिवानंद शुक्ला, चंद्र भूषण शुक्ला, रवि पांडेय, राम सुख तिवारी (पूर्व सूबेदार), अशोक पांडेय, जुगेश्वरनाथ पांडेय, अंकित पांडेय आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## 19 क्वार्टर देशी शराब सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद**। थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को 19 क्वार्टर अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। बुधवार को थाना नारखी पुलिस टीम ने एक अभियुक्त कृष्णगोपाल उर्फ बन्टू पुत्र बाँकेलाल को गाँव मिलक के पास बम्बे के किनारे पुल से 19 क्वार्टर अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पर आबकारी अधिनियम अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

## अवैध तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद**। थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को एक अवैध तमन्चा व 2 खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त उमेश पुत्र सूबेदार निवासी हरिओम चक्की वाली गली हिमायुपुर थाना दक्षिण फिरोजाबाद को हिमायुपुर पुलिया के पास से एक अवैध तमन्चा व दो खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त के विरूद्द आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेजा है।

## जहरीला प्रदार्थ सेवन करने वालों की मौत

**वृंदावन**। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के जोनई गांव के रहने वाले दो युवकों की आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान बुधवार को मौत हो गई। दोनो युवक वृंदावन दर्शन करने आए थे जहां यमुना किनारे दोनों ने मंगलवार को विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के जोनी गांव के रहने वाले 35 वर्षीय सतीश और 34 वर्षीय नितेश तीर्थनगरी मे घूमने आए थे। जहां यमुना तट पर इन्होंने मंगलवार को विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिसपर स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना देकर इन्हे तत्काल स्थानीय सौ शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें आगरा रेफर कर दिया। संयुक्त जिला चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर ने बताया कि दोनो ने सल्फास का सेवन कर लिया था और भरती होने के समय उनकी हालत बहुत खराब थी। जिसपर उन्हें तत्काल आगरा रैफर कर दिया गया। बुधवार को आगरा में उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।

## दो चचेरे भाइयों की हादसे में मौत

**मथुरा**। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत ईंट लगाने जा रहे दो चचेरे भाईयों को बुधवार सुबह अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। एक ही परिवार के दो युवकों की मौत की खबर लगने के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना मगोर्रा के गांव ऊमरी निवासी धर्मेंद्र (28) पुत्र रामस्वरूप और अशोक (40) पुत्र पूरन इंटरलॉकिंग ईंट लगोन का काम करते हैं। आज सुबह दोनों चचेरे भाई घर से इण्टरलॉकिंग ईंट लगाने के काम पर जाने के लिये निकले थे। हाईवे पर छरौरा के नजदीक किसी वाहन ने बाइक सवारों में टक्कर मार दी जिससे दोनों भाईयों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सड़क दुर्घटना में दोनों भाईयों की मौत की खबर जब परिजनों को लगी तो घर में चीख पुकार मच गयी।

# मुठभेड़ के बाद पकड़े गये गैंगलैंड गिरोह के दो सदस्य

### तोमर गेस्ट हाउस पर फायरिंग करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में घायल



**मथुरा**। हथियारों का प्रदर्शन कर रौब दिखाने और लोगों में भय दिखाकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंगलैंड गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने दो अलग स्थानों पर हुयी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस गैंग के कुछ सदस्यों को पुलिस पहले भी गिरफ्तार कर चुकी है। गत 12 नवंबर को जन्मभूमि लिंक रोड स्थित तोमर गैस्ट हाउस के बाद इस गैंग के सदस्यों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था जिससे क्षेत्र में दहशत थी। मंगलवार रात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ वांछितों की तलाश में थे। तभी अलवर-बाजना पुल के समीप बाइक सवार ने पुलिस टीम को देख फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। सीओ सिटी प्रवीन मलिक ने बताया कि मुठभेड़ में गैंगलैंड ऑफमथुरा के सदस्य हरिओम निवासी ओमनगर, जन्मभूमि लिंक रोड कोतवाली घायल हो गया। इससे तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद कर उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ सिटी ने बताया कि मंगलवार शाम को ही इसने अपने साथियों के साथ दहशत फैलाने के उद्देश्य से जन्मभूमि लिंक रोड पर तोमर गेस्ट हाउस पर सरे शाम फायरिंग की थी। इसके अलावा थाना प्रभारी निरीक्षक हाईवे आनंद कुमार शाही ने बताया कि मंगलवार रात तौमर गेस्टहाउस पर फायरिंग करने के मामले में शामिल बदमाशों की तलाश की जा रही थी। देर रात करीब पौने दो बजे सौंख रोड पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार से मुठभेड़ हो गयी। इस दौरान पैर में गोली लगने से गैंगलैंड ऑफ मथुरा के सदस्य सोमेश निवासी जन्मभूमि लिंक रोड लक्ष्मीनगर कोतवाली घायल हो गया। इसके कब्जे से तमंचा, कारतूस बाइक बरामद कर घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है।

**दो अन्य साथी चाकू- नशीले पदार्थ सहित पकड़े**

गैंगलैण्ड ग्रुप मथुरा के दो अन्य सदस्यों को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक उमेश चन्द त्रिपाठी ने बताया कि असलाहों से जनता के साथ लूट का प्रयास करने और जनमानस में दशहत फहलाने वाले गैंग के सदस्य राहुल पुत्र चन्द्रप्रकाश निवासी विकासनगर कुसुम वाटिका गेट के सामने थाना हाईवे को डेम्पियर पार्क गेट के पास से चाकू सहित पकड़ा है। वहीं गैंग के सक्रिय सदस्य मोर मुकुट पुत्र रामबाबू निवासी गांधीनगर कृष्णानगर को पुलिस ने हाईवे के सर्विस रोड राजीव गांधी नगर के पास से पकड़ा है। इसके पास से 250 ग्राम नशीला पाउडर (डायजापाम) बरामद हुआ है।

## शादी से लौट रहे दोस्तों की कार दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

मथुरा। कोतवाली छाता क्षेत्र अंतर्गत शादी समारोह में भाग लेकर वापिस लौट रहे युवकों की कार बीतीरात दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसके अन्य साथी घायल हो गये जिनकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव सेमरी और सुखदेव ढाबे के बीच हुआ। मूल रुप से गांव रनवारी एक की मौत, तीन की हालत गंभीर छाता निवासी युवक रामबीर पहलवान पुत्र बच्चू सिंह छाता में रहते हैं। रामबीर पहलवान अपने दोस्त को शादी समारोह में छोड़ने के लिए वैगनार कार से चैमुहां गया था। दोस्त को छोड़ने के बाद वह कार से वापिस छाता की ओर लौट रहा था। कार में उसके साथ चार और लोग भी सवार थे। रात्रि में राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जिसमें रामबीर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार में राहुल पुत्र रामबाबू निवासी कमई थाना बरसाना, विनोद पुत्र रामवीर निवासी कमई थाना बरसाना और कल्लू पुत्र प्रकाश भी कार में सवार थे, तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव के लोगों ने बताया कि रामवीर पहलवानी करता था और वह अपने दस्तों के साथ रात को कर से शादी में गया था।

## सीडीओने इंडियन ओवरसीज बैंक सिविल लाइन की नयी शाखा का किया उद्घाटन

**मथुरा**। इंडियन ओवरसीज बैंक सिविल लाइन शाखा के नवीनीकरण के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि के रूप में सीडीओ मनीष मीना ने समारोह का उद्घाटन किया। श्री मीना ने फीता काटकर नवीनीकरण शाखा में प्रवेश किया। उन्होंने संपूर्ण बैंक परिसर का जायजा लिया। उन्होंने बैंक के विभिन्न पटलों की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। उद्घाटन समारोह में शाखा में नीवा बूपा कंपनी द्वारा जन साधारण के लिए निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया था। समारोह में डीडीओ गरिमा खरे, जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चैधरी, इण्डियन ओवरसीज बैंक के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक श्री शंकरानंद झा , शाखा प्रबंधक चंचल पालिया , अजय, विपिन , नीरज , सुनील , राघवेंद्र, सतीश, मनीष, अखिलेश, कीर्ति, मंडली, भरत , बंटू व निवा बुपा इंश्योरेंस कंपनी से दीपक मौजूद रहे।

## सीएमओ ने गांव इमलिया में किया निरीक्षण



**टूंडला**। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ग्राम इमलिया में निरीक्षण किया। जहां गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर मरीजों को उपचार प्रदान किया गया तथा गांव में फैली हुई गंदगी को साफ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर विश्वदीप अग्रवाल चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला डॉ राजेश कुमार चिकित्सा अधिकारी फार्मासिस्ट लैब टेक्नीशियन वार्ड बाय, एएनएम पूजा तथा आशा राखी सिंह उपस्थित पाये गए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आशा को घर-घर जाकर बुखार के मरीजों की सूची बनाने के लिए आदेशित किया और चिकित्सा अधीक्षक को गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला पर तथा जिला चिकित्सालय भर्ती करने के लिए आदेशित किया।

## डीएम ने किया दयानंद सरस्वती की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**फिरोजाबाद**। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ 16,17,18 नवंबर को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती पर आयोजित होने वाले आर्य धर्म महासम्मेलन के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थापकों से कहा कि यहां पर होने वाले आयोजन से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं उचित ढंग से संपन्न करा ले, बाहर से आने वाले लोगों के रहने की समुचित व्यवस्थाएं हो उनके नाश्ते रहने खाने पीने की समुचित व्यवस्थाएं हो साथ ही साथ मोबाइल टॉयलेट प्रॉपर तरीके से बने जो भी सरकारी स्टॉल यहां पर लगाए जाने हैं उनकी जगह को अभी से सुनिश्चित कर ले, यह हमारे जिले के लिए गर्व की बात है कि ऐसे विराट सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है इसलिए हम सभी का दायित्व है कि हम सब पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ इस कार्यक्रम को संपन्न कराये, जिलाधिकारी ने मंच स्थल का भी जायजा लिया, इसके अलावा बाहर से आने वाले वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी देखी साथ ही जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पब्लिक परिसर में चार एलईडी लगेगी एवं मंच पर एक एलइडी की व्यवस्था रहेगी, इसके अतिरिक्त मेडिकल कैंप में संपूर्ण सुविधाएं मौजूद रहनी चाहिए जिससे आकस्मिक क्षणों में किसी भी परिस्थिति से निपटा जा सके एंबुलेंस इत्यादि की व्यवस्था तथा अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था 24 घंटे रहनी चाहिए, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि सफाई कर्मियों की व्यवस्था भी निरंतर रहनी चाहिए। इस अवसर पर वित्त एवं राजस्व विशु राजा, उप जिलाधिकारी सिरसागंज पर्यटन अधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## रिफाइनरी मे लगी आग में सभी घायलों की हालत स्थिर: रिफाइनरी प्रबंधन

**मथुरा**। मथुरा रिफाइनरी में आग लगने की घटना 12 नवंबर को लगभग शाम 7.00 बजे, मथुरा रिफाइनरी के नियोजित शट डाउन के बाद कगूड डिस्टिलेशन यूनिट के स्टार्ट-अप के दौरान हुई। इस घटना में मामूली आग लग गई। रिफाइनरी की आंतरिक अग्नि एवं सुरक्षा टीम की मदद से आग को तुरंत बुझा दिया गया और रिफाइनरी परिचालन अप्रभावित रहा। घटना में आठ कर्मी सतही रूप से झुलस गए। घायलों में से तीन को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य को स्थानीय स्तर पर चिकित्सा व देखभाल की जा रही है। सभी घायल व्यक्तियों की हालत स्थिर है और वह चिकित्सकों की निगरानी में है। अपोलो अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों की हालत स्थिर है और वे ठीक हो रहे हैं। मथुरा रिफाइनरी अस्पताल में भर्ती अन्य लोगों की हालत स्थिर है। ठीक होने के बाद एक मरीज को छुट्टी दे दी गई है और एक को संभवतः आज शाम को छुट्टी दे दी जाएगी। आग लगने का कारण सीडीयू कॉलम में नॉन-रिटर्न वाल्व (एनआरवी) की खराबी के कारण प्रतीत होता है, जिसके कारण हाइड्रोकार्बन भाप के साथ मिल गया, जिससे अचानक आग लग गई। घटना का कारण निर्धारित करने के लिए गहन जांच की जा रही है।

**तीन और मरीज फरीदाबाद रैफर**: रिफाइनरी के नियोजित शटडाउन के बाद मंगलवार शाम 07 बजे क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट के स्टार्ट-अप के दौरान आग लगी थी। इस घटना में कोयला निवासी हरिशंकर पुत्र दाऊदयाल, अजय शर्मा, रिफाइनरी नगर निवासी इरफान, अजय, सत्यभान पुत्र गंगाराम, गायत्री नगर निवासी मूलचंद, बेरी निवासी भोलू उर्फ सूखा आदि गंभीर रूप से झुलस गए। तीन मरीजों को बेहतर निगरानी और उपचार के लिए मेट्रो अस्पताल फरीदाबाद रैफर किया गया है। रिफाइनरी की जनसंपर्क अधिकारी रेनू पाठक ने बताया कि रिफाइनरी में पिछले 40 दिन से शटडाउन का कार्य चल रहा था। मंगलवार को एवीयू प्लांट की मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद टेसिंटग की जा रही थी। तभी अचानक फर्निश लाइन गर्म होकर फट गई। इसमें झुलसे सभी लोगों को उपचार के लिए रिफाइनरी नगर अस्पताल, सिटी हॉस्पिटल और दिल्ली मेट्रो के लिए रेफर कर दिया है।

# मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत किया जा रहा जागरूक



**फिरोजाबाद**। उप्र शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के विशेष अभियान के तहत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी व समस्त चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में रैली संगोष्ठी आदि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में छात्र छात्राओं शिक्षकाओं को मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु किए जा रहे जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को थाना दक्षिण के महात्मा गांधी बालिका डिग्री कॉलेज थाना नसीरपुर के प्रा. स्कूल ग्राम श्यारमऊ रामलाल थाना उत्तर के श्री बृजराज सिंह इंटर कॉलेज मथुरा नगर, थाना रामगढ के नूरनगर थाना मटसैना के प्रा.वि. सोरामगढ़ी थाना रसूलपुर के आरयू पब्लिक स्कूल शीतल खां रोड थाना बसईमौ0पुर के टीएसएस पब्लिक स्कूल , थाना पचोखरा के केसी मेमोरियल इंटर कॉलेज थाना लाइनपार के आजादनगर, थाना नगला खंगर के लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल सलेमपुर करखा थाना खैरगढ के प्रभात पब्लिक स्कूल थाना जसराना के जनता इंटर कॉलेज थाना शिकोहाबाद के बीडीएम इंटर कॉलेज स्टेशन रोड शिकोहाबाद थाना टूण्डला प्रा.वि. अलावलपुर टूण्डला थाना रजावली के नगला पार थाना नगला सिंघी के ग्राम पंचायत लतीफपुर थाना सिरसागंज के कस्बा सिरसागंज थाना एका के कृष्ण आदर्श इंटर कॉलेज मधीपुर आदि में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत जागरूक किया गया और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

## आगरा में चलरही है नकली दवाई बनाने की फैक्ट्रियां, विदेश तक हो रही है सप्लाई

**आगरा**। थाना सिकंदरा के शास्त्रीपुरम क्षेत्र में नकली दवाइयां बनाने वाली दो अवैध फैक्ट्रियों पर थाना सिकंदरा पुलिस टीम, नगर जोन की एसओजी और सर्विलांस टीम ने छापा मारकर भारी मात्रा में कच्चा सामान और उपकरण जब्त कर लिए हैं। ये लोग विदेशों में भी दवा की सप्लाई कर रहे थे। पुलिस ने संचालक सहित आठ लोगों को हिरासत में ले लिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है। ड्रग विभाग दवाइयों की सैंपलिंग करने साथ ही कीमत का आंकलन कर रहा है। आगरा के शास्त्रीपुरम में बन रहीं नकली दवाएं, विदेशों तक सप्लाई, संचालक समेत आठ लोग हिरासत में डीसीपी ने बताया कि पुलिस को शास्त्रीपुरम क्षेत्र में नकली दवा फैक्ट्री संचालित होने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने आज दोनों फैक्ट्री पर छापामारों की। पुलिस को देख वहां के कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने छापा डालकर दोनों स्थानों से दवा बनाने के आधुनिक उपकरण और कच्चा माल जब्त किया है। डीसीपी ने बताया कि परिवार वालों ने पूछताछ में बताया है कि नकली दवा को भारत ही नहीं, अफगानिस्तान और अफ्रीकी देशों में सप्लाई किया जाता था। पुलिस ने मौके से आठ लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें मैनेजर और कर्मचारी भी शामिल हैं। पुलिस देर शाम तक कीमतों का आंकलन कर लेगी।

# जिले में बन रहे औद्योगिक गलियारे के संबंध में डीएम ने दिये महत्वपूर्ण निर्देश



जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद**। जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति में तहसील शिकोहाबाद के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, इसमें लेखपाल, पंचायत सचिव कृषक भी शामिल हुए, इस बैठक का उद्देश्य था शिकोहाबाद और सिरसागंज में बन रहे औद्योगिक गलियारे के निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर करना इस गलियारे के बनने से शिकोहाबाद तहसील का गांव नसीरपुर, सिरसागंज का गांव गौसपुर, सलेमपुर चक, अबाबकरपुर से इस गलियारे को गुजरना है।

यूपीसीड़ा द्वारा इस गलियारे का निर्माण किया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषकों को इस बात पर मोटिवेट किया कि वह अपनी भूमि को इस महत्वपूर्ण गलियारे के निर्माण हेतु प्रदान कर दें जिससे जिले में एक महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाई का निर्माण हो सके जिलाधिकारी के समझाने पर कृषक अपनी भूमि का बैनामा करने को तैयार हो गए, जिलाधिकारी ने कहा कि इस गलियारे के बनने से आपके बच्चों को रोजगार प्राप्त होगा जमीन की कीमतें बढ़ेगी यहां पर आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विकास होगा, साथ ही साथ जनपद में जो युवा रोजगार हेतु बाहर जिलों में पलायन कर जाते हैं उनका पलायन भी रुकेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा, उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद, परियोजना निदेशक सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## 21 को धर्म संसद में जुटेंगे संपूर्ण भारतवर्ष के संत-महंतः शोभाराम

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा**। श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास, धर्म रक्षा संघ, ब्रजभूमि कल्याण परिषद संगठनों की की संयुक्त बैठक वृंदावन स्थित आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता पं बिहारी लाल वशिष्ठ ने की बैठक को संबोधित करते हुए हिंदूवादी दिनेश शर्मा ने कहा कि 21 नवंबर को जो धर्म संसद आयोजित हो रही है, उसमें अखाड़ा परिषद के संत, जगतगुरु, द्वाराचार्य एवं अखिल भारतीय स्तर पर संत जन भाग लेंगे. धर्म संसद की अध्यक्षता शंकराचार्य जी द्वारा की जाएगी। धर्म संसद के मुख्य संयोजक पं शोभाराम शर्मा को नियुक्त किया गया एवं 31 सदस्य को जिम्मेदारी दी गई बैठक को संबोधित करते हुए आचार्य बद्रीश महाराज एवं मुख्य संयोजक शोभाराम शर्मा ने कहा कि सनातन वैदिक धर्म पर घातक प्रहार हो रहे हैं, हमें एकजुट होकर धर्म संसद के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करनी होगी. स्वामी ज्ञान सागर जी महाराज, आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति गाय को राष्ट्र माता घोषित करना, वक्फ बोर्ड की समाप्ति सनातन सेनानियों को सुरक्षा, धर्म संसद का प्रमुख मुद्दा होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से, पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ, बाबा कर्मयोगी, सौरभ गोड, मोहिनी शरण महाराज, आनंद बल्लभ गोस्वामी, अश्वनी शर्मा, मुस्लिम नेत्रीरूबी आसिफ खान, सुखराम सिंह कमल, रुचि द्विवेदी, विनीत शर्मा, गुंजन शर्मा,

राजेश कृष्ण शास्त्री, ठा नरेश सिंह, अश्वनी पंडित, राहुल गौतम, ममता शर्मा, बैठक का संचालन राजेश पाठक ने किया।

## थानेदार को फूलों के गुलदस्ता देते हुए हिस्ट्रीशीटर का फोटो वायरल



**आगरा**। कमला नगर के थाने के एक हिस्ट्रीशीटर ने थाना खंदौली नए थानेदार को मुसीबत में डाल दिया है। कुछ महीने पहले ही थाना प्रभारी ने चार्ज लिया और वह फूलों के गुलदस्ते लेकर स्वागत करने पहुंच गया। फूलों के गुलदस्ते देते हुए फोटो खिंचाई। उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया। हैरानी की बात यह है कि थाने में किसी पुलिस ने थानेदार को यह नहीं बताया कि स्वागत करने हिस्ट्रीशीटर आया है। अब थाना प्रभारी को अपनी सफाई पेश करनी पड़ रही है। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो में हिस्ट्रीशीटर मनोज अग्रवाल थानाध्यक्ष राकेश चौहान को फूलों के गुलदस्ते दे रहा है। मनोज अग्रवाल कमला नगर थाने का ही हिस्ट्रीशीटर है। हैरानी की बात यह है कि वह बेधड़क थाने में आया। थानाध्यक्ष का स्वागत किया और आराम से चला गया। उसे किसी पुलिस कर्मी ने नहीं टोका। इससे इतना तो साफ है कि थाने पर उसकी सेटिंग अच्छी है।

## 108 जोड़ो ने हिंदू रीति रिवाज से लिए सात फेरे



**वृंदावन**। परिक्रमा मार्ग स्थित सुखधाम आश्रम में कार्तिक मास की पावन बेला में हिंदू सर्व जातीय कन्या सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 108 जोड़ों का विवाह संस्कार संपन्न हुआ। रामानंदाचार्य वैष्णव सेवा ट्रस्ट एवं कल्याण करोति के तत्वावधान में किया गया। समारोह मे 108 जोड़े परिणय सूत्र बंधन में बंधे। रामानंदाचार्य वैष्णव सेवा ट्रस्ट एवं कल्याण करोति के संयुक्त तत्वाधान में हिंदू सर्व जातीय कन्या सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कन्या एवं वर ने हिंदू रीति रिवाज से सात फेरे लिए। इस दौरान जयमाला आदि शादी की सभी रस्मों को पूरा कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। समारोह में उपस्थित संत और गणमान्यों ने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही संस्था द्वारा गरीब परिवार की 108 कन्याओं को कन्यादान स्वरूप हजारों रुपये का सामान वैवाहिक जीवन की शुरूआत करने के लिए भेट किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीपा पीठाधीश्वर बाबा बलराम दास महाराज ने वर वधु को आशीर्वाद देकर वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की।

# संस्कृति विवि ने मनाया राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

- वक्ताओं ने देश के प्रथम शिक्षा मंत्री रहे मौलाना अबुल कलाम को याद किया

जिला संवाददाता (vol)



**मथुरा**। संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने देश के प्रथम शिक्षा मंत्री रहे मौलाना अबुल कलाम को याद किया और उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को विस्तार से बताया।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एम.बी. चेट्टी बताया कि मौलाना अबुल कलाम आजाद या अबुल कलाम गुलाम मुहियुद्दीन एक प्रसिद्ध भारतीय मुस्लिम विद्वान थे। वे कवि, लेखक, पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। भारत की आजादी के बाद वे एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक पद पर रहे। वे महात्मा गांधी के सिद्धांतो का समर्थन करते थे। खिलाफत आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 1923 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष बने। वे 1940 और 1945 के बीच कांग्रेस के प्रेसीडेंट रहे। आजादी के बाद उत्तर प्रदेश राज्य के रामपुर जिले से 1952 में सांसद चुने गए और भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने। उनके द्वारा शिक्षा की क्षेत्र में अनेक कार्य किये गए, जिनमें यूजीसी, तकनीकी, जामिआ मिलिया विश्वविद्यालय, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना जैसे प्रमुख कार्य भी शामिल हैं।

स्कूल ऑफ एजुकेशन की डीन डॉ. रेनू गुप्ता ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद के देश भर में सीखने के अवसरों के विस्तार के प्रति उनके समर्पण के बारे में बताया। डॉ. निशा चंदेल ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के महत्व पर प्रभावशाली संबोधन दिया, जिसमें भारत की शैक्षिक नीति पर मौलाना आजाद के प्रभाव को दशार्या गया।

डॉ. मृत्युंजय मिश्रा ने छात्रों से शिक्षा को व्यक्तिगत और सामाजिक विकास की आधारशिला के रूप में महत्व देने पर बल दिया एवं नई तकनीकी के साथ आगे बढ़ने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों को मौलाना अबुल कलाम आजाद की डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

## विधायक ने सोलर व टेनिस कोर्ट का किया उदघाटन

**मथुरा**। पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं मथुरा- वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा ने बिरला मंदिर क्षेत्र विश्व विख्यात पी.एम.वी पॉलिटेक्निक कॉलेज में अपनी निधि से बनाए टेनिस कोर्ट एक आरो प्लांट व सोलर लाइटों का उद्घाटन किया। वही विधायक श्रीकांत शर्मा ने बताया विकास कार्यों में लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराना सबसे पुण्य माना जाता है वहीं उन्होंने बताया टेनिस यह हमारे स्वास्थ्य के लिए कई शारीरिक और मनोवैज्ञानिक लाभ भी प्रदान करता है। वहीं भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया बिरला मंदिर स्थित वार्ड नं 45 में स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में विधायक श्रीकांत शर्मा की निधि में 25 लाख की निधि से एक टेनिस कोर्ट एक आप प्लांट और सोलर लाइटों का निर्माण कराकर विधायक श्रीकांत शर्मा ने स्कूल प्रशासन और विद्यार्थी को समर्पित कर दिया है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि मुनेश दीक्षित नंदकिशोर सैनी रामबाबू सैनी चंद्रपाल चौधरी बृजेश सैनी सुनील कुमार प्रेम सिंह सैनी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



संक्षेप

## जमशेदपुर का औद्योगिक केंद्र अधर में: जयराम रमेश

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को दावा किया कि जमशेदपुर के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र का आधे से अधिक हिस्सा 2015 से नियामकीय कारणों से अधर में लटका हुआ है, जबकि गोड्डा में अदाणी पावर के लिए एसईजेड परियोजना को 2019 में तेजी से मंजूरी दी गई थी। रमेश ने कहा कि यह दुखद स्थिति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने परियोजनाओं को वन और पर्यावरण मंजूरी देने में देरी की है, जिससे विकास बाधित हो रहा है। रमेश ने विश्वास जताया कि जमशेदपुर के लोगों ने ऐसे नेताओं- बन्ना गुप्ता (जमशेदपुर पश्चिम) और अजय कुमार (जमशेदपुर पूर्व) को वोट दिया है जो उनके साथ और उनके लिए खड़े रहेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में जमशेदपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम सीटों पर बुधवार को मतदान हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा, जमशेदपुर के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र - आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र - का आधे से अधिक हिस्सा 2015 से विनियामकीय अनिश्चितता में है। इस विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में 1,200 इकाइयां हैं। इसमें 11 बड़े, 64 छोटे और 166 सूक्ष्म उद्योग शामिल हैं।

## पारले एग्रो ने पेश है स्मूथ लस्सी

नई दिल्ली। पारले एग्रो ने अपने बढ़ते हुए डेयरी पोर्टफोलियो में एक नया प्रोडक्ट स्मूथ लस्सी लॉन्च किया है, जो एक बार फिर भारतीय डेयरी कैटेगिरी को एक नया रूप देने के लिए तैयार है। इस रोमांचक लॉन्च का सपोर्ट एक बहुत बड़े मल्टी-चैनल कैंपेन द्वारा किया गया, जो लस्सी की कैटेगिरी में अब तक का सबसे बड़ा कैंपेन है, जिसमें ब्रांड एंबेसडर वरुण धवन भी शामिल हैं। स्मूथ लस्सी के साथ, पारले लस्सी को खुशी और सुख के नए स्तर पर ले जाता है। इसमें 50 फीसद दही है, जिससे यह बहुत गाढ़ी और मलाईदार बनती है, और यह एक स्वादिष्ट और संतोषजनक पीने का अनुभव देती है। स्मूथ लस्सी में क्लासिक लस्सी का स्वाद है, साथ ही एक हल्का गुलाब का स्वाद, जो इसे ताजा और आरामदायक बनाता है। यह आराम के समय के लिए एकदम सही ड्रिंक है - चाहे वह एक क्विक ब्रेकफास्ट हो, एक फैमिली गेदरिंग हो, मेहमानों को सर्व करना हो या बस ताजगी का अनुभव करना हो।

## ब्लड शुगर लेवल पर कम करता है बादाम

नई दिल्ली। हर साल 14 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में डायबिटीज को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाती है और इसकी अच्छे से देखभाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। डायबिटीज को काबू में रखने का एक तरीका यह भी है कि हमें बादाम जैसे पौष्टिक फूड को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें प्रोटीन, अनसैचुरेटेड फैट्स और डाइटरी फाइबर शामिल हैं। ये पोषक तत्व ब्लड शुगर लेवल को बनाए रखने में मदद करते हैं। शोध से पता चला है कि बादाम खाने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। खासकर टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के लिए यह बहुत फायदेमंद होता है। बादाम खाने से कार्बोहाईड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों के खाने के बाद ब्लड शुगर लेवल तेजी से नहीं बढ़ता है। इसके अलावा, बादाम खाने से टाइप 2 डायबिटीज से पीडित लोगों के शरीर में सूजन कम करने में मदद मिलती है।

## एमसीडी की याचिका पर फैसला रखा सुरक्षित

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से बिजली अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रखा है। याचिका में बिजली अपीलीय न्यायाधिकरण के उस निर्देश को चुनौती दी गई है, जिसमें उसने कहा था कि नगर निगम यहां नरेला में अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्र में बिजली के लिए शुल्क तय नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने नगर निगम की ओर से पेश वकील की दलीलें सुनीं। वकील ने अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश को रद्द करने और बिजली संयंत्र स्थापित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। नगर निगम संयंत्र में बनने वाली बिजली का शुल्क तय नहीं कर सकता।

# सेंसेक्स ने लगाया 984 अंक का गोता



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 984 अंक का गोता लगाकर चार महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ।

एनएसई निफ्टी भी एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति के 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच बैंकिंग, वाहन और पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में भारी बिकवाली के कारण शेयर बाजारों में गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स 984.23 अंक यानी 1.25 प्रतिशत का गोता लगाकर 77,690.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,141.88 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 324.40 अंक यानी 1.36 प्रतिशत लुढ़क कर 23,559.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट और इन्फोसिस के शेयर लाभ में रहे। कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों तथा घरेलू मुद्रास्फीति के 14 महीने के उच्चस्तर पर पहुंचने के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें धूमिल हुई हैं। मंगलवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि खुदरा मुद्रास्फीति ने रिजर्व बैंक के ऊपरी संतोषजनक स्तर (छह प्रतिशत) को पार कर लिया है। खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,024.31 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा, जबकि वित्तीय और वाहन खंड में भी काफी कमजोरी देखने को मिली। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 3.08 प्रतिशत और मिडकैप में 2.56 प्रतिशत की गिरावट आई।

# त्योहारी मांग से अक्टूबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री बढ़ी: सियाम



नयी दिल्ली। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर मामूली बढ़त के साथ 3,93,238 इकाई हो गयी। उद्योग संगठन सियाम ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अक्टूबर 2023 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,89,714 इकाई थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बयान में कहा, पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 21,64,276 इकाई हो गई, जबकि अक्टूबर 2023 में यह 18,95,799 इकाई थी। स्कूटर की बिक्री अक्टूबर में 22 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7,21,200 इकाई रही। मोटरसाइकिल की थोक बिक्री पिछले महीने 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,90,696 इकाई हो गई, जबकि अक्टूबर 2023 में यह 12,52,835 इकाई थी। अक्टूबर में मोपेड की बिक्री घटकर 52,380 इकाई रह गई, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी माह यह 53,162 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने मामूली गिरावट के साथ 76,770 इकाई रह गई, जबकि अक्टूबर 2023 में यह 77,344 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि अक्टूबर 2024 में दो प्रमुख त्यौहार दशहरा और दिवाली होने से उपभोक्ता मांग बढ़ी जिससे मोटर वाहन उद्योग को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि यात्री वाहनों ने 0.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अक्टूबर में 3.93 लाख इकाइयों की अपनी उच्चतम बिक्री दर्ज की। दोपहिया वाहन खंड ने भी 2024 में अक्टूबर की अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। उन्होंने कहा कि यह उच्च वृद्धि वाहन पंजीकरण आंकड़ों में भी परिलक्षित हुई।

# शेयर बाजार में निवेशकों की पूंजी 13 लाख करोड़ रुपये घटी



नयी दिल्ली। बीएसई सेंसेक्स में लगातार दो दिन की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 13 लाख करोड़ रुपये घटी है। इस दौरान सेंसेक्स दो प्रतिशत से अधिक नीचे आया है। बीएसई सेंसेक्स दो दिन में 1,805.2 अंक या 2.27 प्रतिशत टूटा है। बुधवार को यह 984.23 अंक या 1.25 प्रतिशत गिरकर 77,690.95 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण दो दिन में 13,07,898.47 करोड़ रुपये घटकर 4,29,46,189.52 करोड़ रुपये रह गया।

कारोबारियों के अनुसार, खुदरा महंगाई के अक्टूबर में बढ़कर 14 महीने के उच्चस्तर पर पहुंचने तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली जारी रहने से शेयर बाजार में गिरावट रही। इसके अलावा कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद से कमजोर रहने के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में बिकवाली हुई। साथ ही अमेरिकी तथा एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

# आपूर्ति क्षमता में विस्तार से महंगाई दबाव को काबू करने में मिलेगी मदद: एस एंड पी

नयी दिल्ली। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एस एंड पी ग्लेबल रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि भारत में आपूर्ति क्षमता काफी तेजी से बढ़ रही है, जिससे महंगाई के दबाव को काबू करने में मदद मिलेगी।

एस एंड पी के वरिष्ठ अर्थशास्त्री (एशिया प्रशांत) विश्रुत राणा ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति और मुद्रास्फीति लक्ष्य भरोसेमंद बना हुआ है। इससे उम्मीद है कि आरबीआई मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रबंधन के स्तर पर चुनौती बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई है। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई बढ़ी है। यह आरबीआई के संतोषजनक स्तर (दो से छह प्रतिशत) से ऊपर है। सितंबर में यह 5.49 प्रतिशत थी। राणा ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कर्ज परिदृश्य, 2025 की स्थिति पर आयोजित सम्मेलन में कहा, ...जब तक अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति क्षमता में तेजी से विस्तार जारी रहेगा, हमें उम्मीद है कि मुद्रास्फीति का दबाव नियंत्रित होना चाहिए। इस समय विनिर्माण बुनियादी ढांचे आदि पर जोर देने के साथ भारत में यह हो रहा है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। उसने चालू वित्त वर्ष में इसके 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। राणा ने कहा कि उपभोग और टिकाऊ वृद्धि के बीच नीति-निर्माताओं और परिवारों के लिए संतुलन का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई अपने साधनों के भीतर खर्च करे। इससे बचत बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उपभोग एक प्रमुख तत्व है। कुल वृद्धि में निजी उपभोग का हिस्सा 55 प्रतिशत से अधिक है।

# अमेरिकी तुर्किये उत्पादों की पहली खेप भारतीय बाजार के लिए रवाना

वाशिंगटन। भारत के लिए अमेरिकी तुर्किये उत्पादों की पहली खेप मंगलवार को रवाना हुई, जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में एक नया चरण शुरू हुआ। भारत के अमेरिकी तुर्किये उत्पादों पर उच्च शुल्क को कम करने के अमेरिकी अनुरोध पर सहमति जताने के एक वर्ष बाद यह खेप रवाना की गई।

वर्जीनिया से अमेरिकी सीनेटर एवं सीनेट इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष मार्क वार्नर ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक बाजारों में अमेरिकी तुर्किये उत्पादों की पहुंच का विस्तार करेगा और अमेरिकी तुर्किये उत्पादकों के लिए नए अवसर खोलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहली खेप वर्जीनिया के मवेशी उत्पादकों के लिए एक बड़ा अवसर है और अमेरिका-भारत व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। वार्नर ने कहा कि सीनेट इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष के तौर पर मैं दोनों देशों के बीच जारी सहयोग और वर्जीनिया के मवेशी उत्पादकों के लिए नए अवसरों के खुलने की उम्मीद करता हूं। सितंबर 2023 में घोषित व्यापार समझौते के तहत भारत ने अमेरिकी तुर्किये उत्पादों पर जवाबी शुल्क को समाप्त तथा कम कर दिया, जिससे देश के तेजी से बढ़ते प्रोटीन बाजार तक पहुंच बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया।

# डिजिटल क्रांति की अगुवाई कर रहा भारत



जयपुर। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने बुधवार को कहा कि देश डिजिटल क्रांति के मामले में अगुवा है और वित्तीय प्रौद्योगिकी डिजिटल भुगतान को गति दे रही है।

उन्होंने कहा कि एक जीवंत ई-बाजार उभर रहा है और अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। एक अनुमान के अनुसार, डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का दसवां हिस्सा है। पिछले दशक की वृद्धि दर को देखते हुए, 2026 तक इसके जीडीपी का पांचवां हिस्सा बनने की संभावना है। पात्रा ने यहां भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकी, उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि विषय पर डीईपीआर सम्मेलन में अपने उद्घाटन भाषण में यह भी कहा कि भारत अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, एक जीवंत सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र और कृत्रिम मेधा प्रतिभा से लैस युवाओं समेत बढ़ती युवा आबादी के साथ वृद्धि के नए रास्ते खोलने और मौजूदा रास्तों को अनुकूलतम बनाने को लेकर विशिष्ट स्थिति में है। डिप्टी गवर्नर ने देश में वित्तीय क्षेत्र के डिजिटलीकरण के बारे में कहा कि भारतीय बैंकों के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि जहां सभी ने मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग लागू की है, वहीं 75 प्रतिशत ऑनलाइन खाता खोलने, डिजिटल केवाईसी और डिजिटल तरीके से घर तक बैंक सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा, 60 प्रतिशत डिजिटल माध्यम से कर्ज प्रदान कर रहे हैं जबकि 50 प्रतिशत भुगतान एग्रीगेटर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वहीं 41 प्रतिशत चैटबॉट का उपयोग करते हैं, 24 प्रतिशत ने ओपन बैंकिंग को अपनाया है और 10 प्रतिशत ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) तकनीक को एकीकृत किया है। निजी क्षेत्र के 19 बैंक प्रौद्योगिकी अपनाने के मामले में आगे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय बैंकों की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट की कृत्रिम मेधा की सहायता से की गयी समीक्षा से डिजिटलीकरण से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में उत्पादकता लाभ का पता चलता है। कुल 14,500 कार्य दिवस की मासिक बचत, ग्राहकों को जोड़ने की लागत में 25-30 प्रतिशत की कमी, 84 टन कागज के उपयोग में कमी, ग्राहकों के बैंकों तक आने-जाने में चार लाख लीटर ईंधन की बचत और शाखाओं में ग्राहकों को इंतजार में लगने वाले समय में 40 प्रतिशत की कमी इसके कुछ उदाहरण हैं।

# आसियान के साथ एफटीए समीक्षा में भारत रख सकता है शुल्क रियायतों में लचीलेपन की मांग

नयी दिल्ली। भारत 10 देशों के दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के तहत उन क्षेत्रों में मौजूदा शुल्क रियायतों में लचीला रुख अपनाने की इच्छा जाहिर कर सकता है, जो आयात में उल्लेखनीय वृद्धि से प्रभावित हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

आसियान की आधिकारिक टीम अगले दौर की समीक्षा वार्ता के लिए भारत आ रही है। यह वार्ता 19-22 नवंबर को यहां होगी। आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) पर 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे। अधिकारी ने कहा कि हम समझौते में दी गई शुल्क (या सीमा शुल्क) रियायतों में कुछ लचीलेपन की इच्छा जता सकते हैं। कुछ रियायतें वापस ली जा सकती हैं और कहीं और दी जा सकती हैं क्योंकि कुछ क्षेत्रों में हमें लगता है कि हमारे घरेलू उद्योग को बहुत नुकसान हो रहा है। कुछ क्षेत्रों में हमें घरेलू नुकसान हुआ है। हम इसे न्यूनतम संभव तरीके से करना चाहेंगे। घरेलू इस्पात उद्योग ने चीन जैसे देशों से आयात में उल्लेखनीय वृद्धि और आसियान के साथ एफटीए के दुरुपयोग पर बार-बार चिंता जताई है। भारत समझौते की समयसारणी में लचीलेपन की भी मांग कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम इस दौर की वार्ता के दौरान पर्याप्त प्रगति की उम्मीद कर रहे हैं। हमारी कुछ अपेक्षाएं हैं। वार्ता का तीसरा दौर इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित किया गया था। समझौते की समीक्षा से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों पर वार्ता करने के लिए भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौता संयुक्त समिति के तहत आठ उप-समितियां गठित की गई हैं। तीसरे दौर की वार्ता के दौरान बाजार पहुंच, उत्पत्ति के नियम, मानक, तकनीकी विनियमन, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं और व्यापार सुविधा से संबंधित सभी समितियों ने ठोस चर्चा की। आसियान भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापार साझेदार है, जिसकी भारत के वैश्विक व्यापार में लगभग 11 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में आसियान को भारत का निर्यात 41.2 अरब डॉलर था, जबकि आयात 80 अरब डॉलर था। दोनों पक्ष 2025 में समीक्षा पूरी करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

पेज एक का शेष

## देश सेवा और

है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में 12,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में मोदी ने कहा नीतीश बाबू के नेतृत्व में बिहार में सुशासन का जो मॉडल विकसित करके दिखाया गया है, वह अद्भुत है। बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाने में उनकी भूमिका की जितनी सराहना की जाए, वह कम है। मोदी ने आरोप लगाया कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पहले की सरकारों को कभी स्वास्थ्य ढांचे की फिक्र नहीं हुई और उन्होंने जनता से झूठे वादे किए थे, लेकिन नीतीश कुमार के सत्ता में आने के बाद राज्य के हालात में सुधार हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की डबल इंजन की सरकार बिहार में विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बिहार का तेज विकास, यहां बेहतर आधारभूत संरचना और यहां के छोटे किसानों एवं छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने से ही संभव होने वाला है और राजग सरकार इसी रोडमैप पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में बाढ़ रोकने के लिए राजग सरकार 11,000 करोड़ रुपये की परियोजना चला रही है। मोदी ने कहा कि आज बिहार की पहचान यहां होने वाले अवसंरचना निर्माण, हवाई अड्डों और एक्सप्रेसवे से मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा हमारी सरकार देश की सेवा और लोगों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। सेवा की इसी भावना से यहां एक ही कार्यक्रम में विकास से जुड़ी 12,000 करोड़ रूपये की अलग-अलग परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया।

## महिला, युवा व

समाज व राष्ट्रदोही तत्वों को गले का हार बनाने वाले महाअनाड़ी गठबंधन के पास न नीति है और न ही देश को आगे बढ़ाने की नीयत। इनके पास नैतिक बल भी नहीं है। अनैतिक अनाड़ी गठबंधन के रूप में महाअघाड़ी चुनावी समर में है। यह लोग मुस्लिम तुष्टीकरण की राह पर चलकर देश की क्षति करना चाहते हैं।

सीएम योगी ने बुधवार को कारंजा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती सईप्रकाश डहाके, वाशिम विधानसभा से प्रत्याशी श्याम रामचरण खोड़े, उल्हासनगर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी ने कुमार उत्तम चंद आयलानी, मीरा भाईंदर से उम्मीदवार नरेंद्र लालचंद जी मेहता, ओवला माजीवाड़ा से शिवसेना शिंदे गुट के प्रताप सरनाइक के लिए जनसभा की। सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले पाकिस्तान भारत में घुसपैठ करता था। हम लोग कार्रवाई की मांग करते थे तो कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार कहती थी कि बोलिए मत, संबंध खराब हो जाएगा। हमने 10 वर्ष में बदलते भारत को देखा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में बदलता भारत अपने सीमा की सुरक्षा करना जानता है। भारत किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि आतंकवाद की जड़ धारा-370 अब समाप्त हो गई। कांग्रेस फड़क रही कि इसे फिर से लागू किया जाए, लेकिन पीएम मोदी जी ने कह दिया है कि कांग्रेस की चार पीढ़ियां भी कश्मीर में धारा-370 लागू नहीं कर सकती। सीएम योगी ने कहा कि बंजारा समुदाय कभी अस्तित्व के लिए जूझ रहा था, लेकिन आज उसे शासन की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। भाजपा सरकार ने यहां के बाबू सिंह महाराज को एमएलसी बनाया है, जो देश विरोधी तत्व बंजारा समुदाय का धर्मांतरण कर उन्हें गुमराह करने का प्रयास कर रहे थे, वे अब सफल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज, हर घर नल, पीएम आवास, आयुष्मान भारत, नौजवानों के रोजगार की योजना चलाई जा रही है। लाडली बहना योजना के माध्यम से हर महिला के खाते में हर महीने 2100 रुपये देने की व्यवस्था की गई है तो वहीं महाअघाड़ी ने कोरोना जैसी बीमारी के दौरान भी कुछ नहीं किया।

## सुप्रीम कोर्ट

उन मामलों में लागू नहीं होंगे जहां सड़क, गली, फुटपाथ, रेल पटरी या किसी नदी या जलाशय जैसे किसी सार्वजनिक स्थल पर कोई अनधिकृत संरचना है तथा उन मामलों में भी लागू नहीं होंगे जहां न्यायालय ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया है। पीठ ने कहा कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना (संपत्ति) ढहाने की कोई भी कार्वाई नहीं की जानी चाहिए। इस नोटिस का जवाब स्थानीय नगर निकाय कानून के अनुरूप निर्धारित अवधि में देना होगा या फिर नोटिस तामील होने के 15 दिन के भीतर देना होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि संवैधानिक लोकाचार और मूल्य शक्ति के इस तरह के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देते और इस तरह के दुस्साहस को अदालत द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा प्राधिकारी न्यायाधीश बनकर यह निर्णय नहीं ले सकते कि आरोपी व्यक्ति दोषी है और इसलिए उसकी आवासीय, व्यावसायिक संपत्ति, संपत्तियों को ध्वस्त करके उसे दंडित किया जाए। अधिकारी का ऐसा कृत्य उसकी सीमाओं का उल्लंघन होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य के अधिकारियों की ओर से शक्तियों के मनमाने इस्तेमाल के संबंध में नागरिकों के मन में व्याप्त आशंकाओं को दूर करने के लिए हम संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुछ निर्देश जारी करना आवश्यक समझते हैं। अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को उसके समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक कोई भी डिक्री या आदेश पारित करने का अधिकार देता है।

## महिलाओं को

रहा है, इसके साथ ही सशक्त बहना उत्सव योजना, सीएम महिला स्वंय सहायता समूह योजना भी संचालित की जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूह योजना के तहत 84 करोड़ रुपए से अधिक का सहयोग प्रदान किया गया है, साथ ही ब्याज पर 25 करोड़ रुपए की छूट प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के तहत अब तक 4 करोड़ 20 लाख रुपए का व्यवसाय किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यात्रा मार्ग पर भी समूहों के आउटलेट खोल रही है, साथ ही दिल्ली में भी हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत महिला समूहों के उत्पाद मिलेंगे। सरकार 2025 तक डेढ़ लाख बहनों को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है।

कार्यक्रम में कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भोपाल राम टम्टा, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष एसएस नेगी, सदस्य रामप्रकाश पैन्यूली के साथ ही आयुक्त ग्राम्य विकास धीराज गर्बयाल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित हुए।

# यूपी : सड़क हादसों में छह की मौत, 15 घायल

जिला संवाददाता

❍ फतेहपुर, गोंडा और मिर्जापुर में हुईं घटनाएं

फतेहपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को बारातियों से भरी एक पर्यटक बस, आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और नौ बाराती घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि बुधवार को कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मौहार गांव के पास 23 बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार महिला किरन (55) और आदित्यराज (5) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अस्पताल में इलाज के दौरान युवती कुमकुम सिंह (20) ने दम तोड़ दिया। घायलों में तीन की हालत नाजुक है, जिन्हें इलाज के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया है। बाकी छह लोगों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। टूरिस्ट बस बारातियों को लेकर प्रयागराज के मुड़ेरा गांव से नोएडा जा रही थी। वहीं दिल्ली से गोंडा आ रही एक निजी डबल डेकर बस बुधवार को तड़के पलट गई जिससे छह लोग घायल हो गए। यह घटना कर्नलगंज पुलिस थाना अंतर्गत कटरा शाहबाजपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास गोंडा लखनऊ मार्ग पर घटी। नई दिल्ली के न्यू अशोक नगर में श्रीराम ट्रैवेल्स नाम से पंजीकृत इस बस के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया जिससे यह एक गड्ढे में गिर गई। सहायक मंडलीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) शैलेंद्र तिवारी के मुताबिक, इस दुर्घटना में छह लोगों के घायल होने की सूचना है जिन्हें इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया है, जबकि मिर्जापुर जिले चुनार पुलिस थाना क्षेत्र के भरेहटा गांव में मंगलवार देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बताया कि यह घटना चुनार पुलिस थाना अंतर्गत भरेहटा गांव में उस समय हुई जब ये लोग जमुई में अपने भाई से मिलकर वापस घर लौट रहे थे। तीनों व्यक्ति अलग अलग गांव से थे और अपने भाई से मिलने जमुई स्थित उसके फार्म हाउस गए थे। वापस लौटते समय जैसे ही वे सझौली मोड़ पर एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दो व्यक्तियों विजय कुमार (19) और गरीब कुमार गौतम (22) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे व्यक्ति हलचल राजभर (24) की वाराणसी में ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मृत्यु हुई। पुलिस ने तीन शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान के लिए जांच की जा रही है।

## बीएसएफ आतंकी

के अपर महानिदेशक सतीश एस. खंडारे के साथ सीमावर्ती जिले राजौरी में 54वीं बटालियन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय भारत दर्शन यात्रा के लिए स्थानीय छात्रों के एक समूह को रवाना करने आए थे। बीएसएफ के आईजी कहा, हमारा पड़ोसी देश (पाकिस्तान) हमेशा आतंकवादियों को (विध्वंसक गतिविधियों के लिए) भेजने की कोशिश करता है। मैं लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था (सीमाओं पर) बहुत मजबूत है, आधुनिक हथियारों और पर्याप्त जनशक्ति से लैस है।

घुसपैठ की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा और सीमाओं को पूरी तरह से सुरक्षित रखा जाएगा। सर्दियों के मौसम के दौरान कोहरे का फायदा उठाकर घुसपैठ के प्रयासों में वृद्धि की आशंका के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह कोई नयी बात नहीं है। बूरा ने कहा, कोई चुनौती नहीं है क्योंकि हर साल सर्दी आती है और कोहरा भी रहता है। हमारे सभी बल (सीमा पर और भीतरी इलाकों में तैनात) किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से सतर्क हैं। हर साल स्थिति की समीक्षा की जाती है और उसके अनुसार कदम उठाए जाते हैं, इसलिए यह कोई नयी बात नहीं है।

## झारखण्ड में

सिंहभूम और रांची जिले की पांच-पांच विधानसभा सीटें रहीं, जहां बुधवार को मतदान हुआ। सबसे कम एक-एक सीट कोडरमा और रामगढ़ जिले की रही।

## भूमि की पैमाइश

लिए गए। इस घूस की रकम को वापस किया जाए। इस मामले में तत्काल उच्चस्तर से जांच के आदेश दिए गए। नियुक्ति विभाग ने लखीमपुर खीरी के डीएम से इसकी पूरी रिपोर्ट मांगी थी। इसमें यह पूछा कि छह साल पहले यानी वर्ष 2019 के बाद कौन-कौन उप जिलाधिकारी, तसीलदार और नायब तहसील वहां तैनात रहे। उन्होंने पैमाइश के मामले में क्या कार्रवाई की। डीएम से मिली रिपोर्ट के आधार पर इन चारों अफसरों को दोषी पाया गया है।




# तकनीक पर काम कर खेल में सुधार करें रोहित और कोहली : ब्रेट ली







सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला से पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को सलाह दी है कि वे अपनी तकनीक पर काम करने के साथ रीसेट बटन (पहले की तरह लय हासिल करें) दबाएं। बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला का आगाज पर्थ में 22 नवंबर से होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की हालिया टेस्ट श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के बाद इन दोनों बल्लेबाजों के ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की श्रृंखला में प्रदर्शन पर नजर रहेगी। न्यूजीलैंड ने भारत को 3-0 से शिकस्त दी थी। ली ने एक यूट्यूब चैनल पर कहा, जब आप एक के बाद एक खराब प्रदर्शन करते हैं, तो दबाव बढ़ जाता है। इसलिए, मुझे लगता है कि अब बात यह है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी को फिर से कड़ा अभ्यास करना होगा।

उन्होंने कहा, वे चौम्पियन खिलाड़ी है क्योंकि वे मूल चीजों को दूसरे से बेहतर तरीके से करते है। उन्हें बस फिर से लय हासिल करने की जरूरत है। ली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नयी गेंद से रोहित और कोहली के खिलाफ आक्रामक रूख अपनायेंगे ऐसे में इन दोनों को इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा।

उन्होंने कहा, (उन्हें) अपनी तकनीक पर काम करना चाहिए, तरोताजा होना चाहिए, जितना हो सके क्रिकेट से दूर रहना चाहिए और फिर ऑस्ट्रेलिया पहुंच कर पूरा अभ्यास करना चाहिये। मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नई गेंद से रोहित के खिलाफ बेहद आक्रामक रवैया अपनायेंगे। रोहित ने इस साल 11 टेस्ट में 29.40 की औसत से 588 रन बनाये है जबकि कोहली ने छह टेस्ट में 22.72 की औसत से सिर्फ 250 रन बनाये हैं। ली ने हालांकि माना कि रोहित की बल्लेबाजी के प्रदर्शन में गिरावट का एक कारण तेजी से रन बनाने की कोशिश करना भी है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह सकता कि उनकी बल्लेबाजी में तकनीकी खराबी है या नहीं। मैं उन्हें पिछले एक दशक से देख रहा हूं। मेरा मानना है कि वह मौजूदा समय में सबसे अच्छा पुल शॉट खेलते है, शायद वह थोड़ा आक्रामक रूख अपना रहे हैं।

# भारत ने द. अफ्रीका को दिया 220 रन का लक्ष्य

## तिलक की सेंचुरी ,अभिषेक शर्मा ने फिफ्टी लगाई, महाराज और सिमेलाने को 2-2 विकेट

एजेंसी

सेंचुरियन । तिलक वर्मा की सेंचुरी के दम पर भारत ने तीसरे टी-20 में 219 रन बना दिए। सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत से अभिषेक शर्मा ने 50 और तिलक ने 107 रन बना दिए। साउथ अफ्रीका से केशव महाराज और एंडिले सिमेलाने को 2-2 विकेट मिले। तिलक ने अभिषेक के साथ 107 और रिंकू सिंह के साथ 58 रन की पार्टनरशिप की। आखिर में रमनदीप सिंह ने 6 बॉल पर 15 रन की पारी खेली। 4 टी-20 की सीरीज 1-1 से बराबर है।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया की शुरूआत खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन का विकेट गंवा दिया। यहां से अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली। अभिषेक 50 रन बनाकर आउट हुए। तिलक एक एंड पर टिके रहे, उन्होंने रिंकू सिंह के साथ 58 और रमनदीप सिंह के साथ 28 रन की पार्टनरशिप की। वह 107 रन बनाकर नॉटआउट रहे। इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। भारत ने 6 विकेट खोकर 219 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए केशव महाराज और एंडिले सिमेलाने ने 2-2 विकेट लिए। एक विकेट मार्को यानसन को मिला, वहीं एक बैटर रनआउट भी हुआ। डेब्यू मैच खेल रहे रमनदीप सिंह 20वें ओवर में रनआउट हो गए। उन्होंने 6 गेंद पर 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 15 रन बनाए। उन्होंने तिलक वर्मा के साथ आखिर में 11 गेंद पर 27 रन की पार्टनरशिप की।

तिलक वर्मा ने 19वें ओवर में चौका लगाकर अपना शतक पूरा कर लिया। उन्होंने 51 गेंद पर अपने इंटरनेशनल करियर की पहली सेंचुरी लगाई। उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ सेंचुरी और रिंकू सिंह के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। 18वें ओवर में एंडिले सिमेलाने ने रिंकू सिंह को बोल्ड कर दिया। रिंकू ने 13 गेंद पर 8 रन बनाए। वह अपनी पारी में एक भी चौका नहीं लगा सके।

तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की। तिलक वर्मा ने 13वें ओवर में केशव महाराज के खिलाफ सिंगल लेकर फिफ्टी पूरी कर ली। यह उनके टी-20 करियर की तीसरी फिफ्टी रही, उन्होंने 32 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। तिलक ने अभिषेक शर्मा के साथ दूसरे



विकेट के लिए 107 रन की पार्टनरशिप भी की थी। 13वें ओवर में केशव महाराज ने हार्दिक पंड्या को छइह कर दिया। हार्दिक ने 16 बॉल पर 18 रन बनाए। महाराज ने इससे पहले अभिषेक शर्मा को स्टंपिंग आउट कराया था। भारत ने 10वें ओवर में कप्तान सूर्यकुमार यादव का विकेट भी गंवा दिया। वह एंडिले सिमेलाने के खिलाफ छक्का लगाने की कोशिश में कवर्स बाउंड्री पर कैच हो गए। सूर्या 4 गेंद पर 1 ही रन बना सके। सिमेलाने ने उन्हें दूसरे टी-20 में भी पवेलियन भेजा था। 9वें ओवर में अभिषेक शर्मा ने केशव महाराज के खिलाफ सिंगल लेकर 24 गेंद पर फिफ्टी पूरी की। इसी ओवर में वह महाराज की बॉल पर स्टंपिंग भी हो गए। अभिषेक ने तिलक वर्मा के साथ 107 रन की पार्टनरशिप की। उन्होंने 50 रन की पारी में 3 चौके और 5 छक्के लगाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन का विकेट गंवा दिया। यहां से तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा ने तेजी से रन बनाए।

दोनों ने 5वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। पावरप्ले खत्म होने के बाद दोनों ने स्कोर 70 रन तक पहुंचा दिया। पहले ही ओवर में विकेट गंवाने के बाद भारत से तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा ने पारी संभाल ली। दोनों ने पहले ओवर में 12 रन बनाए और 4 ओवर के बाद स्कोर 42 रन तक पहुंचा दिया। दोनों ने 5वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली और ओवर खत्म होने के बाद स्कोर 60 रन तक पहुंचा दिया। सीरीज के पहले मैच में शतक लगाने वाले संजू सैमसन दूसरे और तीसरे टी-20 में खाता भी नहीं खोल सके। उन्हें दोनों बार पारी के पहले ओवर में मार्को यानसन ने बोल्ड किया। सैमसन ने पहले मुकाबले में 107 रन बनाए थे। ऑलराउंडर रमनदीप सिंह को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 में डेब्यू करने का मौका मिला। उन्हें मैच से पहले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने डेब्यू कैप पहनाई। रमनदीप को कढछ और इंडिया-ए के लिए अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला। उन्हें आवेश खान की जगह तीसरे टी-20 की प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। सेंचुरियन में साउथ अफ्रीका के कप्तान ऐडन मार्करम ने सीरीज के तीसरे मैच में भी टॉस जीत लिया। उन्होंने इस बार भी बॉलिंग ही चुनी। टीम ने लेग स्पिनर पीटर की जगह तेज गेंदबाज लुथो सिपामला को प्लेइंग-11 में शामिल किया।

# ऐश्वर्य-संजीता को विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक



नयी दिल्ली। ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और संजीता दास ने बुधवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान टीम को तीसरा स्वर्ण दिलाया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में पांचवें स्थान पर रहने वाले और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स में रजत पदक जीतने वाले ऐश्वर्य अंततः स्वर्ण पदक अपने नाम करने में सफल रहे।

उन्होंने और संजीता ने किम हयोबीन और ली जुनहवान की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 17-15 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। कांस्य पदक के मुकाबले में यूलिया पित्रोवस्का और मासीज कोवालेविज की पोलैंड की जोड़ी ने माणिनी कौशिक और उमामहेश मादिनेनी की भारतीय जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 16-0 से हराया। संजीता (316.8) और ऐश्वर्य (316.2) इससे पहले कुल 633.0 अंक के साथ क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहे और फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना कोरिया की जोड़ी से हुआ जो क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही थी।

शीर्ष दो टीमों ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला हुआ। माणिनी और उमामहेश की जोड़ी क्वालीफिकेशन के बाद चौथे स्थान पर थी। उन्होंने 628.7 अंक जुटाए जबकि पोलैंड की जोड़ी ने 629.8 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में तीसरा स्थान हासिल किया। मंगलवार को भारत के युवा स्कीट निशानेबाज भवतेग सिंह गिल ने देश के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता था।

## संक्षेप

### सिनर ने फ्रिट्ज को फिर हराया, मेदवेदेव भी जीते

तूरिन (इटली)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्ऱिट्ज़ को सीधे सेटों में हराया। इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने फ्रिट्ज़ को 6-4, 6-4 से हराया। उन्होंने इस साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी अमेरिका के इस खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया था। टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करने वाले सिनर ने कहा, मुझे घरेलू कोर्ट पर खेलना पसंद है। अगर आप अपने प्रशंसकों और आपका समर्थन करने वालों को पसंद करते हैं तो इससे काफी मदद मिलती है। इससे पहले दानिल मेदवेदेव ने अलेक्स डी मिनौर को 6-2, 6-4 से हरा कर खुद को सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बनाए रखा। दुनिया के चोटी के आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में डी मिनौर अपना पहला मैच सिनर से हार गए थे।

### स्पेन-पोलैंड का मुकाबला स्थगित

मलागा (स्पेन)। स्पेन और पोलैंड के बीच बिली जीन किंग (बीजेके) कप फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के बुधवार को होने वाले पहले मुकाबले को मलागा क्षेत्र में खराब मौसम की भविष्यवाणी के कारण स्थगित कर दिया गया। आयोजकों ने कहा कि सभी प्रतिभागियों और प्रशंसकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के मार्गदर्शन में यह फैसला किया गया। पहले दौर का मुकाबला अब शुक्रवार खेला जाएगा जिस दिन जर्मनी की टीम भी ब्रिटेन से भिड़ेगी। बृहस्पतिवार को जापान और रोमानिया तथा स्लोवाकिया और अमेरिका के बीच मुकाबले होने हैं। बिली जीन कप फानइल्स और डेविस कप फाइनल्स दोनों का आयोजन दक्षिण स्पेन के इस शहर में हो रहा है। पुरुष प्रतियोगिता अगले हफ्ते शुरू होगी।

### वेस्टइंडीज व आयरलैंड की मेजबानी करेगी भारतीय टीम

मुंबई। भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप से पहले दिसंबर . जनवरी में तीन तीन मैचों की श्रृंखला के लिये वेस्टइंडीज और आयरलैंड की मेजबानी करेगी। भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ नवी मुंबई और वडोदरा में तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी जबकि जनवरी में राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलेगी। भारतीय टीम डी वाई पाटिल मैदान पर 15, 17 और 19 दिसंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 मैच खेलेगी। वडोदरा में तीन वनडे 22, 24 और 27 दिसंबर को खेले जायेंगे। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम आयरलैंड से राजकोट में 10, 12 और 15 जनवरी को तीन वनडे खेलेगी। यह वनडे श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जो अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिये क्वालीफिकेशन का जरिया भी है।

### पंत और कैरी की भूमिका होगी महत्वपूर्ण : फिंच

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का नतीजा तय करने में ज्षभ पंत और एलेक्स कैरी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी जबकि पूर्व विकेटकीपर ब्रैड हैडिन को लगता है कि भारतीय बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ेगा। फिंच को लगता है कि दोनों विकेटकीपर शीर्ष क्रम के नहीं चल पाने पर अपनी टीमों को वापसी दिलाने की क्षमता रखते हैं। फिंच ने विलो टॉक पॉडकास्ट पर कहा, मुझे लगता है कि एलेक्स कैरी और ज्षभ पंत अहम हो सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ के जशपुर में खेल स्टेडियम के निर्माण की घोषणा : मंत्री मांडविया

एजेंसी

जशपुर (छत्तीसगढ़)। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यहां एक अत्याधुनिक खेल स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की क्योंकि देश को 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की उम्मीद है। भारत ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त करते हुए एक आशय पत्र सौंपा है और यहां बनने वाले स्टेडियम को स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने के लिए तैयार किया जाएगा।

मंत्रालय की एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, एक महत्वपूर्ण घोषणा में केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के जशपुर में एक अत्याधुनिक खेल स्टेडियम की स्थापना की घोषणा की जिसे स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है जो भारत को 2036 ओलंपिक में



पदक हासिल करने की स्थिति में लाएगा। यह घोषणा भगवान बिरसा मुंडा माटी के वीर पदयात्रा की शुरुआत के दौरान की गई जो बुधवार को आयोजित की गई और इसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई के साथ राज्य के अन्य मंत्री शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समुदायों के कई खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया जिनमें क्रिकेटर आकांक्षा रानी, ताइक्कांडो एथलीट प्रतीक बाडा और पर्वतारोही नैना धाकड़ शामिल थे।

# एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना भारत का लक्ष्य

एजेंसी

हैदराबाद। भारतीय फुटबॉल टीम मुख्य कोच मनोलो मार्केज के लगभग चार महीने के कार्यकाल के बाद भी अपनी पहली जीत की तलाश में है लेकिन गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने बुधवार को उनका समर्थन करते हुए कहा कि टीम का न्यूनतम लक्ष्य अगले एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना है।

भारतीय टीम पिछले साल 16 नवंबर को विश्व कप क्वालीफायर में कुवैत को ।-0 से हराने के बाद जीत का स्वाद चखने में विफल रही है। टीम को इसके बाद 11 में से सात मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसकी रैंकिंग शीर्ष 100 के अंदर (जुलाई 2023) से फिसल कर 125वें पायदान पर पहुंच गयी। गुरप्रीत ने यहां 18 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ खेले जाने वाले मैत्री मैच से पहले कहा, जो बीत गयी, वो बात गयी। हम उसमें कुछ बदलाव नहीं कर सकते है। एक टीम के तौर पर हम हमेशा जीतना चाहते है। उन्होंने



कहा, खेल में इस तरह के समय आते रहते है। हमने ऐसा भी समय देखा है जब हम लगातार जीत रहे थे, हार नहीं रहे थे। इस गोलकीपर ने कहा, यह इस बारे में है कि आप इस स्थिति का सामना कैसे करते है और इससे परेशान नहीं होते है।

हम भाग्नशाली हैं कि हमें बार-बार अच्छा प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। हमें मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मैच में लगातार सुधार करने की जरूरत है। भारत के इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, वियतनाम के खिलाफ ड्रॉ (1-1) मुकाबले में हमारी अच्छी परीक्षा हुई थी। हमें उसी समझ और ऊर्जा को अगले मैच में ले जाने की जरूरत है। एशियाई कप 2023 में लचर प्रदर्शन के बाद पिछले मुख्य कोच इगोर स्टिमक को इस साल जुलाई बर्खास्त कर मार्केज को टीम की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। वह आईएसएल फ्रेंचाइजी एफसी गोवा का प्रबंधन भी कर रहे हैं। मार्केज की देखरेख में भारत ने मॉरीशस और वियतनाम के साथ ड्रॉ खेला और सीरिया से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान टीम को महान खिलाड़ी सुनील छेत्री के संन्यास लेने से बदलाव के दौर से गुजरना पड़ रहा है।

# पर्थ टेस्ट में कमेंट्री नहीं कर पायेंगे पोंटिंग और लैंगर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और लंबे समय तक उनके साथी रहे जस्टिन लैंगर सऊद्दी अरब में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में कमेंट्री नहीं कर पाएंगे। आईपीएल की नीलामी 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होगी। ऑस्ट्रेलियाई समाचार पत्र द एज के अनुसार, प्रतिबद्धताओं के टकराव के कारण चैनल सेवन को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ टेस्ट के कुछ हिस्सों में रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआती मैच में अपने धुर प्रशंसक की कमी खल सकती है। पोंटिंग को पंजाब किंग्स ने हाल में अपना मुख्य कोच नियुक्त किया जबकि लैंगर पहले से ही लखनऊसुपरजाइंट्स में यह भूमिका निभा रहे हैं।

# चैंपियनशिप : हरियाणा, यूपी व मणिपुर सेमीफाइनल में



एजेंसी

चेन्नई। मणिपुर, हरियाणा, ओडिशा और उत्तर प्रदेश ने बुधवार को यहां पुरुष सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल में हरियाणा की भिड़ंत उत्तर प्रदेश से होगी जबकि मणिपुर को ओडिशा के खिलाफ खेलना है। बुधवार को हुए मुकाबलों में मणिपुर ने 3-3 से मुकाबला बराबर रहने के बाद पंजाब को शूट आउट में 4-3 से हराया। हरियाणा ने अंतिम सात मिनट में रोहित (53वें, 59वें और 60वें मिनट) की हैट्रिक की बदौलत महाराष्ट्र को 5-। से शिकस्त दी। उत्तर प्रदेश को भी मेजबान तमिलनाडु के खिलाफ 3-। की जीत के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। ओडिशा ने 3-3 से मुकाबला बराबर रहने के बाद कर्नाटक को शूट आउट में 3-। से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

**एशियाई महिला चैंपियंस ट्रॉफीः थाईलैंड पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत**

राजगीर (बिहार)। अपने पहले दोनों मैच में जीत दर्ज करने से उत्साहित भारतीय टीम एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को यहां थाईलैंड के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। भारत और मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन ने अभी तक अपने दोनों मैच जीते हैं लेकिन भारतीय टीम गोल अंतर में पीछे है। चीन का गोल अंतर 20 है और वह तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत का गोल अंतर पांच है तथा वह कमजोर थाईलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके चीन और जापान के खिलाफ होने वाले दो अंतिम राउंड रोबिन मैच से पहले अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा। जापान अंक तालिका में तीसरे जबकि दक्षिण कोरिया चौथे स्थान पर है। छह टीमों के बीच खेले जा रहे इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के राउंड रोबिन चरण में चोटी पर रहने वाली चार टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। भारतीय टीम ने अभी तक दोनों मैच में गोल करने के कई



मौके बनाए लेकिन वह उतने गोल नहीं कर सकी जितने उसे करने चाहिए थे।

# शमी को नहीं मिली विकेट, बंगाल के खिलाफ मध्यप्रदेश मजबूत

इंदौर। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 360 दिनों के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी पर अपने 10 ओवर में एक भी विकेट लेने में नाकाम रहे जिससे रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में बंगाल के खिलाफ मध्यप्रदेश ने पहले दिन के खेल के बाद अपनी स्थिति मजबूत कर ली। मध्यप्रदेश ने बंगाल की पारी को 228 रन पर समेटने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 103 रन बना लिये। क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए बंगाल को इस मैच में जीत की जरूरत है। इशान पोरेल और रिशव विवेक के चोटिल होने जबकि मुकेश कुमार और आकाश दीप के राष्ट्रीय टीम के साथ होने से बंगाल का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो गया है। ऐसे में सभी की निगाहें अब शमी पर हैं, जिन्हें अपनी फिटनेस साबित करने के साथ अपनी टीम के अभियान को पटरी पर लाने के लिए जल्दी लय हासिल करनी होगी। तेज गेंदबाजों की मददगार होल्कर स्टेडियम की पिच पर 34 साल के शमी ने 10 ओवर में एक मेडन के साथ 34 रन खर्च किये। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें ऑपरेशन कराना पड़ा था।

# रणजी ग्रुप डी : झारखंड के तीन विकेट पर 136 रन

एजेंसी

नयी दिल्ली। सलामी बल्लेबाज शरणदीप सिंह के नाबाद 64 रन की मदद से झारखंड ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मौसम से प्रभावित पहले दिन धीमी गति से बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 136 रन बनाये। पिछले मैच में छत्तीसगढ से हार चुकी दिल्ली ने घरेलू मैदान पर सत्र के आखिरी मैच में नये कप्तान आयुष बडोनी की अगुवाई में टीम में कई बदलाव किये।

बडोनी ने तीन तेज गेंदबाजों मनी ग्रेवाल , सिमरजीत सिंह और सिद्धांत शर्मा से काफी गेंदबाजी कराई। तीनों को एक एक विकेट भी मिला। शरणदीप ने 183 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके लगाये। उन्होंने उत्कर्ष सिंह (86 गेंद में 46 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिये 93 रन जोड़े। पिछले तीन मैचों से बाहर रहे सिमरजीत ने इस मैच के जरिये वापसी करते हुए काफी किफायती गेंदबाजी की। झारखंड ने संभलकर शुरूआत करते हुए पहले घंटे में सिर्फ 24 रन बनाये। युवा मनी ने नजीम सिद्धीकी को स्लिप में पूर्व कप्तान हिम्मत सिंह के हाथों लपकवाया। स्पिनरों को दिन में 13 ही ओवर मिले और वे कोई विकेट नहीं ले पाये। दिल्ली की वायु गुणवत्ता बुधवार को इस मौसम में पहली बार गंभीर श्रेणी में पहुंच गई, तथा एक्यूआई बढ़कर 418 पहुंच गया। अहमदाबाद में रेलवे ने तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी में 229 रन बनाये। वहीं चंडीगढ में सौराष्ट्र



ने चंडीगढ के खिलाफ पहली पारी में दो विकेट पर 299 रन बनाये। रायपुर में असम ने छत्तीसगढ के खिलाफ पहली पारी में छह विकेट पर 264 रन बनाये।

**लोमरोर और कार्तिक के शतक, राजस्थान ने उत्तराखंड के खिलाफ चार विकेट पर 362 रन बनाये**

देहरादून। मध्य क्रम के बल्लेबाजों महिपाल लोमरोर और कार्तिक शर्मा के नाबाद शतकों से राजस्थान ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन उत्तराखंड के खिलाफ चार विकेट पर 362 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ाए।

उत्तराखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और दूसरे सत्र में राजस्थान का स्कोर चार विकेट पर 188 रन कर दिया। लोमरोर (नाबाद 141, 189 गेंद, 14 चौके, पांच छक्के) और कार्तिक (113 रन, 114 गेंद, 11 चौके, छह छक्के) ने इसके बाद पांचवें विकेट के लिए 174 रन की साझेदारी करके राजस्थान को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

# महायुति का मतलब विकास

## राहुल गांधी की चौथी पीढ़ी भी एसटी, एससी, ओबीसी का आरक्षण काटकर मुसलमानों को नहीं दे सकती: शाह



धुले। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को यह याद रखना चाहिए कि अगर उनकी चौथी पीढ़ी भी आ जाए तो वह भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण काटकर मुसलमानों को नहीं दे सकतीं।

शाह ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले उमेला समूह के लोग महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष से मिले और कहा कि मुसलमानों को आरक्षण देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर मुसलमानों को आरक्षण देना है तो एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण काट कर देना पड़ेगा। अरे राहुल बाबा (राहुल गांधी), आप तो क्या आपकी चार पीढ़ियां भी एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण काटकर मुसलमानों को नहीं दे सकतीं। शाह ने यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 को कभी बहाल नहीं किया जाएगा, चाहे कुछ भी हो जाए।उन्होंने कहा, अगर इंदिरा गांधी स्वर्ग से वापस आ भी जाती हैं तो भी अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं किया जाएगा।

महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) को औरंगजेब फैन क्लब करार देते हुए शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति गठबंधन शिवाजी महाराज और वीर सावरकर के आदर्शों पर चलता है। उन्होंने कहा, ये आघाडी केवल तुष्टिकरण करना चाहती है और उद्धव ठाकरे सत्ता के लिए बाला साहब ठाकरे जी के सिद्धांत को भूल कर बैठे हैं। उद्धव बाबू, आप उन लोगों के साथ बैठे हो जिन्होंने... औरंगाबाद का नाम संभाजी नगर करने का विरोध किया, राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, तीन तलाक हटाने का विरोध किया, अनुच्छेद-370 हटाने का विरोध किया, सर्जिकल स्ट्राइक का विरोध किया। आप हिंदुओं को आतंकवादी कहने वालों के साथ बैठे हो। शाह ने कहा कि महायुति का मतलब विकास और एमवीए का मतलब विनाश है और जनता को तय करना है कि वे विकास करने वालों को सत्ता में लाना चाहते हैं या विनाश करने वालों को। केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में वक्फ कानून का भी उल्लेख किया और कहा कि इस देश में लोग इससे परेशान हैं। उन्होंने कर्नाटक में कुछ मंदिर, किसानों की भूमि व लोगों के घरों को कथित तौर पर वक्फ की संपत्ति बताए जाने का जिक्र करते हुए कहा, हम वक्फ कानून में संशोधन का विधेयक लाए हैं लेकिन राहुल बाबा और पवार साहब (शरद पवार) इसका विरोध कर रहे हैं। राहुल गांधी, सुन लो, डंके की चोट पर प्रधानमंत्री मोदी वक्फ कानून में संशोधन करेंगे।

# गांवों और पंचायतों के सशक्तीकरण से भारत की प्रगति को बढ़ावा मिलेगा



सिलवासा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत तभी प्रगति करेगा जब उसके गांव और पंचायतें सशक्त होंगी क्योंकि देश के करीब 70 से 80 प्रतिशत लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के सिलवासा शहर में जांडा चौक पर एक सरकारी स्कूल तथा यात्री निवास फ्लाईओवर के नीचे विकास योजना के दूसरे चरण का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान की प्रस्तावना के अनुसार, हमारे राष्ट्र का लक्ष्य नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्रदान करना है। मुझे बताया गया है कि इस केंद्र शासित प्रदेश का प्रशासन क्षेत्र के लोगों के उत्थान के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है और उन प्रयासों के परिणाम अब दिखाई दे रहे हैं। मुर्मू ने कहा कि ग्राम पंचायतों की भागीदारी बेहतर शासन सुनिश्चित करने में मदद करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत गांवों का देश है क्योंकि यहां करीब 70 से 80 प्रतिशत लोग गांवों में रहते हैं। इसलिए अगर गांव और पंचायतें मजबूत होंगी तो हमारा देश प्रगति करेगा और मजबूत बनेगा।उन्होंने कहा कि वह कार्यक्रम के बाद पंचायत घर का दौरा करेंगी। मुर्मू मंगलवार से केंद्र शासित प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

संक्षेप

## ईरान में दुष्कर्म के दोषी को सरेआम फांसी

तेहरान।पिछले दो दशक में कई महिलाओं से दुष्कर्म के दोषी एक ईरानी व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया गया। ईरान के सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकारी आईआरएएन अखबार ने बताया कि देश के उच्चतम न्यायालय ने अक्टूबर की शुरुआत में मोहम्मद अली सलामत की मौत की सजा बरकरार रखी थी जिसके बाद उसे फांसी दे दी गयी। उसे मंगलवार सुबह पश्चिमी हमेदान शहर में एक कब्रिस्तान में मौत की सजा दी गयी। करीब 200 महिलाओं ने दवा की दुकान और एक जिम चलाने वाले 43 वर्षीय सलामत पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। ऐसा आरोप था कि उसने पिछले 20 वर्ष में कई अपराधों को अंजाम दिया। ईरानी मीडिया में आयी खबरों में कहा गया है कि कई मामलों में सलामत ने महिलाओं को शादी का प्रस्ताव देने के बाद या प्रेम प्रसंग के दौरान उनका दुष्कर्म किया। उसने कुछ महिलाओं को कथित तौर पर गर्भपात की दवाएं भी दीं जो ईरान में गैरकानूनी है। उसे जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। इसे ईरान में एक अपराधी द्वारा दुष्कर्म के सबसे अधिक अपराध को अंजाम देने का मामला बताया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के बाद सैकड़ों लोग शहर के न्याय विभाग के सामने एकत्रित हो गए थे।

# पाकिस्तान में आया 5.3 तीव्रता का भूकंप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में राजधानी इस्लामाबाद सहित देश के कई हिस्सों में बुधवार को 5.3 तीव्रता का भूकंप का झटका आया। देश के मौसम विभाग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 5.1 थी। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) ने इसकी तीव्रता 5.3 बताई। इस्लामाबाद में राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में हिंदुकुश पर्वत शृंखला में 220 किलोमीटर गहराई में था। यूएसजीएस और पीएमडी दोनों ने पुष्टि की कि भूकंप सुबह (पाकिस्तानी समय के अनुसार) दस बजकर 13 मिनट पर आया। भूकंप के झटकों के बाद लोग दहशत के कारण अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

अधिकारियों ने कहा कि खैबर-पख्तूनख्वा, इस्लामाबाद और पंजाब के विभिन्न इलाकों में भूकंप महसूस किया गया।

# झारखंड की छवि खराब कर रही भाजपा



रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झूठे प्रचार के माध्यम से उनकी और राज्य की छवि खराब कर रही है।

भाजपा ने सोरेन के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि झामुमो नेता ने विधानसभा चुनाव में पहले ही हार मान ली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार के खिलाफ प्रचार करने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है और उसने 95,000 व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए सोरेन ने कहा कि तानाशाहों के पास अरबों रुपये हो सकते हैं लेकिन मेरा मानना है कि अनुचित तरीकों से जीत हासिल करने के बजाय सिद्धांतों पर अड़े रहना बेहतर है। भाजपा ने कहा कि ये आरोप सोरेन की हताशा और निराशा को दर्शाते हैं। भाजपा की झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता दीपक प्रकाश ने कहा, सोरेन की पोस्ट उनकी हताशा और निराशा को दर्शाती है। उन्हें समझ आ गया है कि वह लड़ाई हार चुके हैं और निराशा में इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं। आरोप मनगढ़ंत, झूठे और सत्य से परे हैं। ये आरोप ऐसे समय लगाए गए जब राज्य में पहले चरण के तहत 81 विधानसभा क्षेत्रों में से 43 सीट के लिए मतदान हो रहा है। सोरेन ने कहा, मैं आपके समक्ष एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट पेश करना चाहता हूं। भाजपा द्वारा छद्म प्रचार के माध्यम से मेरी और राज्य की छवि को खराब करने के लिए फेसबुक पर विज्ञापन पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, पिछले 30 दिन में झारखंड चौपाल, रांची चौपाल जैसे विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट से 72 लाख रुपये के विज्ञापन दिए गए हैं।

# गाजा में 46 लोगों की मौत लेबनान में 33 लोग मारे गये



दीर अल-बला। इजराइली सेना द्वारा गत 24 घंटे में किये गए हवाई हमलों में गाजा पट्टी में 46 लोगों की मौत हो गई जबकि लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर मंगलवार को की गई बमबारी में 33 अन्य लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

गाजा के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि इलाके के उस क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया जिसे इजराइल ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया गया। गाजा में जान गंवाने वाले 46 लोगों में से 11 लोग इसी क्षेत्र के एक अस्थायी कैफेटेरिया में मौजूद थे। लेबनान में, मंगलवार को लड़ाकू विमानों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला किया और देश के अन्य हिस्सों में 33 लोगों की जान ले ली। इजराइल द्वारा नवीनतम बमबारी ऐसे समय में की गई है जब अमेरिका ने कहा है कि वह गाजा में और अधिक मानवीय सहायता भेजने की समय-सीमा बीत जाने के बाद भी इजराइल को दी जाने वाली अपनी सैन्य सहायता में कमी नहीं करेगा। लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में बड़े धमाके सुने गए। इस इलाके को दहियाह के नाम से जाना जाता है और यहां पर हिजबुल्ला की उपस्थिति मानी जाती है। इससे पहले इजराइल की सेना ने वहां 11 घरों को खाली करने की चेतावनी जारी की थी। हताहतों की संख्या के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई। इजराइली सेना ने बताया कि उसने हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है जिसमें कमान केंद्र और हथियार उत्पादन स्थल शामिल हैं, लेकिन उसने कोई सबूत नहीं दिया। इजराइली हमले में बेरूत के पूर्व में स्थित एक अपार्टमेंट बिल्डिंग ध्वस्त हो गई जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए।

# देश की आजादी में आरएसएस की कोई भूमिका नहीं थी : खरगे



लातूर (महाराष्ट्र)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी और उसके वैचारिक मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वतंत्रता संग्राम और देश की एकता में कोई भूमिका नहीं होने का आरोप लगाया।

खरगे ने सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला करते हुए नारों - बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सुरक्षित हैं की आलोचना की और इन्हें विभाजनकारी बताया। लातूर में 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करते हुए खरगे ने भाजपा नीत महायुति सरकार को चोरों की सरकार करार दिया और चुनाव में उसकी हार का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा जिन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा संविधान की पुस्तक लहराने पर सवाल उठाया था। खरगे ने कहा कि जाति जनगणना, जिसका वादा कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था, उसका उद्देश्य एकता को बढ़ावा देना और सभी वर्गों के लिए लाभों का समान वितरण करना है। उन्होंने कहा, जाति जनगणना लोगों को बांटने के लिए नहीं है। खरगे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लगाए जा रहे क्रमशः बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं के नारे की आलोचना करते हुए कहा, कांग्रेस नेताओं ने देश और सभी समुदायों को एकजुट रखने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। इसके विपरीत, भाजपा और संघ का स्वतंत्रता आंदोलन और देश की एकता में कोई योगदान नहीं था। खरगे ने कहा कि महायुति चोरों की सरकार है। विधानसभा चुनाव देशद्रोहियों को सबक सिखाने का मौका है। रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या से लेकर धन के एकीकरण जैसे मुद्दों को उठाते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर निशाना साधा।

# जो बाइडन यूक्रेन की सहायता बढ़ाने के इच्छुक : ब्लिंकन

ब्रसेल्स। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन का इरादा अपने प्रशासन के अंतिम महीनों में यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य समर्थन बढ़ाने का है।

ब्लिंकन ने यह टिप्पणी रूस द्वारा कीव पर उन्नत मिसाइल व ड्रोन हमले किए जाने के बाद की है। ब्लिंकन ने यहां नाटो मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, हम यूक्रेन के लिए जो कुछ भी कर रहे हैं, वह यह सुनिश्चित करने के लिए है कि वह इस रूसी आक्रमण के खिलाफ प्रभावी रूप से अपना बचाव कर सके। ब्लिंकन ने चेतावनी दी कि रूसी सेना के साथ युद्ध अभियानों में अपने सैनिकों को भेजने के उत्तर कोरिया के फैसले के लिए एक दृढ़ प्रतिक्रिया की आवश्यकता है और उसे इसका जवाब भी मिलेगा। उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और यूक्रेन की खुफिया एजेंसियों के आकलन के अनुसार, उत्तर कोरिया के 12,000 से ज्यादा सैनिकों को युद्ध में भेजा जा रहा है। इनमें से ज्यादातर सैनिकों को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में तैनात किए जाने की उम्मीद है, जहां यूक्रेनी सैनिकों ने एक बड़े इलाके पर कब्ज़ा कर लिया है।

## इंटरटेनमेंट...

# 100 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकीं जूही



**मुंबई**। जूही चावला आज 57 साल की हो गईं हैं। एक्ट्रेस ने 1986 में फिल्म 'सल्तनत' से इंडस्ट्री में कदम रखा। 38 साल के करियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकीं जूही एक्टिंग के साथ-साथ ब्रांड एंडोर्समेंट करती हैं। वह अपना बिजनेस भी करती हैं। जूही कढछ में कोलकाता नाइट राइडर्स की भी मालकिन हैं। ये टीम जूही ने शाहरुख खान के साथ मिलकर खरीदी है। हुरुन रिच लिस्ट 2024 के मुताबिक भारत की टॉप 5 सबसे अमीर अभिनेत्रियों में जूही चावला पहले नंबर पर हैं। उनके पास कुल 4600 करोड़ की संपत्ति है।

जूही मां के नाम से लोकप्रिय हो गई थीं मैं जूही चावला की फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' और 'नाजायज' में जूनियर असिस्टेंट डायरेक्टर था। मैंने वहां देखा कि वो ऐसी सेलिब्रेटी हैं जो हर किसी से बहुत प्यार से बात करती हैं। मैंने अपने होमटाउन जबलपुर के एक लड़के के लिए ऑटोग्राफ लिया था। लिफ्ट रोककर उन्होंने ऑटोग्राफ दिया था। तभी से हमारे बीच बहुत ही प्यारा संबंध बन गया था। इसके बाद हमने फिल्म 'जेंटलमैन' में काम किया था। इसकी शूटिंग साउथ में हुई थी। साउथ वाले तमिल में 'ह' को 'ग' उच्चारण करते हैं। वे जूही को जुगी अम्मा बोलते थे। वहीं से मैं भी उनको जूही मां बोलने लगा। शाहरुख खान भी जूही मां बोलने लगे थे मैंने जूही मां बोलना शुरू किया तो धीरे-धीरे यह बात पूरी यूनिट में फैल गई। 'फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी' की शूटिंग के दौरान शाहरुख खान और फिल्म के डायरेक्टर अजीज मिर्जा भी जूही मां कहने लगे। वो अक्सर कहती थीं कि विवेक ने एक नया नाम क्या दिया, तुम सभी लोग चिढ़ाने लगे।

मैंने समय के साथ कई लोगों को बदलते देखा है, लेकिन जूही इंडस्ट्री की एकमात्र ऐसी अभिनेत्री हैं जिनका बर्ताव कभी चेंज नहीं हुआ। वो जमीन से जुड़ी हुई हैं। गुस्से में शाहरुख को जड़ दिया था थप्पड़ फिल्म 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' की शूटिंग के दौरान फिल्म के एक्शन मास्टर एक एक्शन सीन फिल्मा रहे थे। इस एक्शन सीन को लेकर शाहरुख खान बहुत उत्साहित थे।

# मध्यप्रदेश पर्यटन का चेहरा बने पंकज त्रिपाठी



**नयी दिल्ली**। हिंदी सिनेमा के अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि मध्यप्रदेश के पर्यटन का चेहरा बनाए जाने पर वह बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। फिल्म स्त्री हो या ओह माय गॉड 2 रही हो, पंकज त्रिपाठी ने मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर शूटिंग की है। अभिनेता ने कहा कि उन्हें यात्रा की शक्ति पर भरोसा है क्योंकि यह दिमाग को खोलती है और जीवन को समृद्ध बनाती है। वह राज्य की सुंदरता को दुनिया के सामने पेश करने में मदद करने के लिए उत्साहित हैं। त्रिपाठी ने एक बयान में कहा, मध्यप्रदेश पर्यटन का चेहरा चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मध्यप्रदेश मेरे लिए सिर्फ एक गंतव्य नहीं है बल्कि यह एक ऐसी जगह है जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक रूप से अनगिनत यादें और संबंध समेटे हुए है। उन्होंने कहा, फिल्म स्त्री, स्त्री 2, लुका छुपी, ओह माई गॉड 2 और लूडो जैसी फिल्मों की शूटिंग के लिए यहां काफी समय बिताने के बाद मैंने मध्य प्रदेश की मनोरम प्राकृतिक छटा, लोगों की गर्मजोशी और अद्वितीय सांस्कृतिक समृद्धि सीधे तौर पर अनुभव किया है। त्रिपाठी ने कहा कि अछूते प्राकृतिक आश्चर्यों से लेकर भव्य वास्तुशिल्प स्थलों और जीवंत वन्य जीवन तक, मध्यप्रदेश में हर यात्री के लिए कुछ न कुछ है।

# मिसबिहेव के आरोपों को ड्वेन जॉनसन ने बताया बेबुनियाद



**मुंबई**। कुछ वक्त पहले हॉलीवुड एक्टर ड्वेन जॉनसन पर फिल्म रेड वन के सेट पर देर से आने का आरोप लगा था। साथ ही कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया था कि एक्टर सेट पर मिस बिहेव करते हैं।

अब इन सभी आरोपों पर जॉनसन ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि वह कभी-कभी सेट पर देर से पहुंचते हैं, लेकिन उतने भी लेट नहीं होते जितना कि मीडिया में बताया गया था। इसके अलावा, जॉनसन ने स्वीकार किया कि उन्होंने सेट पर पानी की बोतलों में पेशाब किया है। जीक्यू मैगजीन के साथ इंटरव्यू में ड्वेन जॉनसन ने अपनी देर से आने की आदतों पर उठे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, जो रिपोर्ट्स आई थीं, वे पूरी तरह से सही नहीं थीं। लेकिन कुछ बातें सही थीं। मैंने हमेशा कहा है कि मैं यहां हूं, आओ मुझसे पूछो, और मैं तुम्हें सच बताऊंगा।

# लाल सिंह चड्ढा के दौरान आमिर छोड़ना चाहते थे इंडस्ट्री



**मुंबई**। आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा साल 2022 में रिलीज हुई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में आमिर ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वह एक इमोशनल फेज से गुजर रहे थे।

उन्होंने इंडस्ट्री को छोड़ने का फैसला किया था। जब उन्होंने यह फैसला अपनी एक्स-वाइफ किरण राव को बताया, तो वह काफी इमोशनल हो गईं और रोने लगी थीं। बच्चों ने भी उन्हें इंडस्ट्री छोड़ने से मना किया था। इमोशनल फेज में आमिर ने छोड़ दी थी इंडस्ट्री हाल ही में आमिर और उनकी एक्स-वाइफ किरण राव हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत कर रहे थे। इस बातचीत के दौरान, एक्टर ने खुलासा किया कि यह फैसला कोविड के समय लिया था। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय एक इमोशनल फेज से गुजर रहा था। मुझे एहसास हुआ कि मैंने 18 साल की उम्र से लेकर अब तक अपनी पूरी जिंदगी सिनेमा और फिल्मों में बिता दी है। इस वजह से मैं अपने परिवार को समय नहीं दे पाया। काम की वजह से मैं कभी अपने रिश्तों - बच्चों, भाई-बहनों और परिवार के लिए समय नहीं निकाल पाया। चाहे वह किरण हो या रीना, मैं किसी को भी ज्यादा समय नहीं दे पाया।'

फैमिली को देना चाहते थे टाइम उन्हें यह एहसास लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग के दौरान हुआ, क्योंकि फिल्म की आधी शूटिंग कोविड से पहले हुई थी और बाकी शूटिंग कोविड के बाद। आमिर ने आगे कहा, 'पिछले 35 साल में मैंने कई फिल्में की हैं, लेकिन अब मैं अपने परिवार पर ध्यान देना चाहता हूं। मुझे खुशी है कि यह एहसास मुझे 56-57 साल की उम्र में हुआ, न कि 88 साल की उम्र में, क्योंकि तब बहुत देर हो चुकी होती।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com